राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 241
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
सोमवार 14 मार्च 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट
पेज 3 आगामी होली एवं अन्य त्यौहार के मद्देनजर जहाँगीरपुर चौकी प्रभारी ने किया शान्ति समिति की मीटिंग का आयोजन
पेज 5 यूपी : चुनाव खत्म होते ही हरकत में आया बिजली विभाग, बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटना शुरू
पेज 7 राष्ट्रीय शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहते हैं नए फुटबॉल खिलाड़ी

उद्घाटन



केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर 13 मार्च, 2022 को हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के बरसर में विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन करते हुए।

# योगी सरकार 2.0 पर मंथन

## पीएम मोदी से मिले योगी, बोले- यूपी को विकास की और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाएंगे

लखनऊ। योगी आदित्यनाथ दिल्ली के दौरे पर हैं। यहां उनका शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात का दौर जारी है। राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष और उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू से मुलाकात के बाद योगी, प्रधानमंत्री आवास में पीएम मोदी से मिले। यह योगी यूपी जीत के बाद पहली मुलाकात थी। करीब डेढ़ घंटे चली बैठक में योगी 2.0 कैबिनेट की पूरी रुपरेखा तय की गई है। योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री को शपथ ग्रहण समारोह में आने का न्योता दिया है।

मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने ट्वीट किया, आज योगीजी से भेंट हुई। उन्हें उत्तर प्रदेश चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत की बधाई दी। बीते 5 वर्षों में उन्होंने जन-आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अथक परिश्रम किया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आने वाले वर्षों में वे राज्य को विकास की और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। इस ट्वीट के बाद यह भी साफ हो गया है कि योगी ही यूपी के अगले सीएम होंगे।



### योगी ने पीएम का जताया आभार

पीएम मोदी के साथ योगी ने नई कैबिनेट को लेकर चर्चा की है। कहा जा रहा है नई कैबिनेट में 2024 का अक्स भी दिखेगा। जातीय के साथ क्षेत्रीय समीकरणों को भी साधा जाएगा। इस दौरान चुनाव में छुट्टा जानवरों की परेशानी का विकल्प और गन्ना किसानों को 14 दिन के भीतर भुगतान करने जैसे बड़े मुद्दों को प्राथमिकता में ध्यान दिया जाएगा।

पीएम के बाद योगी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। अमित शाह ने मिठाई खिलाकर योगी आदित्यनाथ को जीत की बधाई दी। इसके बाद योगी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पहुंचे। दोनों नेताओं ने एक दूसरे को जीत की बधाई दी। योगी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात की है। इससे पहले यूपी सदन पहुंचने पर योगी आदित्यनाथ का जोरदार स्वागत किया गया। आज उनकी दिल्ली में हाईकमान से मुलाकातों का दौर जारी है। योगी ने पहले राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष से उनके आवास पर मिले। करीब डेढ़ घंटे चले मंथन में असम के पूर्व सीएम और केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल भी मौजूद थे। इसके बाद योगी ने उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू से मुलाकात की। योगी ने उपराष्ट्रपति को यूपी चुनाव और विकास कार्यों की जानकारी दी। नायडू से मुलाकात के बाद योगी ने ट्वीट किया, आपसे (उपराष्ट्रपति) भेंट सदैव ही ऊर्जा प्रदान करती है। अपना बहुमूल्य समय प्रदान करने के लिए हार्दिक आभार माननीय उपराष्ट्रपति जी।

### नई सरकार में डिप्टी सीएम को लेकर होगी चर्चा

17वीं विधानसभा के भंग होने तथा योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देने के बाद नई सरकार के गठन की कवायद शुरू हो गई है। विधानसभा भंग होने के साथ ही विधानसभा की गठित सभी समितियां तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं। विधानसभा सचिवालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार सत्रहवीं विधानसभा के जो सदस्य विभिन्न समितियों, परिषदों व निकायों आदि में विधानसभा सदस्य की हैसियत से निर्वाचित या नामित किए गए थे, उनकी सदस्यता भी समाप्त हो गई है।

### केशव को दोबारा अहम पद देने के मूड में पार्टी

कहा जा रहा है कि इस बार दिनेश शर्मा योगी के मंत्रिमंडल से बाहर हो सकते हैं। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य चुनाव हार चुके हैं, लेकिन खबर ये भी है कि पार्टी उन्हें एक बार फिर अहम जिम्मेदारी देने के मूड में है। बताते चलें कि मौर्य के सिराथू से चुनाव हारने के बाद उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर अटकलों का दौर शुरू हो गया है। माना जा रहा है कि केशव अभी विधान परिषद सदस्य हैं। ऐसे में केशव को योगी सरकार में जगह मिलेगी या उन्हें भाजपा की राष्ट्रीय टीम में जिम्मेदारी दी जाएगी, इसका निर्णय पार्टी का शीर्ष नेतृत्व अगले सप्ताह तक करेगा।


# प्रशासन की भाषा स्थानीय हो और शिक्षा मातृभाषा में दी जानी चाहिए : नायडू

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने कहा है कि प्रशासन की भाषा स्थानीय होनी चाहिए और शिक्षा मातृभाषा में दी जानी चाहिए।

नायडू ने रविवार को यहां राज्य सभा सचिवालय की हिन्दी सलाहकार समिति की नौवीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आज तकनीक इतनी विकसित हो गई है कि अंग्रेजी भाषा से अनेक क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद साथ-साथ किया जाना संभव है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की भाषा स्थानीय होनी चाहिए और शिक्षा मातृभाषा में दी जानी चाहिए। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि अंग्रेजी का कोई विरोध नहीं है, परंतु यह बाध्यकारी नहीं होनी चाहिए।

सभी भाषाएं प्रधान हैं, परंतु, हिंदी सर्वाधिक लोगों द्वारा बोली जाती है, इसलिए इसे महत्व देना आवश्यक है। मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने वाले व्यक्ति आज बड़े पदों पर मौजूद हैं। अत: इस संबंध में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना चाहिए।

# देश में कोरोना से होने वाली मौतों की संख्या 50 से नीचे पहुंची



नयी दिल्ली। देश में कोरोना वायरस से होने वाली दैनिक मौतों की संख्या 50 से नीचे पहुंच गयी है।

देश के विभिन्न हिस्सों में पिछले 24 घंटों के दौरान कोविड-19 की वजह से 47 लोगों की मौत हुई है। इससे एक दिन पहले यानी शनिवार को इस महामारी के कारण देशभर में 100 लोगों की मौत हुई थी।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने रविवार को यहां बताया कि पिछले 24 घंटे में देश में 20 लाख 13 हजार 275 कोविड टीके लगाये गये हैं। इसके साथ ही आज सुबह सात बजे तक 180 करोड़ 13 लाख 23 हजार 547 कोविड टीके दिये जा चुके हैं।

मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के तीन हजार 116 नये मरीज सामने आये हैं। इनके साथ ही देश के विभिन्न अस्पतालों में उपचार करवा रहे कोरोना रोगियों की संख्या 38 हजार 69 रह गयी है। यह संक्रमित मामलों का 0.09 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 0.41 प्रतिशत हो गयी है।

मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में पांच हजार 559 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 24 लाख 37 हजार 72 लोग कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.71 प्रतिशत है। देश में पिछले 24 घंटे में सात लाख 61 हजार 737 कोविड परीक्षण किए गये हैं। देश में अब तक कुल 77 करोड़ 77 लाख 58 हजार 414 कोविड परीक्षण किए गये हैं। वहीं देश में मृत्यु दर अभी 1.20 प्रतिशत है।

केरल में पिछले 24 घंटे में सक्रिय मामलों में 980 की कमी आने के बाद इनकी संख्या घटकर 10350 रह गयी। वहीं, 2037 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों की संख्या 6443070 हो गई है, जबकि मृतकों का आंकड़ा 66793 हो गया है।

महाराष्ट्र में सक्रिय मामले 203 घटकर 6725 रह गए हैं। इस दौरान राज्य में 525 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 7720474 हो गयी। राज्य में मृतकों का आंकड़ा 1,43,752 तक पहुंच गया है।

कर्नाटक में सक्रिय मामलों की संख्या 141 घटकर 2661 रह गई है। इस दौरान 275 मरीजों के ठीक होने से इस महामारी से निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 3900963 हो गई है। वहीं राज्य में दो और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 40,018 हो गया है।

तमिलनाडु में इस दौरान सक्रिय मामले 160 घटकर 1301 रह गये है। वहीं 265 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी से मुक्त होने वालों की कुल संख्या 341249 हो गई है, जबकि मृतकों का आंकड़ा 38,023 है।

पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम में सक्रिय मामले 79 घटकर 3352 रह गए हैं और कोरोना मुक्त होने वालों की कुल संख्या 216764 हो गई है, जबकि मृतकों का आंकड़ा 670 है।

पश्चिम बंगाल में इस दौरान सक्रिय मामले 40 घटकर 1502 रह गए हैं तथा मृतकों का आंकड़ा 21,186 पर स्थिर है।

राज्य में अभी तक 1993681 मरीज संक्रमण मुक्त हो चुके हैं।उत्तर प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मामले 86 घटकर 1401 रह गए हैं और संक्रमण से निजात पाने वालों की कुल संख्या 2044930 हो गई है, वहीं मृतकों का आंकड़ा 23,491 हो गया है।

### कोविड टीकाकरण में 180.13 करोड़ टीके लगे

**पिछले 24 घंटे में देशभर में 20 लाख से अधिक कोविड टीके लगाये गये है। इसके साथ ही कुल टीकाकरण 180.13 करोड़ से अधिक हो गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने रविवार को यहां बताया कि पिछले 24 घंटे में देश में 20 लाख 13 हजार 275 कोविड टीके लगाये गये हैं। इसके साथ ही आज सुबह सात बजे तक 180 करोड़ 13 लाख 23 हजार 547 कोविड टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के तीन हजार 116 नये मरीज सामने आये हैं। इनके साथ ही देश के विभिन्न अस्पतालों में उपचार करवा रहे कोरोना रोगियों की संख्या 38 हजार 69 रह गयी है। यह संक्रमित मामलों का 0.09 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 0.41 प्रतिशत हो गयी है। मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में पांच हजार 559 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 24 लाख 37 हजार 72 लोग कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.71 प्रतिशत है। देश में पिछले 24 घंटे में सात लाख 61 हजार 737 कोविड परीक्षण किए गये हैं।**

## कांग्रेस सांसद में उठाएगी यूक्रेन, वहां से लौटे छात्रों, बेरोजगारी और किसानों के मुद्दे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण की कल से हो रही कार्यवाही के दौरान किसानों, बेरोजगारी और यूक्रेन से लौटे छात्रों के साथ ही कई अन्य मुद्दे उठाएगी और इस पर सरकार से जवाब मांगेगी। कांग्रेस संसदीय दल की रविवार को यहां पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी के आवास पर हुई वरिष्ठ नेताओं की बैठक में इन मुद्दों को संसद में उठाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि इसमें संसद के कल से शुरू हो रहे सत्र में उठाये जाने वाले मुद्दों को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि पार्टी संसद सत्र के दौरान महंगाई, बेरोजगारी, किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी, यूक्रेन से लौटे छात्रों के भविष्य से जुड़े मुद्दों के साथ ही यूक्रेन में जारी संघर्ष के मामले को संसद के दोनों सदनों में उठाएगी। श्रीमती गांधी की अध्यक्षता में हुई बैठक में श्री खड़गे के अलावा लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, सर्वश्री राहुल गांधी, एके एंटनी, आनंद शर्मा, जयराम रमेश, के. सुरेश, मनीष तिवारी और श्रीमती अंबिका सोनी सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया।

# पंजाब में आप का विजय जुलूस

## रोड शो में केजरीवाल के बॉडीगार्ड बने भगवंत मान









अमृतसर। पंजाब में आम आदमी पार्टी की जबरदस्त जीत पर आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल और सूबे के भावी सीएम भगवंत ने अमृतसर में रोड शो किया। इस दौरान शहर के कचहरी चौक से नॉवल्टी चौक तक दोनों नेता गाड़ी में बैठकर निकले। जबकि चुने गए अन्य विधायक व सीनियर नेताओं को पीछे अलग ट्रक में जगह दी गई। रोड शो में भगवंत मान केजरीवाल के बॉडीगार्ड बने रहे और उनके पीछे साए की तरह खड़े रहे।

### मान बोले- हुकूमत वो करते हैं जो दिलों पर राज करते हैं

नॉवल्टी चौक पर भगवंत मान और केजरीवाल ने रोड शो ख्त्म करते हुए संयुक्त रूप से संबोधित किया। उन्होंने 92 सीटों पर जीत दिलाने के लिए पंजाब के लोगों का धन्यवाद किया। वहीं मान ने कहा कि रिवायतें तोड़कर आम आदमी पार्टी नई पहल करेगी और पंजाब का विकास करेंगे। मान ने कहा कि उन्हें पंजाब पूरा विश्वास था कि उनकी सरकार बनेगी। उन्होंने एक बार फिर सीएम ऑफिस में बाबा साहेब और भगत सिंह की तस्वीर लगाने की बात दोहराई। लोगों का आभार जताते हुए कहा कि हुकूमत वो करते हैं, जो दिलों पर राज करते हैं।

रोड शो की समाप्ति पर संबोधन के दौरान केजरीवाल ने जीत के लिए पंजाब के तीन करोड़ लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया को यकीन नहीं हो रहा। दुनिया मानती है कि पंजाबी हमेशा ही इंकलाब करते हैं, पर इतना बड़ा इंकलाब। किसी को भी विश्वास नहीं हो रहा कि सारे दिग्गज हार गए। सुखबीर हार गए, प्रकाश सिंह बादल हार गए, कैप्टन हार गए, सिद्धू हार गए।

केजरीवाल ने कहा कि पंजाब को कई सालों बाद भगवंत मान के रूप में एक ईमानदार मुख्यमंत्री मिला है। हमारी पार्टी का कोई विधायक यदि कोई गड़बड़ करेगा तो उसे बख्शेंगे नहीं। उन्होंने कहा कि एक-एक गारंटी पूरी होगी, बस कुछ में टाइम लग सकता है। 16 मार्च को भगवंत मान सीएम नहीं बनेंगे बल्कि पंजाब का एक-एक बच्चा मुख्यमंत्री बनेगा। उन्होंने पंजाब के सभी लोगों को खटकड़कलां में शपथ ग्रहण कार्यक्रम के लिए आमंत्रित भी किया। नॉवल्टी चौक पर ही आम आदमी पार्टी का विजय जुलूस खत्म हो गया।

### 16 मार्च सभी बसंती पग पहनकर पहुंचे

भगवंत मान ने सोगंध समारोह में हर पंजाब को निमंत्रण दिया है। वहां सभी पंजाबी पहुंचे और बसंती रंग की पग पहनकर पहुंचे। भगत सिंह की सोच को सलाम करना है और उनकी सोच को घर-घर पहुंचाने की सोगंध खानी है। सोगंध सिर्फ वह नहीं, सभी उठाएंगे और सभी मुख्यमंत्री बनेंगे।

### रंग दे बसंती पर झूमते रहे वर्कर

पूरे रोड-शो में शहीद भगत सिंह को समर्पित गीत मेरा रंग दे बसंती चोला बजता रहा। जिसने आप कार्यकर्ताओं का जोश और बढ़ा दिया। कोई झंडा लेकर झूमता रहा तो कोई मदमस्त होकर नाचता रहा। अपने प्रिय नेताओं को देख वर्करों में खासा उत्साह देखने को मिला।

### चुने विधायकों से दोनों ने बनाई दूरी

इस दौरान भगवंत मान और केजरीवाल ने चुने गए सभी विधायकों से दूरी बना रखी है। रोड शो में भी विधायक अलग अलग गाड़ियों में बैठे हुए हैं। करीब 15 हजार से अधिक लोग रोड शो के दौरान केजरीवाल और मान की गाड़ी को घेरे हुए साथ चल रहे हैं।

### पहले धार्मिक स्थलों पर नतमस्तक हुए

अमृतसर के इनकम टैक्स चौक से होकर अब उनकी गाड़ी माल रोड स्कूल के पास पहुंच गई है। कचहरी चौक से रोड शो करीब 2:00 बजे शुरू हुआ। केजरीवाल और भगवंत मान रोड शो में मुख्य गाड़ी पर सवार हैं और उनके पीछे लंबी कतार है। उनकी गाड़ी के साथ भारी संख्या में कार्यकर्ता चल रहे हैं। रोड शो अमृतसर के कचहरी चौक से निकल कर इनकम टैक्स चौक को क्रॉस कर माल रोड सरकारी स्कूल के पास पहुंच चुका है। पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया भी इस रोड शो में पहुंचे हुए हैं।

इससे पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ भगवंत मान ने दरबार साहिब, दुर्ग्याणा मंदिर और रामतीर्थ में अपना शीश नवाया। वहीं जलियांवाला बाग में भी उपस्थिति दर्ज करवाई और शहीदों को श्रद्धांजलि दी। सबसे अंत में केजरीवाल, भगवंत मान रामतीर्थ गए और वहां से कचहरी चौक पहुंचकर आप का विजयी जुलूस रोड शो शुरू किया।

दुर्ग्याणा मंदिर में पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांता चावला ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को गले लगाया।इससे पहले दोनों ने स्वर्ण मंदिर में शीश झुकाया। दरबार साहिब में नतमस्तक होने के बाद उन्होंने जलियांवाला बाग में श्रद्धांजलि अर्पित की।

कांग्रेस कार्य समिति

## अभी सोनिया गांधी ही नेतृत्व करती रहेंगी, खड़गे बोले- पार्टी को मजबूत करने पर चर्चा हुई

# पांच राज्यों में कांग्रेस की हार पर मंथन, कांग्रेस कार्य समिति की मीटिंग खत्म

नई दिल्ली। पांच राज्यों में कांग्रेस को मिली करारी हार पर मंथन के लिए कांग्रेस कार्य समिति की बैठक खत्म हो गई है। बैठक में तय हुआ है कि सोनिया गांधी कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष बनी रहेंगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि बैठक में मौजूद सभी नेताओं ने सोनिया गांधी के नेतृत्व पर भरोसा जताया है। सुरजेवाला ने कहा कि पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव समेत अगले सभी विधानसभा चुनाव में चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है।



वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सोनिया गांधी के नेतृत्व पर सभी को भरोसा है। वह पार्टी का नेतृत्व करती रहेंगी। बैठक में पार्टी को मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा हुई। वहीं, CWC की बैठक में गुलाम नबी आजाद, दिग्विजय सिंह समेत वरिष्ठ नेताओं ने दिए सुझाव दिए कि चुनाव में कहां गलती हुई इसपर मंथन करना जरूरी है।

बैठक से पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मीडिया से कहा कि राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी की कमान संभाले। उन्होंने कहा कि हार से घबराने की जरूरत नहीं है। भाजपा चुनाव के समय में हिंदु-मुस्लिम करती है और बेरोजगारी, महंगाई जैसे मुद्दों को पीछे कर देती है।

कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक के दौरान कांग्रेस हेडक्वाटर्स के बाहर कार्यकर्ता जमा हुए और उन्होंने राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाए जाने को लेकर नारेबाजी की। इसके साथ ही उन्होंने प्रियंका गांधी के समर्थन में भी नारे लगाए।

### लीडरशिप में बदलाव की खबरों को पार्टी ने खारिज किया

इससे पहले, पार्टी के प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने पार्टी की लीडरशिप में बदलाव की खबरों को खारिज कर दिया है।

उन्होंने एक ट्वीट करके कहा- 'कथित इस्तीफे की खबर पूरी तरह से अनुचित, शरारती और गलत है। एक टीवी चैनल भाजपा के कहने पर काल्पनिक स्त्रोतों के आधार पर कहानियां पेश कर रहा है।'

### लीडरशिप से असंतुष्ट सदस्य भी बैठक में शामिल

सभी की निगाहें पार्टी प्रमुख सोनिया गांधी, राहुल और प्रियंका पर हैं।

बैठक में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के वे सभी सदस्य भी मौजूद हैं, जिनकी पांच राज्यों के चुनावों में प्रत्याशी चुनने से लेकर चुनाव मैनेजमेंट तक में प्रमुख भूमिका रही। कांग्रेस नेतृत्व से असंतुष्ट नेताओं के समूह जी-23 के सदस्य गुलाम नबी आजाद और आनंद शर्मा भी CWC के सदस्य हैं।

## शार्ट न्यूज

### आसनसोल में शत्रुघ्न सिन्हा होंगे तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार

**कोलकाता।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और बॉलीवुड के जाने माने कलाकार शत्रुघ्न सिन्हा आसनसोल लोकसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार होंगे। पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी ने रविवार को इसकी घोषणा की। ममता बनर्जी ने अपने ट्विटर हैंडल पर घोषणा की कि भाजपा छोड़ने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री और गायक बाबुल सुप्रियो जो पिछले साल तृणमूल के सदस्य बने, बालीगंज विधानसभा सीट के उप चुनाव में उम्मीदवार होंगे। उप चुनाव 12 अप्रैल को होंगे और वोटों की गिनती 16 अप्रैल को होगी।

### पीएफ ब्याज दरों में कटौती केंद का जनविरोधी कदम : ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कर्मचारी भविष्य निधि की ब्याज दरों में कटौती को लेकर रविवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और इसे जनविरोधी और श्रमिक विरोधी कदम करा दिया। बनर्जी ने ट्वीट किया, उत्तर प्रदेश में विधान सभा चुनाव जीतने के तुरंत बाद केंद्र की भाजपा सरकार कर्मचारियों के लिए उपहार कार्ड लेकर आई है। भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर को चार दशक में अब तक के सबसे कम करने का प्रस्ताव किया है। उन्होंने आगे कहा कि जन-विरोधी और मज़दूर-विरोधी यह कदम केंद्र सरकार की एकतरफा सार्वजनिक नीतियों को उजागर करता है, जो किसानों, श्रमिकों और मध्यम वर्गों की कीमत पर बड़े पूंजीपतियों के हितों की रक्षा करता है। उन्होंने कहा कि सभी को एकजुटता के साथ सरकार की इस तरह की नीतियों को विफल करने के लिए आगे आना चाहिए।

### जम्मू में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र का हुआ उद्घाटन

चेन्नई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ जम्मू (सीयूजी) के अंतरिक्ष विभाग ने अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में अनुसंधान के लिए विश्वविद्यालय परिसर में सतीश धवन अंतरिक्ष विज्ञान केंद्र की स्थापना की है। केंद्र का नाम जाने-माने अंतरिक्ष वैज्ञानिक, शिक्षक एवं इसरो के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर सतीश धवन के नाम पर रखा गया है, जो जम्मू-कश्मीर से ताल्लुक रखते थे। सतीश धवन अंतरिक्ष विज्ञान केंद्र का उद्घाटन केंद्रीय अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने शनिवार को इसरो में अंतरिक्ष विभाग के अध्यक्ष और सचिव सोमनाथ.एस, इसरो के पूर्व अध्यक्ष और स्पेस कमीशन के सदस्य डॉ.के.राधाकृष्णन और सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ जम्मू के कुलपति प्रोफेसर संजीव जैन की उपस्थिति में किया। डॉ. सिंह ने इस अवसर पर कहा कि यह जम्मू में अंतरिक्ष क्षेत्र में शिक्षाविदों, उद्योगपतियों और स्टार्ट-अप्स के लिए नयी संभावनाएं उत्पन्न करेगा। उन्होंने कहा कि तकनीकी के हर क्षेत्र में अंतरिक्ष अनुप्रयोगों की जरूरत पड़ती है और आने वाले दिनों में एक समय ऐसा आएगा जब अंतरिक्ष हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा बन जाएगा। इस केंद्र में भू-स्थानिक आंकड़ा विश्लेषण, खगोल भौतिकी, प्राकृतिक आपदाओं और अन्य अनुसंधान के लिए विभिन्न प्रयोगशालाएं हैं।

### नागालैंड लोक अदालत में 248 मामलों का हुआ निपटारा

कोहिमा। नागालैंड में शनिवार को समझौते के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत में सूचीबद्ध 1001 मामलों में से 248 मामले का निपटारा किया गया। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। मामले से संबंधित समझौता राशि 3,66,22,776 रुपए है। नागालैंड राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण (एनएसएलएसए) के जनसंपर्क सहायक केथोलेनो नेहु द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह 2021-22 के लिए अदालत का चौथा-तिमाही सत्र था। मामलों के निपटान में सफलता मध्यस्थता, सुलह और सौहार्दपूर्ण प्रयासों के माध्यम से प्राप्त की गयी। यह निपटान राशि वह राशि है जिस पर विवाद में शामिल वादियों या पक्षों के बीच भुगतान के लिए पारस्परिक रूप से सहमति बनी है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इसमें फाइल मनी, बैंक रिकवरी मनी, मनी सूट, मुआवजे का पैसा और अन्य भुगतान शामिल हैं।

### पीआरटीसी को लाभ में चलाने के लिए सरकार कदम उठाएं : शिवा

पुडुचेरी। केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विपक्ष के नेता और द्रमुक पुडुचेरी इकाई के संयोजक आर शिवा ने रविवार को सरकार से पुडुचेरी सड़क परिवहन निगम (पीआरटीसी) में प्रशासनिक खामियों को दूर करने और इसे लाभ में चलाने के लिए तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया। श्री शिवा ने यहां एक बयान में कहा कि पीआरटीसी में 800 कर्मचारी हैं, जिससे 100 बसों का संचालन किया जा सकता है हालांकि निगम केवल 40 बसों का ही संचालन कर रहा है। उन्होंने कहा कि पुडुचेरी से चेन्नई के लिए ईसीआर के माध्यम से करीब 12 बसें हैं, लेकिन अभी केवल छह बसें संचालित की जा रही हैं। द्रमुक नेता ने चेन्नई की यात्रा के बाद कहा कि बसों की मरम्मत की जा रही है। इसी प्रकार नागरकोइल सहित कई मार्गों को रोक दिया गया जिससे निगम को राजस्व की हानि हुई। वर्ष 2005 में लगे 50 संविदा कर्मचारी अब भी संविदा पर ही हैं और अन्य 50 कर्मचारी सरकार के अन्य विभागों में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि परिवहन मंत्री चंडीरा प्रियंगा ने पिछले बजट में घोषणा की थी कि पीआरटीसी के लिए 200 बसें खरीदी जाएंगी। श्री शिवा ने कहा कि 2022-23 के लिए अगला बजट जल्द ही पेश होने जा रहा है लेकिन अब तक एक भी बस नहीं खरीदी गई थी। उन्होंने मांग की कि ठेका कर्मियों को नियमित किया जाए, दो साल से लंबित बोनस और वेतन का भुगतान तत्काल किया जाए, 200 बसें खरीदी जाएं और निगम में प्रशासनिक खामियों को ठीक किया जाए।

### आंध्र में कार के पुलिया से टकराने से एक परिवार के पांच सदस्यों की मौत




**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में विजयवाड़ा-हैदराबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को एक कार के पुलिया से टकरा जाने से एक परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गयी जिनमें छह महीने का शिशु भी शामिल है। पुलिस ने बताया कि हैदराबाद के हुडा कालोनी निवासी परिवार एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कार से पश्चिम गोदावरी जिले के जंगारेड्डीगुडेम जा रहा था। उनकी पहचान कुटुंबा राव, उनकी पत्नी मरतम्मा, शांति, इंदिरा और छह माह के प्रिंस के तौर पर की गयी है। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल कार चालक को जग्गय्यपेटा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज करके शव को सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### कोलकाता की टेनरी में आग लगने से दो घायल

**कोलकाता।** कोलकाता के पूर्वी इलाके में शनिवार को एक टेनरी (चमड़े का कारखाना) में आग लगने से दो दमकलकर्मी घायल हो गए। पुलिस अधिकारी ने यूनीवार्ता को बताया कि शाम के समय लगी भीषण आग पर छह घंटे बाद भी काबू नहीं पाया जा सका है। वहीं, फैक्ट्री का ओवरहेड शेड गिरने से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। टेनरी के पास के घरों और बहुमंजिला अपार्टमेंट के सभी लोगों को एहतियात के तौर पर खाली करा लिया गया है। जानकारी के अनुसार, आग सबसे पहले मेहर अली लेन स्थित टेनरी में शाम करीब साढ़े छह बजे लगी। ज्वलनशील पदार्थों के कारण आग पूरी फैक्ट्री में तेजी से फैल गयी। दमकल अधिकारी ने कहा कि उनके दो जवान आग बुझाने के दौरान घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा, करीब 15-16 दमकल की गाड़ियां मौके पर मौजूद है। आग की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे राज्य के अग्निशमन सेवा मंत्री सुजीत बोस ने कहा कि संकरी गली ने दमकल कर्मियों का काम मुश्किल कर दिया है। मंत्री ने कहा, दमकलकर्मी अपना सर्वश्रेष्ठ काम कर रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि कोई भी फैक्ट्री में नहीं फंसा है।

## तमिलनाडु : छात्रों के सामने डांट कर लिखित माफी मांगने को कहा

# छात्रा ने कर ली आत्महत्या; 2 प्रोफेसर गिरफ्तार

नई दिल्ली। तमिलनाडु में एक छात्रा ने आत्महत्या कर ली। घटना तेनसाकी की है।

बताया जा रहा है कि लड़की ने इसलिए आत्महत्या कर ली क्योंकि उसके प्रोफेसर ने उससे लिखित तौर से माफी मांगने के लिए कहा था। शनिवार को छात्रा का शव उसके कमरे में लटकता हुआ मिला है। बताया जा रहा है कि छात्रा की मां उनके कमरे में यह देखने



गई थीं कि क्या वो कॉलेज जाने के लिए तैयार हैं। लेकिन बेटी के कमरे में पहुंचने के बाद वो दंग रह गईं।

पुलिस ने एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। इस सुसाइड नोट में छात्रा ने लिखा है कि उसपर क्लास में सेलफोन लेकर आने का आरोप था।

छात्रा के मुताबिक इसके बाद दो प्रोफेसरों ने उसे डांट लगाई थी और कुछ ऐसी बातों के लिए भी डांटा था जिसमें उसकी कोई गलती नहीं थी। छात्रा से लिखित तौर पर माफी मांगने के लिए भी कहा गया था।

18 साल की इस छात्रा ने लिखा है कि प्रोफेसर ने दूसरे अन्य छात्रों के सामने उन्हें डांट लगाई थी। इस मामले में छात्रा के परिजनों ने विरोध प्रदर्शन भी किया। परिजनों ने पूरे मामले में इंसाफ की मांग की है।

बहरहाल अब इस मामले में पुलिस ने एक केस दर्ज कर लिया है और दोनों प्रोफेसरों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में आगे की जांच जारी है।

## पंजाब: गौवध के विरोध में गढ़शंकर में प्रदर्शन

होशियारपुर। पंजाब के होशियारपुर जिले में टांडा शहर के निकट झांस गांव में शनिवार को कथित गौवध की घटना के खिलाफ श्री कृष्ण गौशाला के स्वयंसेवकों ने चंदरभान के नेतृत्व में रविवार को गढ़शंकर में बंगा चौक पर धरना दिया और एक घंटे तक यातायात जाम रखा। प्रदर्शनकारी घटना के असली आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। गढ़शंकर के पुलिस उपाधीक्षक नरिंदर सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर आश्वासन दिया। जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। जानकारी के अनुसार, शनिवार को झांस गांव में चौलांग रेलवे क्रॉसिंग पर 19 गायों के कंकाल मिले। आरोप है कि अज्ञात लोगों ने गौवध करने के बाद खाल हटा दी थी और भागने से पूर्व खालें अपने साथ ले गये। पंजाब के मनोनीत मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पुलिस महानिदेशक को घटना की गहन जांच व इस जघन्य अपराध के दोषियों के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। असामाजिक तत्वों को ऐसे अमानवीय कृत्यों को करने से रोका जाना चाहिए, ताकि कानून व्यवस्था को हर हाल में कायम रखा जा सके और कहा है कि किसी को भी ऐसी घिनौनी कार्यवाहियों से राज्य के शांतिपूर्ण माहौल को ख़राब करने की हरगिज़ इजाज़त नहीं दी जाएगी।

## मणिपुर के जिरीबाम जिले में इंटरनेट, एसएमएस सेवाएं बंद

**इंफाल।** मणिपुर के जिरीबाम जिले में चुनाव के बाद हिंसा को रोकने के लिए ऐहतियात के तौर पर इंटरनेट और एसएमएस सेवाओं को पांच दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। राज्य के विशेष सचिव (गृह) एच ज्ञान प्रकाश ने सरकारी आदेश में कहा है कि जिरीबाम जिले में संपत्ति के नुकसान सहित हिंसक घटनाओं की एक श्रृंखला को अंजाम दिया गया। इससे जीवन के नुकसान या सार्वजनिक / निजी संपत्ति को नुकसान और सार्वजनिक शांति एवं सांप्रदायिक सद्भाव के लिए व्यापक प्रसार गड़बड़ी का एक आसन्न खतरा है, जिसके परिणामस्वरूप भड़काऊ सामग्री और झूठी अफवाहें, जो मोबाइल सेवाओं, एसएमएस सेवाओं और डोंगल सेवाओं पर सोशल मीडिया / मैसेजिंग सेवाओं के माध्यम से जनता को प्रसारित की जा सकती है। आदेश में कहा गया है कि शांति और सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने और सार्वजनिक/निजी संपत्ति को होने वाले नुकसान या खतरे को रोकने के लिए इंटरनेट सेवाओं को बंद करने का निर्णय लिया गया है। वहीं सभी इंटरनेट सेवा प्रदाताओं को आदेश का पालन करने को कहा गया है। जिरीबाम जिले में 10 मार्च को राज्य विधानसभा चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद जनता दल और भाजपा के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की सूचना मिली थी।

## सीआरपीएफ जवानों की हत्या में शामिल आतंकवादी समेत दो गिरफ्तार

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रविवार को दावा किया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान की हत्या में शामिल एक आतंकवादी और उसके साथी को गिरफ्तार किया गया है।

दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमृत पॉल सिंह ने रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सीआरपीएफ के जवान मुख्तार अहमद डोई पर पीछे से हमला किया गया और उन पर तीन राउंड गोलियां चलाई गईं।

मुख्तार के मारे जाने के बाद पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने इलाके की घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान पुलिस ने एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया जिसकी पहचान रुखसार अहमद थोकर के रूप में हुई है।

एसएसपी ने कहा, उसके खुलासे पर, एक पिस्तौल बरामद की गई और आमिर अहमद दीवान के रूप में पहचाने जाने वाले एक ओवर ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) को भी गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि वारदात में प्रयुक्त बाइक भी जब्त कर ली गई है।

उन्होंने कहा, यह हमला लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के कमांडर आबिद रमजान शेख के इशारे पर किया गया था। हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति सुनिश्चित करने के लिए आतंकवाद विरोधी अभियान जारी रहेगा।

उन्होंने कहा कि शोपियां जिले में स्थिति सामान्य है और किसी को भी इसे निष्क्रिय करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

पंचों और सरपंचों की सुरक्षा को लेकर एसएसपी ने कहा कि श्रीनगर के साथ-साथ शोपियां जिले में भी जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

इससे पहले, पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) विजय कुमार ने कहा कि उन्होंने दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में शनिवार को सीआरपीएफ जवान मुख्तार अहमद की गोली मारकर हत्या करने वाले एक आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्तार को उस समय गोली मारी गयी जब वह छुट्टी पर घर पर था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आतंकवादी के खुलासे से अपराध में प्रयुक्त एक पिस्तौल भी बरामद हुई है।

शनिवार को आतंकवादियों ने मुख्तार को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया।

## अवैध शस्त्र बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**नैनीताल।** उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जिले के गदरपुर में विशेष अभियान समूह (एसओजी) व पुलिस की टीम ने जंगल में छापा मार कर अवैध शस्त्र बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। मौके से दस अवैध तमंचे भी बरामद किये गये हैं। साथ ही धंधे में लिप्त तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

उधमसिंह नगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एसओजी को गदरपुर के आर्यनगर में अवैध असलाह बनाने वाली फैक्ट्री के बारे में सूचना मिली। पुलिस की पुष्टि में सूचना सही निकली। पुलिस को यह भी पता चला कि कुख्यात तस्कर दर्शन सिंह इस धंधे का मास्टर मांइड है। इसके बाद आरोपियों को पकड़ने के लिये एसओजी व पुलिस की टीम ने एक संयुक्त ऑपरेशन चलाया।

आरोपियों की धरपकड़ के लिये तीन टीमें गठित की गयीं। शनिवार रात को तीनों टीमों की ओर से एक साथ गदपुर के आर्यनगर के जंगल में स्थित अवैध फैक्ट्री पर छापा मारा गया। पुलिस ने मौके पर से तस्करों का सरगना दर्शन सिंह के अलावा मेहर सिंह व महेन्द्र सिंह निवासी गुलाब का मजरा, केलाखेड़ा, उधमसिंह नगर को दबोच लिया।

आरोपी वन विभाग की चौकी के पास एक खेत में लंबे समय से अवैध असलाह बनाने का धंधा कर रहे थे। मौके पर से कुछ लोग अंधेरे का फायदा उठा कर फरार होने में कामयाब रहे। पुलिस ने 10 अवैध तमंचे भी मौके से बरामद किये हैं। पुलिस को यह भी पता चला कि आरोपी अवैध हथियारों की तस्करी रूद्रपुर, गदरपुर, दिनेशपुर, हल्द्वानी, रामपुर में करते रहे हैं। पांच हजार रुपये में तमंचा व 15 हजार रुपये में बंदूक की आपूर्ति करते थे।

फरार आरोपियों में धर्मेन्द्र सिंह, काका निवासी कलकत्ती, गदरपुर व गुरनाम सिंह शामिल हैं। पुलिस ने खुलासा किया कि आरोपी शातिर किस्म के अपराधी हैं और उन पर कई आबकारी व शस्त्र अधिनियम के तहत कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने खुलासा किया कि गिरोह का सरगना दर्शन सिंह अवैध असलाहों के निर्माण के मामले में पांच बार पहले भी जेल की हवा खा चुका है। पुलिस की ओर से आरोपियों के खिलाफ अवैध शस्त्र अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई अमल में लायी जा रही है।

## बीएसएफ ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर दो पाक घुसपैठिये गिरफ्तार किए




अमृतसर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने अमृतसर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर दो पाकिस्तानी घुसपैठियों को गिरफ्तार कर उनके पास से दो किलो 760 ग्राम हेरोइन तथा अन्य सामान बरामद किया है।

बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी ने रविवार को बताया कि सुरक्षा बल के जवानों ने सीमा पर लगी कंटीली तार के पास पाकिस्तान की ओर से घुसपैठ कर रहे दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों की तलाशी लेने पर एक पैकेट प्रतिबंधित हेरोइन (कुल वजन - लगभग 2.760 किलोग्राम), 40 रुपये की पाक मुद्रा, एक सिम के साथ मोबाइल फोन, दो चमड़े की जैकेट, दो कपड़े की जैकेट, एक टोपी, दो शॉल और चार चाबियां बरामद की गईं।

## हत्या के आरोपी को 24 घंटे में किया गिरफ्तार

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर की क्रिश्चियनगंज थाना क्षेत्र में हुई हत्या के आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे में गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। अजमेर पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि 12 मार्च की शाम माकडवाली क्षेत्र के रहनेवाला शिवराज की हत्या कर दी गई। परिवार की शिकायत और हत्या को गम्भीरता से ले पुलिस ने त्वरित कार्यवाही शुरू की , जिसमें हत्यारे के पृथ्वीराज नगर , पंचशील पहाड़ियों पर छिपे होने की जानकारी सामने आई।

पुलिस ने पहाड़ी क्षेत्र तलाशी तेज कर हत्या के आरोपी रामरत्न उर्फ अर्जुन वाल्मीकि (38) निवासी पदमपुरा रोड ग्राम माकड़वाली, अजमेर को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि हत्यारे की खोज में थानाधिकारी डा. रवीशकुमार और उनकी टीम की अहम भूमिका रही। हत्या के शिकार और हत्यारा रिश्ते में भाई है।

## यूक्रेन में युद्ध ने 25 लाख को बनाया शरणार्थी : यूनाइटेड सिख

**चंडीगढ़।** यूक्रेन-रूस युद्ध ने 25 लाख लोगों को शरणार्थी बना दिया है और यूक्रेन से लोग पड़ोसी मुल्कों में पलायन कर रहे हैं।

वैश्विक गैर सरकारी संगठन यूनाइटेड सिख के अंतरराष्ट्रीय मानवीय सहायता के निदेशक गुरविंदर सिंह ने आज यहां जारी बयान में पोलैंड में अपने एक वालंटियर के हवाले से बताया है कि शरणार्थियों को राहत सेवा मुहैया कराने के लिए उन्होंने पोलैंड में मेडीका सीमा पर एक शिविर लगाया है। कड़ाके की ठंड में 17 से 18 घंटे तक इंतजार के कारण पिछले कुछ दिनों में कुछ बुजुर्ग



महिलाओं तथा बच्चों की मौत हुई है और कई बच्चे बीमार हुए हैं।

संस्था ने उक्रेन सीमा पर पोलैंड की तरफ शिविर लगाया है और वॉर ज़ोन से बचकर आये शरणार्थियों को राहत सेवा मुहैया करा रही है। संस्था के अमेरिका, जर्मनी तथा ब्रिटेन से आये वालंटियर पका हुआ भोजन, पानी और सफाई किट मुहैया करा रहे हैं।

संस्था के बयान के अनुसार उनका फूड ट्रक 2000 शरणार्थियों को प्रति दिन भोजन मुहैया करा रहा है। ब्रिटेन के वालंटियरों की एक टीम पॉवर जनरेटर, जल पंप, कंबल, स्लीपिंग बैग, सैनेटरी पैड, टेंट, स्टोव, बर्तन, रेडियो कम्युनिकेशंस, गर्म कपड़े, जुराबें और ग्लव आदि ले आई। इसके लिए उन्होंने गुरुद्वारा, नेशनल सिक्ख म्युज़ियम और वर्ल्ड सिख पार्लियामेंट को सहायता के लिए धन्यवाद किया है। संस्था ने लोगों से राहत कार्य में मदद की अपील भी की है।

## दलित और दलित बेटियां भी हेमन्त सरकार में नहीं है सुरक्षित : दीपक प्रकाश

रांची। झारखंड के बोकारो जिले के पेटरवार में नाबालिग के साथ हुए गैंग रेप की पीड़िता से मिलने पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि हेमन्त सरकार में दलित समाज पर हमला बढ़ गया है।

श्री प्रकाश दे रविवार को कहा कि पेटरवार की दलित परिवार की बच्ची के साथ जिस प्रकार दुष्कर्म की घटना घटी है, इससे पूरा झारखंड मर्माहत है। लगातार जिस प्रकार से दलित परिवारों के साथ घटना घट रही है, इससे जनता में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पीड़ित परिवार के साथ है, भारतीय जनता पार्टी उनके दर्द को अपना दर्द समझती है। पार्टी परिवार के साथ खड़ी है। पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द न्याय मिले इसकी मांग करते हैं। उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग व कठोर से कठोर सजा की मांग किया।

प्रकाश ने कहा कि जल, जंगल व जमीन के नाम पर सत्ता में आने वाली हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य की खनिज संपदा को दोनों हाथों से लूटने का काम किया है।

पूरे राज्य में बड़े पैमाने पर धड़ल्ले से अवैध माइंस चलाए जाने के अलावा स्टोन चिप्स, पत्थर की धुलाई में जमकर वसूली की जा रही है। पूरे राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। वगैर रिश्वत दिए छोटा से छोटा काम कराना भी अब झारखंड में संभव नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की विधि व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है। हेमंत सरकार को राज्य के विकास व तरक्की से कोई लेना देना नहीं है। पूरे राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति चौपट है।

खनिज संपदा की खुलेआम लूट हो रही है। भ्रष्टाचार और अफसरशाही चरम पर पहुंच गई है। सत्ता में शामिल लोग ठेका-पट्टा मैनेज करने में ही मशगूल हैं। पीड़ित परिवार से मिलने के क्रम में प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, विधायक बिरंचि नारायण, अमर बाउरी उपस्थित थें।

## महिलाओं के मान सम्मान से ही हमारी सभ्यता और संस्कृति की पहचान : भूपेश

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि महिलाओं के मान सम्मान से ही हमारी सभ्यता और संस्कृति की पहचान होती है। इसे हम सभी को गहराई से समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि नारी का सम्मान करने वाला समाज ही संस्कारी समाज होता है।

श्री बघेल ने आकाशवाणी से आज प्रसारित रेडियोवार्ता लोकवाणी में छत्तीसगढ़ सरकार-नारी शक्ति के सरोकार' विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं को भरपूर सम्मान दिया जा रहा है। यही वजह है कि छत्तीसगढ़ की महिलाएं और बेटियां अब बड़े लक्ष्य लेकर निकल पड़ी है, जिसे आगे बढ़ने से अब कोई रोक नहीं सकता। उन्होने कहा कि हमारे पुरखों की वजह से हमें ऐसा संविधान मिला है, जिसमें महिलाओं को बराबरी का दर्जा दिया गया है। हमारे संस्कार और प्रयासों का ही नतीजा है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा में महिलाओं का प्रतिशत, देश की अन्य विधानसभाओं की तुलना में सबसे अधिक है। पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में भी महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। भूमि और संपत्ति पर कानून के अनुसार महिलाओं को समान स्वामित्व और नियंत्रण का अधिकार है।

उन्होने कहा कि हमने ऐसे कई नीतिगत इंतजाम किए हैं, जिसमें महिलाओं को अचल संपत्ति पर अधिकार मिले। अचल संपत्ति का पंजीयन महिलाओं के नाम पर कराए जाने पर स्टाम्प शुल्क में 1 प्रतिशत छूट देने का प्रावधान किया गया है, जिसके कारण एक वर्ष में 50 हजार से अधिक पंजीयन हुए और 37 करोड़ रुपए से अधिक की छूट उन्हें मिली। सरकारी पदों में भर्ती के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा महिलाओं को दी गई है। महिला छात्रावास तथा आश्रमों में महिला होम गार्ड के 2200 नए पदों का सृजन किया गया है। प्रदेश के 370 थानों में महिला हेल्प डेस्क संचालित किए जा रहे हैं।

## राजस्थान में कोरोना वैक्सीनेशन का आंकड़ा दस करोड़ के पार

जयपुर। राजस्थान में कोरोना वैक्सीनेशन का आंकड़ा दस करोड़ को पार कर गया है। चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने बताया कि आज शाम तक कोरोना के 10 करोड़ 10 हजार 389 टीके लगाए जा चुके है। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष अधिक आयु वर्ग के 9 करोड़ 33 लाख 6 हजार 537, 15 से 18 आयु वर्ग के 53 लाख, 33 हजार 725 और 13 लाख 73 हजार 127 को प्रिकॉशन डोज दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक 98.4 प्रतिशत लोगों को प्रथम एवं 84 प्रतिशत से अधिक लोगों को वैक्सीन की दोनों डोज लगाई जा चुकी हैं।

श्री मीणा ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए इसके लिए स्वास्थ्यकर्मियों एवं पूरी चिकित्सा टीम को बधाई दी है।

उन्होंने कहा कि टीम ने अपनी जान की परवाह किए बगैर लोगों को सुरक्षा कवच लगाया। उन्होंने कोरोना महामारी से लड़ने में आमजन के सहयोग को भी सराहा। उन्होंने कहा कि कोरोना प्रबंधन के बाद कोरोना वैक्सीनेशन में भी देश के अन्य राज्यों में शुमार रहा है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के 5 करोड, 6 लाख, 72 हजार 654 लोगों को वैक्सीन की प्रथम डोज व 4 करोड़, 26 लाख, 33 हजार 883 को वैक्सीन की दोनों डोज लगी हैं। उन्होंने बताया कि प्रतापगढ़, कोटा, जयपुर प्रथम व द्वितीय, बूंदी, सवाईमाधोपुर, अलवर, सीकर सहित 20 से ज्यादा जिलों में शत-प्रतिशत लोगों को कोरोना वैक्सीन की प्रथम डोज लगाई जा चुकी है।

उन्होंने बताया कि प्रिकॉशन डोज में भी राजस्थान छठे स्थान पर है जहां 53.9 प्रतिशत लोगों को तीसरी खुराक लगाईजा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि वैक्सीनेशन के मामले में राजस्थान देश के अन्य राज्यों के मुकाबले बेहतर स्थिति में है और उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, मध्यप्रदेश, तमिलनाडु के बाद राजस्थान सातवें पायदान पर है, जहां इतनी बड़ी तादाद में वैक्सीनेशन किया गया है।

श्री मीणा ने कहा कि जिन जिलों में शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन नहीं हुआ है वहां अभियान चलाकर और लोगों को जागरुक कर वैक्सीनेशन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में प्रतापगढ़ ऐसा जिला रहा है, जहां शत प्रतिशत लोगों को वैक्सीन की दोनों डोज लग चुकी हैं। उन्होंने कहा कि अन्य जिले भी प्रतापगढ़ मॉडल को अपनाकर वैक्सीनेशन का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 44.5 लाख से ज्यादा वैक्सीन का भंडारण राज्य सरकार के पास है।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रदेश में 16 जनवरी 2021 से 167 सत्र स्थलों पर हैल्थ केयर वर्कर्स के वैक्सीनेशन से टीकाकरण का आगाज किया गया। 2 फरवरी 2021 से फ्रन्टलाइन वर्कर्स और एक मार्च 2021 से 60 वर्ष से अधिक आयु तथा 45 से 59 वर्ष तक की आयु के व्यक्ति, जो किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित है, का वैक्सीनेशन प्रारम्भ किया गया। उन्होंने बताया कि एक अप्रैल 2021 से 45 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों का वैक्सीनेशन प्रारम्भ किया गया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पहल पर एक मई, 2021 से 18 से 44 वर्ष तक की आयु के सभी व्यक्तियों का कोविड वैक्सीनेशन निःशुल्क प्रारम्भ किया गया।

उन्होंने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा 101 करोड़ रूपए राशि की वैक्सीन खरीद कर प्रदेशवासियों की जान बचाई।

## शार्ट न्यूज

### थाना सेक्टर 39 नोएडा पुलिस ने हत्या के अभियोग में वांछित 15000 रुपये के इनामी अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**नोयडा।** थाना सेक्टर 39 पुलिस ने रविवार को महामाया फ्लाई ओवर के नीचे से हत्या के मुकदमें में वांछित 15000 रूपये के ईनामी अभियुक्त रिंकू पुत्र रणजीत उर्फ नेकी राम निवासी तिलक नगर गन्ना फैक्ट्री वाली गली में गुप्ता सरिया सीमेन्ट वालो के सामने थाना सुभाष नगर जनपद बरेली को गिरफ्तार कर लिया। उपरोक्त अभियुक्त थाना थाना सैक्टर 39 पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 960/2021 धारा 302/34 भादवि व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट में 22 दिसंबर 2021 से वांछित चल रहा था।गौरतलब है कि 22 दिसम्बर 2021 को हाजीपुर सुसाइटी गेट नंबर 2 सैक्टर 104 नोएडा में एक व्यक्ति राम सिंह पुत्र दयाराम निवासी गुनारा थाना जलालाबाद जिला शाहजहांपुर की धारदार हथियारों से गोदकर हत्या कर दी गयी थी। जिसके संबंध में थाना सैक्टर 39 पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत हुआ था। तदोपरान्त अभियुक्त मोहित पुत्र गिरीश,मोहन पुत्र नन्हे निवासीगण जलालाबाद थाना जलालाबाद जिला शाहाजापुर, रिंकू पुत्र रणजीत उर्फ नेकी राम निवासी तिलक नगर गन्ना फैक्ट्री वाली गली में गुप्ता सरिया सिमेन्ट वालो के सामने थाना सुभाष नगर जनपद बरेली प्रकाश में आये थे। अभियुक्त मोहित,मोहन निवासीगण जलालाबाद थाना जलालाबाद जिला शाहाजापुर को पुलिस ने घटना के 15 घन्टे के अन्दर गिरफ्तार कर लिया था।गिरफ्तार अभियुक्त रिंकू के विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### थाना सेक्टर 113 पुलिस ने गाडियों का शीशा तोडकर लैपटॉप चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**नोयडा।** थाना सेक्टर 113 पुलिस ने रविवार को पुराना शिव मन्दिर सैक्टर 75 के सामने से गाडियों का शीशा तोडकर लैपटाप व अन्य सामान चोरी करने वाले दो अभियुक्तों चन्द्रप्रकाश पुत्र अनार सिंह निवासी ग्राम इब्राहिमपुर नगला धनुआ थाना सिरसागंज जिला फिरोजाबाद हालपता सिक्योरिटी गार्ड क्यूटेक गेटवे सोसायटी सैक्टर 75 थाना सैक्टर 113 नोएडा गौतमबुद्धनगर सुमन पुत्र लक्ष्मन घोष निवासी गांव खरतल्ला काली मन्दिर के पास मालदाटाउन थाना मानिक चौक जिला मालदा पश्चिमी बंगाल हाल पता सर्फाबाद थाना सैक्टर 113 नोएडा गौतमबुद्धनगर को गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने एक लैदर बैग,एक लेपटॉप एचपी कम्पनी का और एक एप्पल कम्पनी की इयरफोन बरामद किया है।अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं। जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### दादरी पुलिस ने जनता के सहयोग से दो मोबाइल लुटेरों को किया गिरफ्तार



**ग्रेटर नोएडा।** थाना दादरी पुलिस ने शनिवार को द्वारा जनता के सहयोग से दो मोबाइल लुटेरों कोहिनूर पुत्र देवेन्द्र निवासी तिल डेयरी कस्बा व थाना सिकन्द्रबाद बुलन्दशहर, नितिन पुत्र जोगेन्द्र निवासी तिल डेयरी कस्बा व थाना सिकन्द्रबाद बुलन्दशहर को गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने एक लूटा हुआ मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल हीरो एचएफ डीलक्स नंबर यूपी 13 बीके 7616 बरामद की है।अभियुक्तगण शातिर किस्म के मोबाइल लुटेरे हैं।जो वादी मुकदमा का मोबाइल फोन छीनकर भागते समय पकड़े गए थे। जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### दिल्ली में महाश्रमण के अभिनंदन समारोह का आयोजन हुआ

नयी दिल्ली। जैन श्वेतांबर तेरापंथी धर्म संघ के 11वें आचार्य श्री महाश्रमण जी के दिल्ली आगमन पर यहां छतरपुर में स्थित आध्यात्म साधना केंद्र में रविवार को एक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अहिंसा समारोह समिति के अध्यक्ष महेंद्र नाहटा, दक्षिण दिल्ली के महापौर मुकेश सुर्यान, पश्चिम दिल्ली से सांसद प्रवेश वर्मा सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। इसके अलावा साध्वी, महिलाएं, पुरुष, किशोर किशोरियां की भीड़ रही। इस मौके पर नाहटा ने कहा, आचार्य श्री महाश्रमण ने नौ नवंबर 2014 में दिल्ली के लाल किले से शांति अहिंसा यात्रा शुरूआत की थी, जो मानव कल्याण के लिए सद्भावना, नैतिकता और नशा मुक्ति के जनकल्याणकारी संकल्पों पर आधारित था। वह अब तक तीन देश सहित 22 राज्यों में करीब 51,000 से अधिक पदयात्राएं कर चुके हैं। आचार्य ने दिल्लीवासियों के अलावा नक्सलवादी इलाकों सहित देश भर में सद्भावना, अंहिसा, नैतिकता और नशामुक्ति का संदेश फैलाया है। वर्मा ने कहा, दिल्ली को नशा मुक्त बनाकर, अंहिसा और नैतिकता जैसे गुणों का संदेश फैलाना है।

### ग्रीन मैन विजय पाल बघेल ने बढ़ाई राष्ट्रीय सेवा योजना के चौथे दिन की शोभा

ग़ाज़ियाबाद। विद्यावती मुकंदलाल महिला महाविद्यालय गाजियाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के विशेष शिविर के चौथे दिन का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि ग्रीन मैन नाम से प्रसिद्ध विजय पाल बघेल, विनीता, कार्यक्रम अधिकारी डा. निधि रानी सिंह एवम डा. ऊषा वर्मा एवम स्वयं सेविकाओं द्वारा प्राथमिक विद्यालय नासिरपुर के प्रांगण में पौधारोपण करके किया गया। इस अवसर पर विजय पाल बघेल ने पर्यावरण को संरक्षित करने के विभिन्न आयामों को विस्तृत रूप से बताया। जैसे –होलिका दहन के लिए लकड़ियों की जगह गोबर के उपलों का प्रयोग, पानी की हर एक बूंद को बचाएं, पॉलिथीन बैग्स का बहिष्कार, अधिक से अधिक पौधारोपण आदि पर विस्तृत रुप से जानकारी दी। शिविर में पर्यावरण संरक्षण विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान क्रमश- कोमल कश्यप, श्रुति राजपूत एवम आरती रानी को प्राप्त हुआ जिसके निर्णायक बघेल रहे। शिविर में स्वयं सेविका निदा खान ने सभी को आत्मरक्षा के लिए प्रोत्साहित किया तथा आत्म निर्भर बनने की प्रेरणा दी। शिविर के दूसरे सत्र में आज़ादी का अमृत महोत्सव के सम्बंध में क्विज़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें सभी ने भाग लिया।

# 'आप' ने रोहताश नगर विधानसभा में निकाली 'एमसीडी बदलाव यात्रा'

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम में बदलाव की राजनीति के लिए आम आदमी पार्टी की ओर से सभी 70 विधानसभाओं में एमसीडी बदलाव यात्रा का आयोजन किया गया. सभी विधानसभाओं में विधायको, पूर्व विधायकों और संगठन पदाधिकारियों के नेतृत्व में बदलाव यात्रा निकाली गई. इस दिशा में रोहताश नगर विधानसभा के चारों वार्डों में भी बदलाव यात्रा निकाली गई जिसका नेतृत्व पूर्व विधायक और आम आदमी पार्टी महिला विंग की प्रदेश प्रभारी सरिता सिंह ने किया.

बदलाव यात्रा की अगुआई करने वाली महिला विंग की प्रदेश प्रभारी सरिता सिंह ने कहा कि यह रैली दिल्ली नगर निगम में बदलाव लाने और भाजपा के 15 साल के कुशासन से जनता को मुक्ती दिलाने के लिए निकाली गई. रोहताश नगर विधानसभा के चार वार्ड जिनमें अशोक नगर, राम नगर, रोहतास नगर और वेलकम वार्ड प्रमुख रूप से शामिल हैं. इनमें से अशोक नगर वार्ड से बदलाव यात्रा की शुरूआत की गई जोकि वेलकम वार्ड जाकर समाप्त हुई. एमसीडी बदलाव यात्रा में बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय जनता ने शामिल होकर इस बार एमसीडी चुनाव में भाजपा को सत्ताविहीन करने का संकल्प लिया.

पूर्व विधायक सरिता सिंह ने यात्रा को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरे देश में अब आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल सरकार के मॉडल ऑफ गवर्नेंस को जनता अपना भरपूर समर्थन दे रही है. इसका बड़ा उदाहरण पंजाब विधानसभा में चुनावों में आम आदमी पार्टी को 117 सीटों में से 92 सीटों पर मिली प्रचंड जीत है. उन्होंने कहा कि विधानसभा में एमसीडी बदलाव यात्रा के साथ-साथ कार्यकर्ताओं ने पंजाब में आम आदमी पार्टी को मिली प्रचंड जीत पर धन्यवाद रैली भी निकाली है.

पूर्व विधायक ने कहा कि आज दिल्ली और पंजाब ही नहीं बल्कि देश के लोग केजरीवाल मॉडल ऑफ गवर्नेंस को चाहते हैं. देश की जनता अब जाति, धर्म और क्षेत्र के नाम पर राजनीति नहीं चाहती बलकि वह अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य की सुविधा और भ्रष्टाचार मुक्त शासन की पक्षधर है. इसका उदाहरण हम पंजाब की जनता के मिले अपार समर्थन से देख सकते हैं. अब आने वाले समय में दिल्ली की जनता ऐसा बड़ा बदलाव एमसीडी चुनावों में चाहती है. उन्होंने कहा कि इस बार एमसीडी चुनावों में दिल्ली की जनता भाजपा को बाहर का रास्ता दिखाकर 250 से ज्यादा सीटों पर आम आदमी पार्टी को जीता कर सत्तारूढ़ करेगी.

### गाजियाबाद : नर्स ने फांसी लगाकर दी जान

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के कविनगर थाना क्षेत्र में एक मनचले से तंग आकर निजी अस्पताल की नर्स ने कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नर्स मूलरूप से अमरोहा जिले की रहने वाली थी। आरोप है कि एक युवक नर्स को कई महीनों से परेशान कर रहा था। शुक्रवार सुबह घटना का पता चलने पर परिजन गाजियाबाद पहुंचे। मृतका के मोबाइल से आरोपी के बारे में सुराग लगने पर परिजनों ने उसके खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। अमरोहा जिले के थाना आदमपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव खौलिया खालसा निवासी छोटेलाल का कहना है कि उनकी बेटी जेएनएम करने के बाद कविनगर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सर्वोदय मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में नौकरी कर रही थी। छोटेलाल का कहना है कि उनकी बेटी को मुरादाबाद निवासी रिजवान नाम का युवक काफी समय से परेशान कर रहा था। उनकी बेटी गाजियाबाद से पहले गजरौला के अस्पताल में नौकरी करती थी। रिजवान भी वहीं उसके साथ काम करता था। वहीं से वह उनकी बेटी को परेशान करने लगा था। इसके चलते उनकी बेटी गजरौला से नौकरी छोड़कर गाजियाबाद में नौकरी करने आ गई थी। यहां भी रिजवान ने उसका पीछा नहीं छोड़ा और उसे प्रताड़ित करता रहा। इससे तंग आकर उनकी बेटी ने 11 मार्च की तड़के फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पीड़ित पिता का कहना है कि मृतका ने अपनी बड़ी बहन से आरोपी रिजवान के बारे में बताया था। रिजवान पर बेटी को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित पिता ने कविनगर थाने में तहरीर दी है। एसएचओ आनंद प्रकाश मिश्र का कहना है कि रिजवान निवासी मुरादाबाद के खिलाफ आत्महत्या को मजबूर करने का केस दर्ज कर लिया गया है। उसकी तलाश की जा रही है।

### वेस्टबंगाल के नीलेश और आंध्रप्रदेश की प्रियंका बनीं 50वीं राष्ट्रीय जूनियर ओपन शतरंज चैंपियन

गुरुग्राम। सेक्टर-50 स्थित आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल में चली रही पांच दिवसीय 50वीं राष्ट्रीय जूनियर ओपन शतरंज प्रतियोगिता का समापन हो गया। रविवार को प्रतियोगिता के फाइनल में खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। पुरुष वर्ग में वेस्टबंगाल के इंटरनेशनल मास्टर नीलेश सहा और महिला वर्ग में आंध्रप्रदेश की वीमेन इंटरनेशनल मास्टर प्रियंका नुतक्की नेशनल जूनियर चैस चैंपियन बनीं। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। 35वीं राष्ट्रीय जूनियर लड़कियों की शतरंज प्रतियोगिता के अंतिम दिन रोमांचक मुकाबले हुए। इसमें आंध्रप्रदेश की वीमेन इंटरनेशनल मास्टर प्रियंका नुतक्की प्रथम, वीमेन फिड्डे मास्टर बोम्मिनी मोनिका द्वितीय, महारष्ट्र की वीमेन फिड्डे मास्टर भाग्यश्री पाटिल तीसरे स्थान पर रही। वीमेन फिड्डे मास्टर लक्ष्मी, रिनधिया व श्रीमत्थीर, मीनल गुप्ता, समृद्ध, वेलपुला सरयू, पालकींन कौर क्रमश चौथे से दसवां स्थान पाया। पुरुष वर्ग में वेस्टबंगाल के इंटरनेशनल मास्टर नीलेश सहा प्रथम, उत्सव चटर्जी द्वितीय, तमिलनाडु के फिड्डे मास्टर रोहित कृष्णा तीसरे स्थान पर रहे। कौस्तब चटर्जी, आयुष शर्मा, आयुष शर्मा, हरि माधवन, ग्रांडमास्टर अर्जुन कल्याण, विग्नेश बी, आर्यन अरोरा, फिड्डे मास्टर आर्यन वार्ष्णेय चौथे से दसवें स्थान पर रहे। दी हरियाणा चैस एसोसिएशन के महासचिव नरेश शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता बहुत ही शानदार तरीके से संपन्न हुआ है। मुख्य अतिथि सौरभ जिंदल , स्कूल के डायरेक्टर ओपी यादव और आल इंडिया चैस फेडरेशन के जॉइंट सेक्रेटरी अतुल गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस प्रतियोगिता में 26 प्रदेशों से 300 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है।

## सांसद खेल स्पर्धा के अंतगर्त दक्षिणी दिल्ली में खेला गया वॉलीबॉल टूनार्मेन्ट का फाइनल मैच

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली सांसद श्री रमेश बिधूड़ी जी की अध्यक्षता में सांसद खेल स्पर्धा के अंतगर्त दक्षिणी दिल्ली के तुगलकाबाद गॉंव स्थित ग्राऊण्ड में 50 टीमों के बीच शुरू हुए दो दिवसीय वॉलीबॉल टूनार्मेन्ट का आज फाइनल मैच खेला गया। 12 मार्च को शुरू हुए इस टूनार्मेन्ट के समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली प्रदेश भाजपा संगठन मंत्री श्री सिद्धार्थन, नेता प्रतिपक्ष दिल्ली विधान सभा श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी एवं निगम में नेता सदन श्री इन्द्रजीत सहरावत उपस्थित थे। इस दौरान टीमों के खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी प्रतिभाओं का उत्साह के साथ प्रदशर्न



किया। जिसमें शूटिंग वॉलीबॉल फाइनल मैच देवली वार्ड से कप्तान श्री हंसराज की टीम ने जीता और वॉलीबॉल स्पलैश फाइनल साध नगर वार्ड से श्री यश की टीम ने जीता। विजयी प्रतिभागी प्रथम टीम को 21000 रू0, दूसरा स्थान पाने वाली टीम को 11000 रू0 तथा तीसरा स्थान पाने वाली टीम को 5100 रू का चैक प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। यह वॉलीबॉल टूर्नामेंट विवेक बिधूड़ी फाउंडेशन के द्वारा किया गया

सांसद रमेश बिधूड़ी ने कहा कि सांसद खेल स्पधा के अंतगर्त आयोजित इन खेलों के माध्यम से युवाओं में छिपी प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा देश मे खेलों के विकास और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए राष्ट्रीय कायर्क्रम 'खेलो इंडिया' की शुरूआत की गई है। बिधूड़ी ने आगे कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं सांसद खेल स्पधा के अंतगर्त विवेक बिधूड़ी फाउंडेशन व दक्षिणी दिल्ली भाजपा द्वारा समय-समय पर आयोजित होती रहेंगी, जिन युवाओं की खेल में रूचि है उनके लिए यह अच्छा अवसर है।

## आगामी होली एवं अन्य त्यौहार के मद्धेनजर जहाँगीरपुर चौकी प्रभारी ने किया शान्ति समिति की मीटिंग का आयोजन

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा की जेवर कोतवाली क्षेत्र के जहाँगीरपुर कस्बे में रविवार को आगामी होली एवं अन्य त्यौहार के मद्धेनजर जहाँगीरपुर चौकी प्रभारी एसआई नीलकान्त द्वारा चौकी परिसर मे शान्ति समिति की मीटिंग का आयोजन किया गया। जहाँगीरपुर चौकी प्रभारी द्वारा सभी सभ्रान्त नागरिक से होली एवं अन्य त्यौहारों पर आने वाली समस्याओं के बारे में भी जानकारी की गई।उन्होंने कस्बे के सभी गणमान्य व्यक्तियों से पूर्व की तरह ही आपसी प्यार और भाईचारे के साथ होली के त्यौहार एवं अन्य त्यौहारों को



शान्ति पूर्वक मनाने की अपील की गयी। जहाँगीरपुर चौकी प्रभारी ने सभी असामाजिक तत्वों को कड़ा सन्देश देते हुए आगाह किया कि कोई भी ऐसा कार्य करने की कोशिश ना करें जिससे कस्बे व क्षेत्र का माहौल बिगड़ जाये। माहौल बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

मीटिंग में जहाँगीरपुर चौकी प्रभारी एसआई नीलकान्त के अलावा क्षेत्र एवं कस्बे के गणमान्य व्यक्ति केशव जैन,ऐजवीर सिंह, धर्मपाल सिंह, अरविंद सिंह, राकेश अग्रवाल, चन्द्रभान गुप्ता,चन्द्रमणि भारद्वाज,मनोज कुमार शर्मा, राजेश चौधरी, शीलेन्द्र शर्मा,संजीव शर्मा,विपिन मीणा, योगेश गर्ग,अमित पंक्षी,नजीर खाँ,बनवारी लाल शर्मा,कय्यूम, रहीस कुरैशी, यासीन,उस्मान, गौरव गर्ग, पप्पन मिस्त्री,पंकज अग्रवाल, गौरी शंकर शर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## 943 लोगों ने कोरोना रोधी टीका लगवाया

गुरुग्राम। जिले में रविवार को 104 केंद्रों पर लोगों को कोरोना रोधी टीका लगाया गया। इन केंद्रों पर 943 लोगों ने संक्रमण रोधी टीका लगवाया। जिनमें से 112 लोगों को पहली डोज और 698 लोगों को दूसरी डोज लगी। इनके अलावा 133 स्वास्थ्य कर्मियों, फ्रंटलाइन वर्करों और 60 साल से ऊपर आयु के बीमार बुजुर्गों ने बूस्टर डोज लगवाई।

टीका लगवाने वालों में 15 से 18 वर्ष आयु के बीच के 211 किशोर भी शामिल रहे। इनमें से 28 किशोरों ने पहली डोज और 183 किशोरों ने दूसरी डोज लगवाई। इनके अलावा 18 वर्ष से अधिक आयु के 599 लोगों का भी टीकाकरण हुआ।

जिनमें से 84 लोगों को पहली डोज और 515 लोगों को दूसरी डोज लगी। बूस्टर डोज लगवाने वालों में 11 स्वास्थ्य कर्मी, छह फ्रंटलाइन वर्कर और 60 साल से ऊपर आयु के 116 बुजुर्ग शामिल रहे। इसी के साथ रविवार को जिले में कोरोना रोधी वैक्सीनेशन का आंकड़ा 49 लाख 87 हजार 175 पर पहुंच गया।


### नए गुरुग्राम की नौ सड़कों पर लाइट लगेंगी

**गुरुग्राम।** नए गुरुग्राम की नौ सड़कें जल्द जगमग होंगी। इन्हें रोशन करने के लिए गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण ने स्ट्रीट लाइट लगवाने की योजना तैयार कर ली है। अभी तक इन सड़कों पर स्ट्रीट लाइट नहीं होने से दिन ढलते ही अंधेरा छा जाता है। इससे लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। शहर की सड़कों पर स्ट्रीट लाइट न होने से पसरे रहने वाले अंधेरे की समस्या को दो दिनों तक आपका अपना अखबार हिन्दुस्तान ने प्रमुखता ने उठाया। मंगलवार के अंक में तीन फ्लाईओवर पर अंधेरे से खतरा और बुधवार के अंक में सेक्टर-15 समेत पॉश क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट बंद होने से अंधेरा% शीर्षक के साथ खबरों को प्रकाशित किया था। इस पर संज्ञान लेते हुए जीएमडीए के अधिकारियों ने योजना तैयार कर टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। जीएमडीए दस करोड़ रुपये खर्च कर सेक्टर-76/77, 75ए/76, 75/75ए, 73/74, 71/73, 70/75, 70/70ए, 68/69 और 68/70ए की डिवाइडिंग रोड को रोशन करेगा। इन सड़कों पर स्मार्ट स्ट्रीट लाइट लगवाई जाएंगी। इन्हें आपस में कनेक्ट करने सहित कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से भी जोड़ा जाएगा, जिससे कि यदि कोई लाइट खराब हो अधिकारियों को उसका तुरंत पता चल सके। इसके अलावा इन्हें बिजली प्रदान करने के लिए 63 केवीए का ट्रांसफार्मर भी लगवाया जाएगा। अभी तक इन सड़कों पर स्ट्रीट लाइट नहीं होने से आसपास के सेक्टर में रहने वाले लोगों को रात के समय इन सड़कों पर से गुजरने में डर लगता है। साथ ही कई तरह की परेशानियां भी होती हैं। उधर, नगर निगम के अधिकारियों ने भी एजेंसी से सर्वे करवाकर जरूरत अनुसार शहर की सड़कों पर नई स्ट्रीट लाइटें लगवाने का आश्वासन दिया है।

## दिल्ली में ई-ऑटो की खरीद और रजिस्ट्रेशन हुआ अब और आसान, केजरीवाल सरकार ने लॉन्च किया पोर्टल

नई दिल्ली। अरविंद केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में इलेक्ट्रिक ऑटो की खरीद और रजिस्ट्रेशन के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल माई ईवी लॉन्च किया है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि सरकार दिल्ली इलेक्ट्रिक वाहन नीति के तहत ऋण पर ई-ऑटो की खरीद पर पांच प्रतिशत ब्याज अनुदान भी प्रदान करेगी। दिल्ली इस तरह की सुविधा प्रदान करने वाला पहला राज्य बन गया है।

दिल्ली सरकार ने वेबसाइट https://www.myev.org.in विकसित करने के लिए कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (सीईएसएल) के साथ करार किया है। बयान में कहा



गया है कि इलेक्ट्रिक ऑटो पर दी जाने वाली ब्याज दर अनुदान 30,000 रुपये के खरीद प्रोत्साहन पर 25,000 रुपये का अतिरिक्त प्रोत्साहन प्रदान करेगी। दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि ऑनलाइन पोर्टल लोगों को स्वीकृत वाहनों के कई विकल्प प्रदान करेगा, साथ ही यह सुनिश्चित करेगा कि उन्हें एक सहज स्वचालित चैनल के माध्यम से अपने ऋण पर ब्याज अनुदान प्राप्त हो।

बयान में कहा गया है कि माई ईवी पोर्टल एक ऑनलाइन पोर्टल है जो लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) धारकों को ई-ऑटो खरीदने और दिल्ली सरकार द्वारा प्रदान किए गए प्रोत्साहनों का दावा करने में सक्षम बनाएगा। महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण के साथ ई-ऑटो के लिए कुल 4,261 एलओआई दिए जा रहे हैं। ऑनलाइन पोर्टल को परिवहन विभाग की वेबसाइट पर सभी उपयोगकर्ताओं के लिए सुलभ बनाया गया है।

बयान में कहा गया है कि ईवी की खरीद पर ऋण पर 5 प्रतिशत का ब्याज अनुदान दिल्ली ईवी नीति के तहत 30,000 रुपये के लागू खरीद प्रोत्साहन और 7,500 रुपये तक के प्रोत्साहन के अतिरिक्त है।

इस योजना के माध्यम से, एक इलेक्ट्रिक ऑटो खरीददार 25,000 रुपये तक का अतिरिक्त लाभ प्राप्त करने में सक्षम होगा।

हालांकि, यह योजना वर्तमान में इलेक्ट्रिक ऑटो के लिए चालू है, लेकिन जल्द ही यह राष्ट्रीय राजधानी में लिथियम-आयन-आधारित ई-रिक्शा, ई-कार्ट और इलेक्ट्रिक लाइट गुड्स व्हीकल्स पर उपलब्ध होगी।

## मान-मनौव्वल पर भी पत्नी का मायके से नहीं आना तलाक का आधार : दिल्ली हाईकोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पति और ससुराल वालों से मतभेद होने पर मायके चले जाने और कई प्रयासों के बाद भी ससुराल वापस नहीं आने को दिल्ली हाईकोर्ट ने तलाक की मंजूरी का आधार बताया है।

जस्टिस विपिन सांघी और जसमीत सिंह की पीठ ने करीब 12 साल से अलग रह रहे दंपति के तलाक को मंजूरी देते हुए यह टिप्पणी की। पीठ ने कहा कि पति ने पत्नी को छोड़ दिया है या पत्नी खुद मायके चली गई, यह बहस और विचार कर मुद्दा है। जहां तक इस मामले का सवाल है, तो तथ्यों से साफ है कि जिस दिन पत्नी बिना बताए मायके गई, उसी दिन उसके पति, देवर, सास उसे मनाने और वापस लाने उसके घर गए, लेकिन वह नहीं




आई। पीठ ने कहा कि कानूनी नोटिस भेजे जाने के बाद भी वह वापस नहीं आई।

#### सुलह की संभावना नहीं

पीठ ने कहा कि पति-पत्नी पिछले 12 साल से अलग रह रहे हैं, उनके बीच सुलह की कोई संभावना नहीं है। शादी का रिश्ता टूटकर पूरी तरह बिखर चुका है।

हाईकोर्ट ने कहा कि ऐसे में इस वैवाहिक बंधन को बनाए रखने से किसी उद्देश्य की पूर्ति नहीं होगी, इसे बनाए रखने की जिद सिर्फ दोनों पक्षों (पति-पत्नी) पर क्रूरता और उत्पीड़न को बढ़ावा देगा।

#### साथ रहने की अपेक्षा नहीं की जा सकती

हाईकोर्ट ने कहा कि मौजूदा मामले में पति-पत्नी के बीच वैवाहिक कलह इस कदर बढ़ गई है कि उनके बीच विश्वास, समझ और स्नेह जैसे अहसास पूरी तरह से खत्म हो चुके हैं। पीठ ने कहा कि इस मामले में पत्नी का आचरण ऐसा रहा है, जिससे पति को बड़ी मानसिक पीड़ा हुई है। ऐसे हालात में दोनों से साथ रहने की अपेक्षा नहीं की जा सकती है।

#### यह है मामला

रश्मि और रमेश (बदले हुए नाम) की 2008 में शादी हुई। 2009 में दंपति को एक बेटा भी हुआ। महिला जनवरी 2010 को मायके चली गई। पति के अनुसार, प्रयासों के बाद भी पत्नी नहीं लौटी और दहेज उत्पीड़न का झूठा केस कर दिया तो उसने परिवार अदालत में तलाक मांगी। वहां याचिका खारिज होने पर उसने हाईकोर्ट में अर्जी लगाई।

#### झूठे आरोप लगाना मानसिक प्रताड़ना

महिला द्वारा पति व ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने के झूठे आरोप लगाए जाने को भी उच्च न्यायालय ने मानसिक प्रताड़ना बताया। हाईकोर्ट ने कहा कि इस मामले महिला ने जो आरोप लगाए है, उन्हें साबित करने में वह नाकाम रही। इन आरोपों के चलते पति को 30-40 बार थाने जाना पड़ा।

### गुरुग्राम समेत तीन जिलों के नागरिक अस्पताल में नीकू वार्ड बनेंगे

**गुरुग्राम।** नवजात शिशुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए गुरुग्राम समेत फरीदाबाद और नूंह जिले में भी नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट (नीकू) वार्ड स्थापित किया जाएगा। इनका निर्माण कॉरपोरेट सामाजिक भागीदारी (सीएसआर) फंड के तहत पावरग्रिड कंपनी के सहयोग से करवाया जाएगा। नीकू वार्ड में शिशुओं को वेंटिलेटर की भी सुविधा मिलेगी। जिससे गंभीर शिशुओं को इलाज के लिए रोहतक और दिल्ली के उच्च स्वास्थ्य केंद्रों में नहीं जाना पड़ेगा। तीनों जिलों में नीकू वार्ड जिला स्तर के सरकारी अस्पतालों में बनाए जाएंगे। इसके लिए प्रदेश सरकार की ओर से मंजूरी मिल गई है। इस माह के अंत तक काम शुरू हो जाएगा।

संपादकीय

# डिजिटल इकोनॉमी बनता भारत और पासवर्ड की गुत्थी

भारत एक डिजिटल भुगतान का चलन निरंतर बढ़ रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा इस चलन को रफ्तार देने के लिए बाकायदा जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। आरबीआई ने तो बगैर इंटरनेट वाले सामान्य फोन के जरिए तत्काल पेमेंट की सुविधा भी शुरू कर दी है। इससे देश के 40 करोड़ फीचर फोन यूजर्स को भी डिजिटल पेमेंट सुविधा का लाभ मिलेगा। देश की 60 प्रतिशत से अधिक आबादी पहले ही इंटरनेट से जुड़ी हुई है, जिनमें से बड़ी संख्या में लोग पेटीएम जैसे किसी न किसी वॉलेट का लाभ ले रहे हैं। इन ऐप्स की वजह से बार बार बैंक जाने की जरूरत नहीं पड़ती और कहीं से कभी भी किसी को भी पेमेंट करने की सहूलियत मिल जाती है। वॉलेट अथवा मोबाइल बैंकिंग का उपयोग करने के लिए चार अंकों का पिन नंबर याद रखना पड़ता है। बाकी सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म, ईमेल या सोशल मीडिया अकाउंट चलाने के लिए पासवर्ड का उपयोग करना होता है। कई सारे पासवर्ड याद रखना एक समस्या है।

यदि हल्का पासवर्ड रखा जाए तो अकाउंट चोरी यानी हैक होने का खतरा रहता है। पहले सोचा जाता था कि भारत में सबसे लोकप्रिय पासवर्ड 123456 है, लेकिन एक रिपोर्ट से पता लगा कि ऐसा नहीं है, बल्कि सबसे लोकप्रिय पासवर्ड है पासवर्ड। मजे की बात तो यह है कि जापान में भी हमारे देश जैसा ही टॉप पासवर्ड इस्तेमाल किया जाता है। पासवर्ड का प्रबंधन करने वाली एक संस्था, नॉर्डपास के एक ताजा शोध के अनुसार, भारत में लोग जिन अन्य सामान्य पासवर्ड का उपयोग करते हैं, वे हैं कृष्णा, साईराम, आइलवयू, और ओमसाईराम, आदि। भारत में अंदाजा लगाने योग्य संख्या वाले और कीबोर्ड के हिसाब से बने पासवर्ड विशेष रूप से लोकप्रिय हैं। अक्सर जब आप अपने घर में फाइबर कनेक्शन लेते हैं, तो तकनीकी टीम आपके वाईफाई पर अक्सर 12345 जैसा कोई पासवर्ड लगा देता है, ताकि आप आसानी से उसे याद रख सकें। हालांकि बाद में आप इसे बदल भी सकते हैं। कम्प्यूटर या मोबाइल के कीबोर्ड के अलग अलग रूपों को भी पासवर्ड की सूचियों में उच्च स्थान दिया गया था।

भारत में पासवर्ड के लिए नाम और प्यार भरे शब्द लोकप्रिय पाये गये। ऐसे ही, इंडिया123, 123456789, 12345678, एबीसी123, इंडया123, 123123, एबीसीडी1234 आदि कुछ अन्य सामान्य पासवर्ड हैं। भारतीय पासवर्ड की सूची में कई देशों के समान ट्रेंड देखने को मिले हैं।

भारत उन गिने-चुने देशों में से एक है जिसका नंबर वन पासवर्ड अलग है पासवर्ड, जबकि रिसर्च में शामिल हुए 50 देशों में से 43 के पास नंबर वन पासवर्ड 123456 मिला। पुरुषों और महिलाओं दोनों के बीच नाम बहुत लोकप्रिय हैं। नाम वाले पासवर्ड अक्सर प्रियंका, संजय, राकेश जैसे होते हैं। अंग्रेजी के प्यार भरे शब्द भी काफी आम हैं, खासकर महिलाओं के बीच, जैसे कि आईलवयू, स्वीटहार्ट, लवली, सनशाइन वगैरह।

अपने पासवर्ड को मजबूत और अनोखा बनाने के लिए उसके शुरू में, अंत में या बीच में कोई एक अंक और कोई एक अनूठे किस्म का लैटर प्रयोग करें। पासवर्ड याद रखने में कठिनाई हो सकती है, इसलिए इन्हें डायरी में नोट कर लें। पासवर्ड यदि 18 विशेष करेक्टर वाला बनाया जाए तो उसे हैक करना आसान नहीं होगा। इसमें कैपिटल अक्षर, अंक और विशेष चिन्हों का प्रयोग करना चाहिए। बच्चों के नाम और जन्मदिन आधारित पासवर्ड आसानी से हैक हो जाते हैं।

# विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस 15 मार्च 2022 - न्यायसंगत डिजिटल फाइनेंस



गोंदिया - वैश्विक स्तरपर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 15 मार्च 2022 को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जा रहा हैं और हर वर्ष की परिस्थितियों के अनुसार अलग -अलग थीम रखी जाती है जो इस वर्ष,न्याय संगत डिजिटल फाइनेंस यह थीम रखी गई है। हर वर्ष 15 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय स्तरपर विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जाता है। इसे मनानेका उद्देश्य उपभोक्ताओं को जमाखोरी, मिलावट, नापतोल में गड़बड़ी, कालाबाजारी, मनमाने दाम वसूलना, बगैर मानक वस्तुओं की बिक्री, ठगी, सामान की बिक्री के बाद गारंटी न देने के प्रति लोगों को जागरूक करना है। अधिकतर देशों में इस दिवस के बारे में जागरूक करने के लिए हर वर्ष जगह-जगह पर कैम्प लगाये जाते है। लोगों को जागरूक करने के लिए हर वर्ष आयोजन किए जातें है।

साथियों बात अगर हम 15 मार्च को यह दिवस मनाने की करें तो, भारत में राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस का इतिहास, यहां उपभोक्ता आंदोलन की शुरुआत 1966 में महाराष्ट्र से हुई थी। वर्ष 1974 में पूणे में ग्राहक पंचायत की स्थापना की गयी। जिसके बाद धीरे-धीरे पूरे भारत में यह आंदोलन बढ़ने लगा। 24 दिसम्बर 1986 को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम पारित किया और राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद अधिनियम बन गया। तभी से भारत में हर वर्ष 24 दिसम्बर को भी राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जाता है।

साथियों बात अगर हम भारत में उपभोक्ताओं को कानूनी सशक्तिकरण करने की करें तो भारत में उपभोक्ताओं के लिए उपभोक्ता संरक्षण के लिए 24 दिसंबर 1986 को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 पारित किया गया और बदलती परिस्थितियों के अनुसार उसमें संशोधन करते हुए अब भारत में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम (संशोधित) 2002 लागू है। इसके अलावा उपभोक्ताओं के हितार्थ उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, न्यायाधिकरण, जो जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तरपर उपभोक्ता न्यायालय के रूप में सुचारू रूप से कार्यरत हैं।

साथियों इसके अलावा उपभोक्ताओं को नुकसान पहुंचाने से रोकने के लिए अनेक विभाग, संगठन संस्थाओं को भी सफलतापूर्वक कार्यरत किया गया हैं। जो भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), भारतीय कानूनी माप विज्ञान संस्थान (आईआईएलएम) रांची, नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनसीसीएफ), नेशनल टेस्ट हाउस (एनटीएच) तथा क्षेत्रीय संदर्भ मानक प्रयोगशालाओं (आरआरएसएल) की प्रक्षेत्र इकाइयों को उपभोक्ताओं के हितार्थ कार्यरत किया गया है

साथियों बात अगर हम भारत में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस 15 मार्च 2022 को मनाने की करें तो उपभोक्ता मंत्रालय इसे 14 से 20 मार्च 2022 तक उपभोक्ता अधिकारिता सप्ताह के रूप में मनाएगा, जिसका उद्देश्य उपभोक्ताओं में अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना होगा जिसके। उपभोक्ता मामले विभाग आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में प्रगतिशील भारत के 75 साल और इसके लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास का स्मरण करने और समारोह मनाने के लिए एक सप्ताह तक उपभोक्ता अधिकारिता सप्ताह का आयोजन कर रहा है। ये समारोह 15 मार्च को आयोजित होने वाले विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के साथ मनाए जा रहे हैं। उपभोक्ता मामले विभाग देश में विभिन्न स्थानों पर कई कार्यकलापों का आयोजन करेगा।

# सशक्त लोकतंत्र के लिये सशक्त विपक्ष जरूरी



ललित गर्ग

उत्तरप्रदेश सहित पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों परिणामों के बाद एक बात विशेष रूप से उभर कर सामने आयी है कि सशक्त लोकतंत्र के लिये सशक्त विपक्ष बहुत जरूरी है। पंजाब में दिल्ली की ही भांति आम आदमी पार्टी की जो आंधी चली और नगण्य विपक्ष के रूप में आप की सरकार बनने जा रही है, उस तरह की सरकारें बनना एवं प्रचंड बहुमत मिलना लोकतंत्र के लिये गंभीर खतरा है। देश में लोकतंत्र को मजबूत बनाये रखना है तो जितना आवश्यक सत्ता धारी दल का स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बनाना है, उतना ही आवश्यक है सशक्त विपक्ष का होना ताकि सरकार के कामों पर निगरानी रखी जा सके एवं उसकी गलत नीतियों का विरोध किया जा सके। मजबूत विपक्ष होने से ही सत्तारूढ़ दल भी अपने कार्यों को मर्यादा में रहते हुए जनता के हित में कार्य करता रहेगा अन्यथा सत्ताधारी पार्टी कितनी भी परम उद्देश्य के साथ कार्य करने वाली हो, उसको कमजोर विपक्ष के रहते पथभ्रष्ट होने से रोक पाना मुश्किल होता है। सत्ता की राजनीति को प्राथमिकता देने वाले हमारे नेता यह भूल गये कि जनतंत्र में राजनीति सत्ता के लिए नहीं, जनता के लिए, जनता की रक्षा के लिये होनी चाहिए। यह अच्छी बात है कि विपक्ष जागरूक हो रहा है। अपने बिखरावों, गलत नीतियों, परिवारवादी सोच तथा लचर क्रियाकलापों पर विराम देने की कोशिश अगर वह करता है, तो लोकतंत्र के लिए यह शुभ एवं श्रेयस्कर होगा। देश के लिए सशक्त विपक्ष की आवश्यकता है।

लोकतंत्र के सफल संचालन में जितनी सत्ता पक्ष की भूमिका होती है, उतनी ही विपक्ष की भी। देश में जबसे भारतीय जनता पार्टी अपनी राष्ट्र निर्माणकारी विकास योजनाओं के साथ सरकारें बनाने लगी है, विपक्ष का लगभग सफाया हो गया है। इसका मुख्य कारण विपक्षी दलों की विसंगतिपूर्ण नीतियां एवं स्वार्थ की राजनीति है। एक कारण इन विपक्षी दलों का परिवारवादी होना भी है। विपक्षी पार्टियों के लिए अपने अस्तित्व को बनाये रखना है, तो उन्हें अपने स्वार्थ को छोड़ कर देश और देश की जनता के हितों के लिए सोचना ही होगा, राजनीति में आने का तात्पर्य समाज सेवा होना चाहिए न की अपनी और अपनों की तिजोरियों भरने का, या परिवार का पीढ़ियों से दलों पर एकाधिकार होना।

विपक्ष ने हमेशा गलत का साथ दिया, देश के सम्मुख खड़े संकट को कम करने की बजाय बढ़ाने में ही भूमिका निभाई। किसान आन्दोलन एवं कोरोना महामारी ने विपक्ष दलों की स्वार्थ एवं संकीर्ण सोच को ही प्रकट किया। कोरोना महामारी में लोग मर रहे थे और विपक्षी दल तथाकथित राजनीतिक स्वार्थों के नाम पर किसानों की गलत मांगों का समर्थन कर रहे थे। ऐसी ही अनेक राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में साथ देकर विपक्ष क्या जताना चाहता है? जब विपक्ष के लिए जानलेवा विपदा भी सत्ता हथियाने एवं सरकार को नाकाम साबित करने का एक मौका मात्र हो तो लोकतंत्र कैसे मजबूत हो सकता है?

कांग्रेस पार्टी ने सबसे लम्बे समय तक देश पर शासन किया, पर प्रश्न है कि विपक्ष की भूमिका में वह नकारा एवं निस्तेज क्यों है? यह अत्यन्त दुर्भाग्य का विषय है कि विरोधी पार्टी के रूप में नायकत्व करने वाली कांग्रेस पार्टी अपने अपरिपक्व केन्द्रिय नेतृत्व, अन्तर्कलहों, गलत नीतियों, अन्दरूनी भ्रष्टाचार और अराष्ट्रीय सोच के कारण प्रभावहीन होती जा रही हैं, जबकि उससे सशक्त और सार्थक भूमिका की आवश्यकता है। अन्य कोई राजनीतिक दल ऐसे प्रभावी विपक्ष के रूप में दिखाई नहीं देता। यह हो सकता है कि वर्तमान सत्तासीन पार्टी सही राह पर है, विकास की प्रभावी योजनाओं को लागू कर रही है, देश की सुरक्षा एवं रक्षा में भी उसने प्रभावी उपक्रम किये हैं, विदेशों में भारत की छवि को चार चांद लगाये हैं। लेकिन इतना सब होने पर भी सशक्त एवं आदर्श लोकतंत्र के लिये सशक्त विपक्ष होना नितान्त अपेक्षित है। शक्तिशाली विपक्ष के अभाव में संसद के दोनों सदनों में बहुमत प्राप्त, जिसकी संभावना है, सत्तासीन दल के हाथों सत्ता का दुरुपयोग भी हो सकता है। लोकतंत्र में यह स्थिति अवांछित है। अतः भारत की राजनीतिक संरचना में सशक्त विपक्ष की आवश्यकता है। जनता में भरोसा उत्पन्न कर विपक्ष को अपनी छवि का निर्माण करने की आवश्यकता है। विपक्षी पार्टियाँ जो अपनी भूमिका के प्रति सचेत भी हो रही हैं, लेकिन भ्रष्टाचार, परिवारवादी संकीर्ण सोच एवं अराष्ट्रवादी नीतियों के कारण अपनी छवि बिगाड़ने की ही अधिक कोशिश कर रही हैं।

हम हिन्दुस्तानी अक्सर इस बात पर गर्व करते हैं कि हमारा देश सबसे बड़ा लोकतंत्र है और नागरिकों की आशा-आकांक्षाओं के अनुरूप प्रशासन देने वाला, संसदीय प्रणाली पर आधारित इसका मजबूत संविधान है। पर इसके बावजूद राजनीतिक प्रक्रिया में विपक्षी दलों की लगातार साख गिरने, उनमें भ्रष्टता, परिवारवाद एवं अराष्ट्रीय सोच को लेकर आम लोगों में अरुचि और अलगाव बहुत साफ दिखाई देता है, खासतौर से मध्यवर्ग, कामकाजी प्रफेशनल्स और युवा आबादी में। शायद यही वजह है कि आज मुश्किल से ही कोई ऐसा व्यक्ति मिलता है, जिसकी राजनीतिक प्रक्रिया का हिस्सा बनने में कोई दिलचस्पी हो। इस वर्ग का ध्यान अपनी ओर खींचने के लिए विपक्षी दलों में जोरदार होड़ मची हुई है। लेकिन विसंगतिपूर्ण विपक्षी राजनीति सोच और उनके नेताओं के बारे में शिक्षित और मध्यवर्गीय आबादी के नजरिए में अंतर न लाया जा सका है।


स्वतंत्र विचारों वाले जागरूक नागरिकों द्वारा हर सरकार के कामकाज और विपक्ष की भूमिका निभाने वाले नेता एवं पार्टी का भी मूल्यांकन किया जाना चाहिए। यह उन्हें अपनी चुनावी घोषणाओं या जीतने के बाद किए गए वायदों के प्रति उत्तरदायी बनाएगा। हमें ऐसे मंच तैयार करने चाहिए जो भारत के उन युवाओं, प्रफेशनल्स और ऊर्जावान नागरिकों को एक साथ लाएं और आपस में जुड़ने का अवसर दें, जो इस देश की तस्वीर बदलना तो चाहते हैं लेकिन ऐसा कर नहीं पाते क्योंकि उनके पास मंच नहीं है। मजबूत विपक्षी नेतृत्व को तैयार करने के लिए हमें उनकी ऊर्जा को सही चैनल देने की पहल करनी होगी। यही युवा, सक्रिय नागरिक और प्रफेशनल अपने पेशे, अपने तौर-तरीकों और नागरिकों मूल्यों की वजह से दूसरों के लिए रोल मॉडल की भूमिका निभाते हुए प्रभावी विपक्ष या नयी सोच वाले राजनीतिक दल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। तभी देश वास्तविक रूप से विकास की ओर उन्मुख हो सकेगा और विश्व में देश को गौरव दिला सकेगा।

विपक्षी दलों और उनके गठबंधनों ने वैचारिक, राजनीतिक और आर्थिक आधार पर सत्तारूढ़ दल भाजपा की आलोचना तो व्यापक की, पर कोई प्रभावी विकल्प नहीं दिया। किसी और को दोष देने के बजाय उसे अपने अंदर झांककर देखना चाहिए। लोकतंत्र तभी आदर्श स्थिति में होता है जब मजबूत विपक्ष होता है। आज आम आदमी महंगाई, व्यापार की संकटग्रस्त स्थितियां, बेरोजगारी, महिला असुरक्षा, पर्यावरण आदि समस्याओं से परेशान है, ये स्थितियां विपक्षी एकता के उद्देश्य को नया आयाम दे सकती है, क्यों नहीं विपक्ष इन स्थितियों का लाभ लेने को तत्पर होता। बात केवल सशक्त विपक्ष की ही न हो, बात केवल मोदी को परास्त करने की भी न हो, बल्कि देश की भी हो तो आज विपक्ष इस दुर्दशा का शिकार नहीं होता। वह कुछ नयी संभावनाओं के द्वार खोलता, देश-समाज की तमाम समस्याओं के समाधान का रास्ता दिखाता, सुरसा की तरह मुंह फैलाती महंगाई, अस्वास्थ्य, बेरोजगारी, आर्थिक असंतुलन और व्यापार की दुर्दशा पर लगाम लगाने का रोडमेप प्रस्तुत करता, कोरोना से आम आदमी, आम कारोबारी को हुई परेशानी को उठाता तो उसकी स्वीकार्यता बढ़ती। व्यापार, अर्थव्यवस्था, बेरोजगारी, ग्रामीण जीवन एवं किसानों की खराब स्थिति की विपक्ष को यदि चिंता है तो इसे उनके कार्यक्रमों एवं बयानों में दिखना चाहिए।

लोकतंत्र का मूल स्तम्भ विपक्ष मूल्यों की जगह कीमत की लड़ाई लड़ता रहा है, तब मूल्यों को संरक्षण कौन करेगा? सत्ता हासिल करने एवं मोदी विरोध का एक खामोश किस्म का सत्ता युद्ध देश में जारी है। एक विशेष किस्म का मोड़ जो हमें गलत दिशा की ओर ले जा रहा है, यह मूल्यहीनता और कीमत की मनोवृत्ति, अपराध प्रवृत्ति को भी जन्म दे सकता है।

हमने सभी विधाओं को बाजार समझ लिया। जहां कीमत कद्दावर होती है और मूल्य बौना। सिर्फ सत्ता को ही जब विपक्ष या राजनीतिक दल एकमात्र उद्देश्य मान लेता है तब वह राष्ट्र दूसरे कोनों से नैतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक स्तरों पर बिखरने लगता है। क्या इन विषम एवं अंधकारमय स्थितियों में विपक्षी दल कोई रोशनी बन सकते हैं, अपनी सार्थक भूमिका के निर्वाह के लिये तत्पर हो सकते हैं?

# प्रजातंत्र के चुनावी प्रणाली में ई वी एम की भुमिका पर शंका क्यू



भारतीय लोक तंत्र के महापर्व का यह बर्ष सन 2022 है । इस साल में कई राज्यो के विधान सभा के चुनाव होने वाले है। पाचँ राज्य के विधान सभा के चुनाव ना सम्पन्न हुए बल्कि चुनाव के नतीजे आ गयें है। चार राज्यों उत्तर प्रदेश % उत्तराखण्ड , गोवा व मणिपुर के विधान सभा के चुनाव के केद्रीय नेतत्व के कुशल रणनीति व मार्गदर्शन में ना केवल बहुमत के जादूई आंकड़े लायें बल्क सरकार बनाने सफलता पाई ! हालाकि इस बार राज्य की जनता नें राजनीति के घुंघरू दरो को सबक सिखाई बल्कि हार का मजा भी चखाया % चाहे उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य हो % स्वामी प्रसाद मौर्य %स्वच्छ छवि वाले योगी आदित्यनाथ जी मंत्री मण्डल के 11 सदस्य हो % जहाँ तक देव भुमि उत्तराखण्ड के बात हो बहाँ की जनता नें मुख्यमंत्री घामी या भावी मुख्य मंत्री के चेहरे रूप में चुनाव लड रहे दिग्गज कांग्रेसी नेता हरीश रावत जी हो ,पंजाब की जनता तो वर्तमान व निवर्तमान कई मुख्य मंत्री यो को ना केवल ना कारा ब्लकि उसकी राजनीतिक जीवन में विराम लगाते हुए पंजाब में स्वच्छता अभियान के तहत झाड़ू चलाते हुए आम आदमी पार्टी पर ना केवल भरोसा जताया ब्लकि 92 विधायकों को चुन कर पंजाब में प्रखंड बहुमत का विजयी परचम लहराया है। परिणाम स्वरूप सभी राजनीतिज्ञ दलो के नेता व राजनीति पंडितो व विशेषज्ञ की भविष्य वाणी को लेकर कर टेन्सन बढ गया है। आप को याद होगा विगत दिनो जब एक टी वी चैनल पर खबर प्रसारित किया गया है। माननीय प्रधान मंत्री के संसदीय क्षेत्र वनारस में ई वी एम से लदा एक ट्रक को एक राजनीति दल के कार्य कर्ताओ ने पकड़ लिया है जिसकी सुचना सपा के अखिलेश यादव ने प्रेस कांफ्रेंस कर पत्रकारों को दे दिया । जिसके बाद यह खबर आग की भाँति शोसल मीडिया व अन्य सुचना माध्यमों सें फैल गई।

चुनाव में तो हार जीत लगी ही रहती है। चुनाव जीतने के खुशी में जशन व चुनाव हराने के कारण अपने हार के कारणो का पता लगना % चिन्तन मनन व आत्म मंथन की आवश्कता होती है ना कि ई वी एम मशीन पर अपनी व अपनी पार्टी की हार का ठीकरा फोड़ने का । ऐसे में मुझे पुराने दिनो की घुन्धलीं यादें आज ताजगी हो गई है %जब 2009 में लोकसभा चुनाव हारने के बाद भाजपा के तत्कालीन प्रधानमंत्री पद के प्रत्याशी आडवाणी जी ई बी एम के विरोध में सुप्रीम कोर्ट पहुँचे थे। उसके बाद आडवाणी जी धीरे धीरे पार्टी में साइडलाइन हो गए।संवैधानिक व लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान पत्र से मतदान करने में मतदाता के मताधिकार मत की वैधानिकता प्रमाणिकता की गारंटी सुनिश्चित है।ई वी एम को लेकर

संघ के तथाकथित बुद्धिजीवी इलेक्शन ऐनालिस्ट जीवीएल नरसिम्हा राव ने 2010 में ईबी एम के प्रयोग के विरोध में एक पुस्तक लिखी ,जिसका विमोचन तत्कालीन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन गड़करी ने किया ।उसके बाद नितिन गड़करी को दूसरा कार्यकाल नहीं मिला बल्कि सही शब्दों में लिखूँ तो संघ की पूरी कोशिश के बाद भी नहीं मिला।आम आदमी पार्टी ने 2017 में पंजाब विधान सभा चुनाव के आपति उठाई थी ।

## हम सब अवसर से घिरे है - आनंदश्री

### - सिर्फ नजरिये की है बात

बुरे वक्त में कुछ टूट जाते हैं तो कुछ रिकॉर्ड तोड़ जाते है। मैं जानता हूँ अहमदाबाद के रहने वाले मेघा जी को। जिन्होंने मात्र 3500 से एक व्यापार शुरू करते हुये उसे लाखों तक पंहुचाया। आज उनके साथ साथ 20 महिलाओं को रोजगार मिल रहा है।

### - कहानी पढ़िये मत साहब, कहानी बनाइये

वक्त की मांग है। बहुत हुआ रोज का पढ़ना और सूचना को एकत्रित करना। अब वक्त की पुकार है। अवसर को देखो और तुरंत लपक जाओ। आपका भविष्य सुनहरा है गर आप अवसर को देखते है।

### - एकला चलो


अगर कोई साथ नही है, साथ न दे तो रुकिए मत। शुरू कीजिए। हम सब अवसर से घिरे है। कोई देख लेता है, कोई भाप लेता है तो कोई छोड़ देता है।

अकेले चलिए। काफिला भी आएगा। एक बूंद हो तो क्या हुआ, लौट कर समंदर भी आएगा।
वह लहरें हैं, कुछ भी बोलेंगे,
लेकिन प्यासा सलिखे से बोलेगा।
प्यासा बनिये, अवसर देखिये और जल्द से जल्द काम की शुरुवात कीजिये।



प्रो डॉ दिनेश गुप्ता- आनंदश्री
आध्यात्मिक व्याख्याता एवं माइंडसेट गुरु, मुम्बई

# पंजाब में 'आप' के 'मान' के लिये सत्ता कितनी आसान ?



तनवीर जाफ़री

देश के सबसे नवोदित राजनैतिक दल आम आदमी पार्टी ने राजधानी दिल्ली की राज्य की सत्ता पर क़ब्ज़ा जमाने के बाद अब देश के सबसे समृद्ध व संपन्न समझे जाने वाले राज्य पंजाब के विधानसभा चुनावों में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर देश के राजनैतिक पंडितों को हैरत में डाल दिया है। आश्चर्य की बात तो यह है कि आप ने अपने चुनाव निशान के नाम व काम को सार्थक करने वाले झाड़ू फेरने के मुहावरे को जिस तरह पूर्व में दिल्ली के चुनावों में साकार किया था अपने विरोधियों पर लगभग उसी तरह की झाड़ू फेरने वाली जीत पंजाब में भी दर्ज की है।

ग़ौरतलब है कि आम आदमी पार्टी ने 2015 में दिल्ली की कुल 70 विधानसभा सीटों के विधानसभा चुनाव में 54.34 प्रतिशत मत हासिल करते हुये 67 सीटें जीत कर कांग्रेस व भाजपा जैसे राष्ट्रीय दलों को ज़ोरदार झटका दिया था। इस चुनाव में भाजपा मात्र 3 सीटें ही जीत सकी थी जबकि कांग्रेस पार्टी के तो 63 प्रत्याशियों की ज़मानत भी ज़ब्त हो गयी थी। उसी तरह 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी आम आदमी पार्टी ने 62 सीटें हासिल की थीं जबकि भारतीय जनता पार्टी को केवल 8 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। 2020 में भी दिल्ली में कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत सकी थी। 2015 व 2020 के चिनवों में स्वयं प्रदानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दिल्ली में हैलीकॉप्टर से घूम घूम कई जनसभाएं की थीं। लगभग दिल्ली जैसा प्रदर्शन पंजाब में भी दोहराते हुये आम आदमी पार्टी ने यहाँ भी अन्य सभी राष्ट्रीय व क्षेत्रीय दलों के अरमानों पर पूरी तरह से झाड़ू फेरते%हुये पंजाब विधान सभा की कुल 117 सीटों में से 92 सीटें पर अपनी विजय पताका फहराई है। सत्ता में रही कांग्रेस पार्टी को मात्र 18 सीटों पर जीत हासिल हुई जबकि राज्य में शासन करने वाले एक और प्रमुख राजनैतिक दल अकाली दल को मात्र 4 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा है। आप ने राज्य के सभी वर्तमान-निवर्तमान मुख्य व उप मुख्य मंत्रियों व दिग्गजों को भी बुरी तरह पराजित कर दिया है।

आम आदमी पार्टी ने इस चुनाव में अपने मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में पार्टी के दो बार सांसद रह चुके भगवंत मान को पेश किया था। भगवंत मान ने हालांकि आम आदमी पार्टी से अपने जीवन के राजनैतिक सफ़र की शुरुआत तो ज़रूर की है परन्तु राजनीति में पदार्पण से पूर्व भी वे पंजाब ही नहीं बल्कि एक विश्वस्तरीय हास्य कलाकार (कॉमेडियन) के रूप में अपनी पहचान बनाये हुये थे तथा एक सेलेब्रेटी के रूप में ही जाने जाते थे। उधर सांसद चुने जाने के बाद लोकसभा में आप का प्रतिनिधित्व करते हुये उन्हें जितनी बार भी लोकसभा में बोलने का मौक़ा मिला उन्होंने अपने काव्य शैली के चुटीले अंदाज़ में कई बार व्यंग्य पूर्ण कवितायें सुनाकर न केवल सत्ता पर प्रहार किये बल्कि देश को अपनी फ़िक्र व विचारधारा से भी अवगत कराया। मान अपने सांसद काल के दौरान न केवल अपने संसदीय क्षेत्र में ज़मीनी स्तर पर जनसमस्यों के समाधान करने को लेकर सक्रिय रहे बल्कि इस दौरान उन्होंने पूरे पंजाब का दौरा कर संगठन को भी राज्य स्तर पर मज़बूती प्रदान की।

अब आम आदमी पार्टी के पक्ष में पंजाब में चली इस सुनामी को चाहे इस ढंग से परिभाषित किया जाये कि यह आप द्वारा मतदाताओं के लिये खोले गये मुफ़्त के पिटारे का कमाल है अथवा यह कहा जाये कि राज्य की जनता कांग्रेस व शिरोमणि अकाली दल (बादल) की पारंपरिक राजनीति से ऊब चुकी थी,अथवा आप को मिला प्रचंड बहुमत पंजाब को नशा मुक्त कराने के आप विशेषकर भगवंत मान के वादों पर विश्वास करने का नतीजा है ? या फिर इसे अरविन्द केजरीवाल के दिल्ली शासन से प्रभावित होकर पंजाब के मतदाताओं द्वारा लिया गया अभूतपूर्व निर्णय माना जाये।

अथवा शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास,रोज़गार गोया सुशासन के लिए दिया गया जनादेश ?अथवा इसे उपरोक्त सभी परिस्थितियों का मिला जुला परिणाम कहा जाये परन्तु निश्चित रूप से मात्र आठ वर्ष पहले जन्मी पार्टी के हाथों एक समृद्ध व संवेदनशील कृषि प्रमुख राज्य की सत्ता सौंप कर पंजाब वासियों ने आम आदमी पार्टी से काफ़ी उम्मीदें ज़रूर लगा रखी हैं। और अब गेंद आम आदमी पार्टी के पाले में है कि वह पंजाब के लोगों के सपनों व उम्मीदों पर कितना खरा उतर पाती है।


हां यह समझना भी ज़रूरी है कि पंजाब, दिल्ली की तरह का छोटा राज्य नहीं बल्कि लगभग बीस हज़ार वर्ग मील के क्षेत्र में फैला 23 ज़िलों वाला एक बड़ा सीमावर्ती राज्य है। इसकी सीमायें जहाँ राजस्थान,हरियाणा व हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों से मिली हैं वहीँ इसकी सीमायें कश्मीर जैसे संवेदनशील राज्य से भी मिलती हैं। इसके अतिरिक्त लगभग 553 किलोमीटर लंबी पाकिस्तान सीमा भी पंजाब राज्य से मिलती है। इसलिये सीमावर्ती राज्य होने के नाते आतंकी घुसपैठ,नशीले पदार्थों व हथियारों आदि की तस्करी जैसी समस्याओं से निपटना भी %आप % विशेषकर मान के लिये कम चुनौतीपूर्ण नहीं होगा। दूसरा सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह भी है कि दिल्ली की केजरीवाल सरकार और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के बीच कई बार ऐसी खींचातानी देखी गयी जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी।

मुख्यमंत्री केजरीवाल प्रायः केंद्र सरकार पर असहयोग व दिल्ली के विकास में बाधा खड़ी करने एवं राज्य के अधिकारों के हनन जैसे गंभीर आरोप लगते रहे हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल से भी केंद्र व राज्य के अधिकारों को लेकर कई बार तलवारें खिंची देखी गयीं। ऐसे में केंद्र की मोदी सरकार पंजाब में आप की सरकार से कितना सहयोग करेगी और पंजाब की मान सरकार दिल्ली दरबार से कितनी उम्मीदें रखेगा। गोया केंद्र राज्य के रिश्ते भी भगवंत मान की राजनीति की परीक्षा लेंगे। यहाँ यह ध्यान रखना भी ज़रूरी है कि विभिन्न भाजपा शासित राज्यों में डबल इंजन की सरकार का दंभ भरने वाली भाजपा इसी डबल इंजन के बहाने देश को विपक्ष मुक्त करने का भी खेल खेल रही है।

पंजाब हरियाणा के मध्य प्रस्तावित 214 किलोमीटर लंबी नहर परियोजना, सतलुज यमुना लिंक नहर का विवाद बावजूद इसके कि यह विषय अभी सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है। परन्तु पंजाब और हरियाणा राज्यों के बीच नदी जल बंटवारे को संदर्भित करता यह विषय कभी कभी दोनों राज्यों के बीच तनाव का कारण बन जाता है। मान के समक्ष इस विषय को भी अत्यंत सूझ बूझ व गंभीरता से निपटने की चुनौती होगी।

बेशक पंजाब के बहुसंख्य सिख वोट अकालियों को नहीं गये,दलित मतों ने चन्नी के चेहरे को नापसंद करते हुये आप से ही उम्मीद बाँधी यहाँ तक कि हिन्दू मतों की सौदागरी करने वाली भाजपा भी पंजाब में पर्याप्त हिन्दू मत न ले सकी और वे भी प्रायः आप के पक्ष में गये। इन चुनौतियों और जनादेश के विश्वास के बीच सामंजस्य बिठाते हुये पंजाब में आप के मान के लिये सत्ता कितनी आसान होगी यह आने वाले दिनों में ही पता चल सकेगा।

## हर तरफ तलाश !



उथल-पुथल है मचा।
हो कोई भी दल ।।
रहे निहार अपना।
आने वाला कल ।।
भले नहीं हो जनाधार।
रहे पर टहल ।।
चमके जब सितारा।
मिले शायद फल ।।
भस्मासुर अपने ही।
बन रहे विचार ।।
नाव का तो पता नहीं।
अधजल में पतवार ।।
नए-नए ठिकाने की।
हर तरफ तलाश ।।
मिल जाए कुछ खास।
हमको भी यदि काश ।।

कृष्णेन्द्र राय

## शार्ट न्यूज

### अंबेडकरनगर से निर्वाचित विधायकों ने की अखिलेश से मुलाकात



लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अंबेडकर नगर जिले की सभी पांच सीटें जीतने का करिश्मा करने वाले समाजवादी पार्टी (सपा) विधायकों ने रविवार को पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की। पार्टी के प्रदेश दफ्तर में श्री यादव से मुलाकात करने वालों में लालजी वर्मा,राममूर्ति वर्मा,त्रिभुवन दत्त,राकेश पांडेय और राम अचल राजभर शामिल हैं। इस मौके पर पार्टी अध्यक्ष ने सभी निर्वाचित विधायकों को बधाई देते हुये अंबेडकरनगर की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि सपा ने इससे पहले वर्ष 2012 के विधानसभा चुनाव में जिले की पांचों सीटों पर जीत दर्ज की थी वहीं वर्ष 1993 तथा वर्ष 2007 में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने जिले में क्लीन स्वीप किया था। टांडा से पूर्व मंत्री राममूर्ति वर्मा, अकबरपुर से पूर्व मंत्री रामअचल राजभर, कटेहरी से पूर्व मंत्री लालजी वर्मा, जलालपुर से पूर्व सांसद राकेश पाण्डेय व आलापुर से पूर्व सांसद त्रिभुवनदत्त को विजयी हुये हैं। चुनाव से पहले बसपा से निष्कासित होने पर लालजी वर्मा और राम अचल राजभर ने सपा की सदस्यता ग्रहण की थी। एक जमाने में अंबेडकरनगर को बसपा का गढ़ माना जाता था मगर इस चुनाव में उसे सिर्फ मायूसी हाथ लगी है।

### संभल में मेंथा फैक्ट्री में आग, लाखों का नुकसान

संभल। उत्तर प्रदेश में संभल जिले के नखासा क्षेत्र में एक मेंथा फैक्ट्री में आग लगने से लाखों रुपयों का आयल स्वाहा हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जहूर गार्डन कॉलोनी में मोहल्ला खग्गू सराय निवासी हाजी महमूद की मेंथा फैक्ट्री में आज सुबह आग लग गई। थोड़ी ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और फैक्ट्री में रखें मेंथा से भरे ड्रम व मशीनों को आग ने अपनी चपेट में ले लिया। फैक्ट्री में आग लगने की सूचना पर पुलिस व फायर बिग्रेड मौके पर पहुंच गई। फायर बिग्रेड ने काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। अपर पुलिस अधीक्षक आलोक जायसवाल एवं उप जिलाधिकारी रमेश बाबू भी मौके पर पहुंचे। फैक्ट्री मालिक ने आग से लाखों रुपयों का नुकसान होना बताया है।

### फर्रूखाबाद में बैंक में आग

फर्रूखाबाद। उत्तर प्रदेश में फर्रूखाबाद जिले के शमसाबाद क्षेत्र में रविवार को बैंक ऑफ इण्डिया की शाखा में,आग लगने से कम्प्यूटर और फाइले जलकर राख हो गईं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम रजलामई स्थित बैंक ऑफ इण्डिया शाखा में आज तड़के 3-4 बजे कम्प्यूटर उपकरण में बिजली शॉर्ट सर्किट होने से अचानक आग लग गई। रविवार को बैंक बन्द होने अन्दर से धुएं गुब्बारे निकलने पर आस-पड़ोस के ग्रामीणों की भीड़ लग गई। घटना की सूचना मिलते ही बैंक शाखा प्रबंधक विक्रम सिंह कुशवाहा, पुलिस और फायर बिग्रेड मौके पर पहुँचे। इसके बाद फायर बिग्रेड के जवानों ने पुलिस व ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद करीब एक घण्टे के अन्दर आग पर काबू पाया। इस अग्निकाण्ड में करेंसी नहीं जली मगर बैंक की फाइलें व तीन कम्प्यूटर बिजली शॉर्ट सर्किट से जलकर राख हो गए।

### बागपत के गुफा मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब

बागपत। उत्तर प्रदेश में बागपत के गुफा मंदिर पर होली पर्व से पहले रविवार को प्रसाद चढ़ाने और पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओ की भारी भीड़ उमड़ी। दरअसल, बागपत के पास दिल्ली यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गुफा वाले मंदिर पर होली पर्व पर प्रतिवर्ष मेला लगता है। होली पर्व से पूर्व रविवार को यहाँ विशेष पूजा अर्चना होती है। श्रद्धालु पूजा अर्चना करने व मन्नत मांगने यहाँ आते है। रविवार की सुबह चार बजे से पहले ही यहाँ श्रद्धालुओं के जत्थे पहुंचने लगे थे, जो दिन निकलने के साथ सैलाब में तब्दील हो गयी। जिसके कारण दिल्ली सहारनपुर हाइवे पर करीब दो किलोमीटर लंबा जाम भी लग गया और हाइवे पर वाहनों के पहिये थम गए। वाहन चालकों व श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। गुफा मंदिर के प्रसाद चढ़ाने आये सेना के जवान ने जाम खुलवाने की कोशिश की। वही पुलिस भी जाम खुलवाने के लिए जद्दोजहद करती नजर आयी। गुफा मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के बाद श्रद्धालुओं ने मन्नत भी मांगी।

### कुशीनगर में धार्मिक जुलूस में ध्वज 11 हजार केवी की चपेट में, एक मरा

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश में कुशीनगर जिले के पडरौना क्षेत्र में रविवार को श्याम निशान यात्रा के दौरान लहराए जा रहे ध्वज में करंट आने से चार लोग झुलस गये जिनमें एक की मौत हो गयी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खाटू श्याम मंदिर से निकले जुलूस के दौरान दुर्घटना में हुई मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होने अधिकारियों को दुर्घटना में घायलों का समुचित उपचार कराने के भी निर्देश दिए हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नगर स्थित श्याम मंदिर से सुबह नौ बजे निशान यात्रा निकली थी। यात्रा साहबगंज होते हुए बावली चौक पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं। यात्रा रामकोला रोड के रास्ते सुभाष चौक की तरफ बढ़ रही थी कि अचानक आवास विकास कॉलोनी के समीप काफी उंचाई वाला ध्वज उपर से होकर गुजरे तार में जा सटा जिससे लोहे की पाइप में करंट उतर आया। इससे ध्वज लिए चल रहीं दो महिलाएं करंट की चपेट में आ गईं। दोनों की हालत देख नजदीक स्थित दो युवक बचाने दौड़े। महिलाओं को बचाने में युवक करंट की चपेट में आने से झुलस गए। आनन-फानन में दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने प्रभात बंका (30) निवासी साहबगंज पडरौना को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे युवक को प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने छुट्टी दे दी। करंट की चपेट में आईं दोनों महिलाओं की हालत भी सामान्य है।

### रायबरेली में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

रायबरेली। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के शर्मनाक प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हुये रायबरेली में कांग्रेस अध्यक्ष अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस के गढ़ के रूप से प्रसिद्ध रायबरेली का गांधी परिवार से लंबा नाता रहा है। हाल में सम्पन्न विधानसभा चुनाव में पार्टी का यहाँ से सूपड़ा साफ हो गया। शर्मनाक हार से क्षुब्ध पार्टी के जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए कांग्रेस हाईकमान में अपना विश्वास व्यक्त करते हुए उन्हें इस्तीफा सौप दिया है। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव में रायबरेली संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सभी विधानसभा सीटो पर पार्टी का प्रदर्शन बहुत निराशाजनक रहा है। कभी यहाँ की सभी सीटों पर अपना झंडा बुलंद करने वाली कांग्रेस के उम्मीदवार पांच में से तीन सीट पर अपनी जमानत भी न बचा सके। केवल सरेनी और बछरांवा में वोट प्रतिशत कुछ ठीक था, जहाँ सरेनी में लगभग 20 प्रतिशत और करीब 27 प्रतिशत कांग्रेस का वोट था। पंकज तिवारी ने त्यागपत्र में पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और राहुल गांधी पर अपना विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी की हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए वह जिलाध्यक्ष के पद से इस्तीफा देते है लेकिन पार्टी की विचारधारा के लिए अपनी अंतिम सांस तक काम करते रहेंगे।

# मुस्लिम समाज की चूक भाजपा की सफलता का कारक : मायावती




**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने कहा कि उत्तर प्रदेश की तरह उत्तराखंड में भी मुस्लिम समाज के लोगों ने सही विकल्प चुनने में चूक की जिसके चलते लोगों की नाराजगी के बावजूद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर्वतीय राज्य में दोबारा सरकार बनाने में सफल हो गयी। मायावती ने रविवार को यहां उत्तराखण्ड के पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक कर चुनाव संबंधी तथ्यों की समीक्षा की। उत्तराखण्ड में बसपा को दो सीटें मिली है तथा पार्टी का वोट प्रतिशत तीसरा सबसे अधिक 4.9 रहा है।

उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश की तरह उत्तराखण्ड में भी सत्ताधारी भाजपा को हराने के लिए जी-जान तो काफी लगाया परन्तु खासकर मुस्लिम समाज के लोगों ने भी सही विकल्प चुनने में चूक की, जिस कारण भाजपा के खिलाफ गरीबी, महंगाई, बेरोजगारी तथा इनके अहंकारी व निरंकुश रवैये के विरूद्ध लोगों में जबरदस्त नाराजगी के बावजूद तथा लोगों के नही चाहते हुए भी इसका सीधा लाभ दोबारा से भाजपा को मिल गया।

उन्होने भरोसा दिलाया कि जो भी कमियां पार्टी संगठन के कार्यों में नज़र आई हैं उन्हें दूर करके आगे बढ़ने का प्रयास लगातार जारी रखना है। उन्होने कहा कि यह भी याद रखना है कि धनबल से लैस उनके राजनीतिक विरोधी गंदी निगेटिव पॉलिटिक्स तथा साम, दाम, दण्ड व भेद आदि अनेकों हथकण्डों में महारत रखते हैं। वे दूसरों को गलत साबित करके ही खुद को अच्छा बन जाने को ही गुड गवरनेन्स समझकर जनता को गुमराह करने का प्रयास करते रहते है और इसीलिए पार्टी के अब तक के प्रयास काफी उनके हिसाब से संघर्ष में सही साबित नही हो पा रहे है, जिसके लिए फिर से कमर कसने की ज़रूरत है।

## यूपी में 100 के नीचे खिसका कोरोना का आंकड़ा, 24 घंटे में केवल 72 नए केस मिले



**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने रविवार को बताया है कि प्रदेश में बीते एक दिन में कोरोना संक्रमण के 76 नये मामले आए हैं। वहीं 24 घंटे में कुल 1,23,475 सैम्पल की जांच की गई। प्रदेश में अब तक कुल 10,60,29,331 सैम्पल की जांच की गई है। उन्होंने बताया कि 24 घंटों में 162 लोग और अब तक कुल 20,45,092 लोग कोविड-19 से ठीक हुए हैं। उन्होने बताया कि कोरोना के कुल 1,313 एक्टिव मामले हैं। श्री प्रसाद ने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। प्रदेश में 12 मार्च 2022 को एक दिन में 4,21,745 वैक्सीन की डोज दी गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कल तक 18 वर्ष से अधिक लोगों को कुल पहली डोज 15,24,48,057 और दूसरी डोज 12,03,96,024 दी गई। उन्होंने बताया कि 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग को कल तक कुल पहली डोज 1,28,78,493 और दूसरी डोज 62,53,011 दी गई है। कल तक 23,34,127 प्रीकॉशन डोज दी गई है। उन्होंने बताया कि कल तक कुल मिलाकर 29,43,09,712 वैक्सीन की डोज दी गई है।

## आजमगढ़ में डबल मर्डर से सनसनी

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ के दीदारगंज क्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला और उसकी नातिन की हत्या से सनसनी फैल गयी है। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने रविवार को कहा कि गुवाई गांव निवासी लीलावती (50) और उसकी नातिन आंचल (12) घर में सोये हुये थे। आज सुबह काफी देर तक जब बाहर नहीं आए तो आसपास के लोगों ने दरवाजा खोलकर देखा तो दोनों के लहूलुहान शव पड़े मिले। लीलावती के पति उमाशंकर गुप्ता बिहार में नौकरी करते हैं जबकि आंचल की मां अपने ससुराल में रहती है। गांव वालों का कहना है कि आंचल और लीलावती शाम को अपने घर के बाहर दिखाई दी थी, लेकिन सुबह जब काफी देर तक लोग घर के बाहर नहीं दिखाई दिए, तो आसपास के लोग घर में गए और देखा तो आंचल और लीलावती दोनों की हत्या कर दी गई थी। सूचना मिलते ही मुकामी पुलिस के बाद मौके पर आजमगढ़ परिक्षेत्र के डीआईजी अखिलेश कुमार, एसपी अनुराग आर्य भी पहुंच गए। पूरे वारदात का निरीक्षण किया और घटना में किसी करीबी के सलिप्त होने की आशंका जताते हुए शीघ्र खुलासे का दावा किया।

## झांसी मेडिकल कॉलेज की डॉ रजनी गौतम को गोल्ड मेडल

एजेंसी

**झांसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी स्थित महारानी लक्ष्मी बाई मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की सहायक आचार्य डॉ रजनी गौतम को सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र के लिए यूपी चैप्टर ऑब्स एंड गायने के वार्षिक अधिवेशन में श्री प्रभु दयाल बवेजा गोल्ड मेडल से पुरस्कृत किया गया।

डॉ गौतम ने रविवार को बताया कि यह अधिवेशन मेरठ ऑब्स एवं गायनी द्वारा आयोजित किया गया था। इस वर्ष अधिवेशन का विषय ग्रामीण महिलाओं के स्वास्थ्य पर आधारित रहा। उन्होंने बताया कि मातृ मृत्यु का एक प्रमुख कारण असुरक्षित गर्भपात और गर्भपात के बाद चिकित्सीय परामर्श में देरी होना है। गर्भपात के कारण मृत्यु अत्यधिक रक्तस्त्राव, संक्रमण, खून में जहरवाद होने अथवा बच्चेदानी और आंतों में छेद होने से हो सकती है।

उन्होंने अपने अध्ययन में डेढ़ सौ उन महिलाओं को लिया जो गर्भपात के बाद बहुत अधिक रक्तस्त्राव के कारण अधिक गंभीर व अचेत अवस्था में मेडिकल कॉलेज आयीं। उन महिलाओं को तुरंत जीवन रक्षक दवाओं, ब्लड ट्रांसफ्यूजन, व सफाई द्वारा बचाया गया।

कुछ मरीजों को वेंटिलेटर पर भी रखना पड़ा। इसके बाद महिलाओं के सामान्य होने पर उन्हें परिवार नियोजन के साधनों जैसे छाया, अंतरा, ओरल कांट्रेसेप्टिव पिल्स, नसबंदी के लिए परामर्श दिया गया। अधिकांश महिलाओं ने इन उपायों को अपनाया और जब महिलाएं दोबारा दिखाने आई तो सभी पूर्ण रूप से स्वस्थ एवं संतुष्ट थी। अध्ययन में यह देखा गया कि महिलाओं में गर्भपात के तुरंत बाद व अस्पताल से छुट्टी होने से पहले यदि इन परिवार नियोजन के साधन का प्रयोग किया जाए तो सभी गंभीर समस्या से सुरक्षा मिल सकती है। केंद्र सरकार द्वारा यह परिवार नियोजन के सभी साधन देश के सभी अस्पतालों व स्वास्थ्य केंद्रों पर मुफ्त उपलब्ध हैं। इन साधनों के मात्र प्रयोग से महिलाएं एक स्वस्थ व संतुलित जीवन का लाभ उठा सकती है।

## यूपी में धनकुबेर विधायकों की संख्या में हुआ इजाफा

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की विधानसभा में इस बार वर्ष 2017 के मुकाबले 11 फीसदी अधिक करोड़पति माननीय नजर आयेंगे वहीं दागी छवि वाले विधायकों की तादाद भी 15 फीसदी बढ़ी है।

इलेक्शन वॉच एसोसिएशन फ़ॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म ने विधानसभा चुनाव में सभी 403 विजेता उम्मीदवारों के शपथपत्रों का विश्लेषण के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला है जिसके अनुसार 205 यानी 51 प्रतिशत विजेता उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किये हैं जबकि 2017 में 402 में से 143 यानी 36 प्रतिशत विधायको ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किये थे।

समाजवादी पार्टी (सपा) के 111 में से 71, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 255 में से 111,राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के आठ में सात, सुहेलदेव भारतीये समाज पार्टी (सुभासपा) के छह में से चार, निर्बल इंडियन शोषित हमारा अपना दल के छह में से चार, अपना दल (सोनेलाल) के 12 में से तीन के अलावा जनसत्ता दल लोकतान्त्रिक,कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के शत प्रतिशत विजेता उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किये हैं।

करोड़पति विजेता उम्मीदवारों कि बात करे तो 403 में से 366 यानी 91 फीसदी विजेता उम्मीदवार करोड़पति है जबकि 2017 में 402 में से 322 यानी 80 प्रतिशत विधायक करोड़पति थे। करोड़पति उम्मीदवार दलवार की बात करे तो बीजेपी के 255 में से 233 ,सपा के 111 में से 100 , अपना दल (सोने लाल ) के 12 में से 9 , रालोद के आठ में से सात , सुभासपा,निर्बल इंडियन शोषित हमारा अपना दल,जनसत्ता दल लोकतान्त्रिक, कांग्रेस और बसपा के शत प्रतिशत विजेता उम्मीदवार करोड़पति हैं।

## माघ मेला में तैनात रहे यूपी के पुलिसकर्मियों को तीन दिन के लिए मिली विशेष छुट्टी

**प्रयागराज।** माघ मेला में ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों के लिए अच्छी खबर है। उनको तीन दिन के लिए विशेष छुट्टी दी गई है। 10 मार्च को मतगणना के कारण उनकी छुट्टियां रुकी थीं, लेकिन अब वे अपने जिले में तीन दिन का अवकाश ले सकते हैं। माघ मेला में ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों को दिन-रात मेहनत करने पर इनाम दिया जाता है। माघ मेला की समाप्ति पर उन्हें तीन दिन की छुट्टी मिलती थी। माघ मेला ड्यूटी से सीधे वे छुट्टी लेकर घर चले जाते थे, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। विधानसभा चुनाव के कारण उनकी ड्यूटी बढ़ गई थी। 10 मार्च को मतगणना के कारण उनकी छुट्टी रोक दी गई थी। माघ मेला एसपी रहे डॉ. राजीव नारायण मिश्र ने तीन दिन की छुट्टी देने का आर्डर सभी जिलों में भेज दिया है। जिले में आमद करने वाले पुलिसकर्मियों को अब वहीं से छुट्टी मिल जाएगी।

## हेड कांस्टेबल की पत्नी से सिपाही ने की छेड़खानी

एजेंसी

कानपुर। कानपुर में एक सिपाही की एक करतूत ने खाकी को शर्मसार कर दिया है। बारादेवी स्थित पुलिस कालोनी में सिपाही ने पड़ोसी हेड कांस्टेबल की पत्नी से छेड़खानी कर दी। घटना के दौरान हेड कांस्टेबल ड्यूटी पर थे जबकि उनकी पत्नी घर पर अकेली थीं।


मामले की जानकारी अफसरों को लगी तो कोई देरी नहीं की गई। किदवई नगर पुलिस ने हेडकांस्टेबल की पत्नी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपित सिपाही को तत्काल निलंबित कर जेल भेज दिया गया।

बारादेवी स्थित पुलिस कालोनी में रहने वाला सिपाही सुनील कुमार ग्वालटोली थाने में तैनात है। उसके मकान के बगल में रहने वाले बिधनू थाने में तैनात हेड कांस्टेबल परिवार संग रहते हैं। पीड़िता के अनुसार शुक्रवार को वह जीने के रास्ते छत पर जा रही थीं। तभी नशे में धुत सुनील ने उनके साथ छेड़छाड़ कर दी।

विरोध किया तो सुनील ने उनके साथ अभद्रता की। पीड़िता ने सिपाही की करतूत की जानकारी पति को दी। पति ने मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से की। पुलिस ने मामले में पीड़िता की तहरीर पर आरोपित सुनील के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर उसे मेडिकल के लिए भेजा, जहां रिपोर्ट में एल्कोहल की पुष्टि हुई।

## यूपी : चुनाव खत्म होते ही हरकत में आया बिजली विभाग, बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटना शुरू

**लखनऊ।** छह महीने की खामोशी के बाद बिजली महकमे की सीढ़ियां फिर से बकायेदारों के दरवाजे पर कनेक्शन काटने के लिए पहुंचने लगी हैं। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन प्रबंधन द्वारा बकायेदारों से वसूली करने और कनेक्शन काटने का आंतरिक संदेश इंजीनियरों के मोबाइल पर दौड़ने लगा है। सुबह और शाम दो बार इस अभियान की समीक्षा की जा रही है। बकायेदारों से वसूली कर प्रबंधन कारपोरेशन के 95 हजार करोड़ के घाटे का ग्राफ कम करने की कोशिश में है। शनिवार से प्रदेश में बड़े बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काटने की शुरुआत हुई। अकेले लखनऊ में ही एक दिन में



एक लाख से अधिक के बिजली बिल के बकायेदार करीब 800 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। प्रदेश की सभी विद्युत वितरण कंपनियों ने बड़े बकायेदारों की सूची तैयार कर अभियंताओं के हवाले कर दी है। सख्त निर्देश है कि ऐसे सभी उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटें।

### मौखिक आदेश के आधार पर छह माह से नहीं काटे जा रहे थे कनेक्शन

पिछले करीब छह महीने से राज्य में चुनावी सरगर्मियां शुरू होने के साथ ही उच्च स्तर से मौखिक आदेश के बाद बकायेदारों के कनेक्शन काटने पर रोक लगा दी गई थी। सीधा निर्देश था कि वह बकायेदारों के घर के दरवाजे खटखटाएं और उन्हें बकाया बिल जमा करने के लिए प्रेरित करें। उस दौरान आयोजित हर समीक्षा बैठक में ऊर्जा मंत्री ने कहा था कि कनेक्शन काटना समस्या का समाधान नहीं हैं।

### ओटीएस से भी अपेक्षित सफलता नहीं मिली

- 20 अक्तूबर 2021 से 100 फीसदी ब्याजमाफी के साथ शुरू हुई थी ओटीएस योजना
- जब ओटीएस लाया गया 2.14 करोड़ उपभोक्ताओं पर 27800 करोड़ रुपये बकाया था।
- करीब चार महीने के अभियान में करीब 2500 करोड़ रुपये जमा हो सके।
- चुनावी सरगर्मी बढ़ने पर आधे पर आ गई थी राजस्व वसूली

## अमरोहा: घर में घुसकर महिला की हत्या, रेप की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

एजेंसी

**अमरोहा।** अमरोहा में आदमपुर के एक गांव में घर में घुसकर महिला की हत्या कर दी गई। सिर पर किसी भारी वस्तु से वार कर मौत के घाट उतार दिया गया। महिला से रेप की भी आशंका जताई जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल हत्या का कारण साफ नहीं हो सका है।



बताया जा रहा है कि 25 वर्षीया महिला शनिवार रात अपने पांच माह के बेटे व तीन वर्ष की बेटी के साथ घर पर अकेली थी। पति शाम के वक्त खाना खाने के बाद फसल की रखवाली के लिए खेत पर चला गया था। रविवार सुबह पति जब वह घर आया तो दरवाजा भीतर से बंद था। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बाद भी नहीं खुला तो पड़ोसी की छत से होकर अंदर पहुंचा। अंदर का मंजर देख उसकी चीख निकल गई। जमीन पर पत्नी का लहूलुहान शव पड़ा था। सिर पर किसी भारी वस्तु से वार किया गया था। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। खबर लगते ही थानाध्यक्ष कृपाल सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जांच पड़ताल की।

बाद में सीओ सतीशचंद्र पांडे ने भी मौका मुआयना किया। हत्या किसने व क्यों की, यह साफ नहीं हो सका है। थानाध्यक्ष का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी गई है। मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। वहीं, महिला की हत्या की खबर पर उसके मायके वाले भी पहुंच गए।

## 1000 रुपये निकालने पर कटे चार्ज को जानने में गवाएं 4.13 लाख, जानें क्या है पूरा मामला

आगरा। गूगल से खोजा नंबर साइबर अपराधी का हो सकता है। चेतावनियों के बावजूद लोग जाल में फंस रहे हैं। कमला नगर की एक युवती ने गूगल से कस्टमर केयर का नंबर खोजा। फोन एक युवती ने उठाया। ग्राहक सेवा प्रतिनिधि बनकर एक एप डाउनलोड कराया और खाते से 4.13 लाख रुपये पार कर दिए। पीड़िता ने रेंज साइबर थाने में शिकायत की है।

आगरा के कमला नगर निवासी शिवानी त्यागी के साथ घटना हुई है। उन्होंने बताया कि वह दिल्ली में नौकरी करती हैं। आईसीआईसीआई बैंक में उनका खाता है। आगरा आई हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 9 मार्च को एटीएम से एक हजार रुपए निकले। चार्ज के रूप में उनके खाते से कुछ रकम कट गई। यह चार्ज किस बात का है। यह जानने के लिए उन्होंने गूगल से बैंक का टोल फ्री नंबर सर्च किया। जो नंबर मिला उस पर फोन मिलाया। फोन एक युवती ने उठाया। उसने उसी अंदाज में बात की जैसे कस्टमर केयर पर कर्मचारी करते हैं। अपना नाम बताया। जानकारी दी कि उसकी बात उनसे हो रही है।

### कॉल रिकॉर्ड की जा रही

यह कॉल रिकॉर्ड की जा रही है। पीड़िता ने उसे अपनी समस्या बताई। युवती ने कहा कि रकम वापस हो जाएगी। एक एप का लिंक उनसे शेयर किया जाएगा। डाउनलोड कर लें। संबंधित जानकारी भरें। पीड़िता ने ऐसा ही किया। स्क्रीन शेयर एप डाउनलोड कराकर शातिरों ने युवती के खाते से रुपये निकाल लिए।

### इन बातों का रखें ध्यान

- कंपनी की वेबसाइट पर जाकर ही नंबर सर्च करें।
- गूगल पर ज्यादातर नंबर फर्जी हैं। साइबर अपराधियों ने डाल रखे हैं।
- शिकायत के दौरान कोई एप डाउन लोड करने की कहे तो कतई नहीं करें।
- कोई लिंक भेजे तो उसे ओपन नहीं करें।

## गोरखपुर : पुलिस की मौजूदगी में छात्र ने खाया दवा का ओवर डोज, भर्ती

एजेंसी

गोरखपुर। राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज से जुड़े विवाद में नया मोड़ आ गया है। पुलिस के पकड़ने पर नाराज एक छात्र ने दवा का ओवरडोज ले लिया। उसकी हालत बिगड़ तो उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। छात्र की तीमारदारी में सहपाठी लगे हुए हैं। जंगल धूषड़ स्थित राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज में फर्जी शासनादेश के आधार पर प्रवेश का मामला बीते दो महीने से सुर्खियों में है।

करीब 12 सौ छात्रों का भविष्य संकट में पड़ा हुआ है। इसको लेकर पीड़ित छात्र कई चक्र में आंदोलन कर चुके हैं। शनिवार को छात्र इसी मामले को लेकर गोरखनाथ मंदिर में सीएम कैंप कार्यालय जा रहे थे। मंदिर के गेट के बाहर पुलिस ने छात्रों को रोक लिया। उन्हें समझाने की कोशिश की। छात्र सीएम से मिलने की बात पर अड़े रहे।

जिसके बाद प्रशासन ने छात्रों को धारा 144 के उल्लंघन, हंगामा करने जैसी गंभीर धाराओं में पकड़ना शुरू किया। उन्हीं में से एक कुशीनगर के रामकोला निवासी राहुल ने दवा का ओवर डोज कर लिया। राहुल बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष का छात्र है। जिला अस्पताल में भर्ती राहुल ने बताया कि वह अस्थमा का मरीज है। मंदिर के गेट से उसे साथियों के साथ पुलिस लाइन लाया गया। यहां पर पुलिसकर्मी छात्रों को पीट रहे थे। इस दौरान उसका दम फूलने लगा। उसने पुलिसकर्मियों को अपनी हालत बताई। फौरन डेरीफाइलिन का इंजेक्शन लगाने को कहा। पुलिसकर्मियों ने ऐसा नहीं किया। दम फूलने पर जान बचाने के लिए मैने सांस फूलने पर दी जाने वाली दवा का सात टैबलेट खा लिया।

### दोस्त लेकर पहुंचे अस्पताल

राहुल को बेहोश होता देखकर पुलिसकर्मी सकपका गए। उन्होंने सहपाठी आशुतोष की मदद से राहुल को जिला अस्पताल भेजवा दिया। राहुल की हालत देखकर डॉक्टरों ने उसे फौरन भर्ती कर लिया। अब उसकी हालत खतरे से बाहर है। उधर इस मामले में छात्र संगठन भी सक्रिय हो गए हैं।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने अस्पताल जाकर राहुल से मुलाकात की है।

## शार्ट न्यूज

### हमदर्द सशत्र बलों और पुलिस के लिए लेकर आया 'सेहत है तो वतन है' अभियान

**नई दिल्ली।** दुनिया की प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों में से एक यूनानी की विरासत को बचाए रखने वाली कंपनी हमदर्द लेबोरेटरीज ने सशस्त्र बलों और पुलिस बल के जवानों को स्वस्थ रखने के उद्देश्य से 'सेहत है तो वतन है' अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत की है। कंपनी ने रविवार को जारी बयान में बताया कि उसने अपनी प्रोडक्ट्स पर विशेष छूट के बाद अभियान को लांच किया है। अभियान के दूसरे चरण में हमदर्द सशस्त्र बलों और पुलिस, तटरक्षक बल, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जवानों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर रहा है। अभियान के तहत गाजियाबाद और दिल्ली में विभिन्न पुलिस कॉलोनियों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। हमदर्द लैबोरेटरीज (मेडिसिन डिवीजन) के अध्यक्ष और मैनेजिंग ट्रस्टी अब्दुल मजीद ने कहा, स्व-देखभाल प्रत्येक व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण है। हम सभी को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उत्पाद प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपने सशस्त्र बलों और पुलिस की राष्ट्र के प्रति निस्वार्थ सेवा के लिए उनकी देखभाल करना महत्वपूर्ण समझते हैं। हम यह अभियान सशस्त्र बलों और राष्ट्र की पुलिस को समर्पित करके अपना आभार व्यक्त करते हैं।

### शक्कर, खोपरा बूरा के भाव में तेजी

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में सप्ताहांत ग्राहकी रही। शक्करए खोपरा बूरा में पूछपरख बताई गई इससे भाव मजबूत बताए गए। नारियल में तेजी दर्ज की गई। साबूदाना में भाव ऊंचे बने रहे। स्थानीय किराना बाजार में सोमवार को शक्कर 3480 से 3530 रुपये प्रति क्विंटल खुलने के शनिवार को 3520 से 3560 रुपये बोली गई। शक्कर की दैनिक आवक 07 से 08 गाड़ी की रही। गुड़ में ग्राहकी से भाव मजबूती लिए बताए गए। नारियल में तेजी दर्ज की गई। खोपरा गोला 205 से 225 रुपये प्रति किलो के स्तर पर खुलकर 205 से 225 पर थमा। हल्दी 115 से 175 रुपये की रंगत लिए रही। खोपरा बूरा में लिवाली सुधरी रही इसमें कामकाज 2425 से 4300 रुपये प्रति 15 किलोग्राम पर चला। साबूदाना में उठाव बढा बताया गया। इससे सौदे 4300 से 5200 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर चले।

### रतनइंडिया अपने फिनटेक मंच के लिए अगले साल मार्च तक सभी बैंकों से करेगी टाईअप, ग्राहकों को होगा फायदा

**नई दिल्ली।** रतनइंडिया एंटरप्राइजेज ने अगले वित्त वर्ष के अंत यानी मार्च, 2023 तक सभी बैंकों के साथ टाईअप की योजना बनाई है। कंपनी हाल में वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कारोबार में उतरी है। फिलहाल कंपनी के वित्तीय प्रौद्योगिकी मंच 'बैंकसे' का ऋण उत्पादों की पेशकश के लिए 21 बैंकों और वित्तीय संस्थानों के साथ करार है। रतनइंडिया एंटरप्राइजेज के चेयरपर्सन राजीव रतन ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''हमारा अगले वित्त वर्ष के अंत तक सभी बैंकों के साथ करार का इरादा है। सभी बैंक हमारे मंच पर अपने उत्पादों की पेशकश करेंगे।''उन्होंने दावा कि दोपहिया और व्यक्तिगत ऋण की मंजूरी मात्र दो मिनट में दी जाती है। रतन ने कहा कि आगे चलकर हम अपने मंच से और उत्पाद जोड़ेंगे। हमारा विचार सभी वित्तीय उत्पादों के लिए पूर्ण 'मार्केटप्लेस' बनने का है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा हमारा मंच ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ पेशकश की तुलना करने की भी सुविधा देता है। उन्होंने कहा, ''यह ऐसा है जिसमें पूंजी का जोखिम नहीं है। क्रेडिट स्कोर की जांच और कर्ज देने का काम वित्तीय संस्थान करते हैं। बैंक या वित्तीय संस्थान रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार ही कर्ज देते हैं।''''बैंकसे' एक पूर्ण डिजिटल वित्तीय एग्रीगेटर मंच है जिसपर एंड्रॉयड मोबाइल वेब पोर्टल के जरिये पहुंचा जा सकता है।

### गुजरात की ज्योति रेजिन एंड एडहेसिव्स लिमिटेड ने लोगों को बनाया करोड़पति

नई दिल्ली। अगर आप शेयर मार्केट से कमाई के मौके तलाश रहे हैं तो आपको धैर्य बना कर रखना पड़ेगा। शेयर बाजार के दिग्गजों की मानें तो सिर्फ शेयर खरीदने बेचने से पैसे नहीं बनते बल्कि धैर्य बनाए रखने से पैसे बनते हैं। शेयर बाजार के निवेशकों के लिए एक कहावत है कि खरीदों, होल्ड करो और भूल जाओ...इसका जीता जागता उदाहरण है गुजरात की ज्योति रेजिन एंड एडहेसिव्स लिमिटेड कंपनी। दरअसल, इस कंपनी के शेयरों ने अपने निवेशकों को छप्परफाड़ रिटर्न देकर हैरान कर दिया है। कंपनी के स्टॉक ने करीबन 18 साल में लगभग 4,54,900 पर्सेंट से ज्यादा का रिटर्न दिया है। ज्योति रेजिन एंड एडहेसिव्स लिमिटेड के शेयर 30 अप्रैल 2004 को मुंबई स्टॉक एक्सचेंज पर 36 पैसे प्रति शेयर के स्तर पर थे। अब कंपनी के शेयर 1,638.55 रुपये (11 मार्च 2022 को बीएसई का बंद भाव) पर पहुंच गए हैं। इस लंबी अवधि में इस स्टॉक ने अपने शेयरहोल्डर्स को 4,54,900 पर्सेंट से ज्यादा का रिटर्न दिया है। वहीं, पिछले 10 सालों में कंपनी के शेयर 9.32 रुपये (16 मार्च 2012, बीएसई पर बंद भाव) से बढ़कर 1,638.55 रुपये पर पहुंच गए। यानी दस साल में इस शेयर ने करीबन 1,7475.11 पर्सेंट का जोरदार रिटर्न दिया है। पिछले पांच साल में यह स्टॉक 69 रुपये (18 दिसंबर 2017 का भाव) से बढ़कर 1,638.55 रुपये का हुआ है। इस अवधि में इसने अपने शेयरधारकों को 2273.91 पर्सेंट का रिटर्न दिया है। एक साल पहले 15 मार्च 2021 को इस शेयर की कीमत बीएसई पर 480.10 रुपये थी। यानी एक साल में कंपनी के शेयरों में 241.29 पर्सेंट का ग्रोथ हुआ है। इस साल 2022 में यह शेयर 46.38 पर्सेंट भागा है। वहीं, महीनेभर में कंपनी के शेयरों में 20.12 पर्सेंट का ग्रोथ रहा। हालांकि, पिछले पांच कारोबारी सत्र में यह बिकवाली के दबाव में रहा और इसने 1.23 पर्सेंट का नुकसान झेला है। Jyoti Resins & Adhesives Ltd के शेयर प्राइस हिस्ट्री के मुताबिक, अगर किसी निवेशक ने 18 साल पहले 36 पैसे प्रति शेयर के हिसाब से 10,000 रुपये लगाए होते और अब तक अपने निवेश को बनाए रखता तो आज यह रकम 4.55 करोड़ रुपये होती। वहीं, दस साल पहले अगर किसी निवेशक ने 9.32 रुपये के हिसाब से 10,000 रुपये लगाए होते तो आज यह रकम 17.58 लाख रुपये होती। पांच साल में 10 हजार का निवेश 2.37 लाख रुपये होता। सालभर में 10 हजार का निवेश 34.12 हजार रुपये होता। ज्योति रेजिन्स एंड एडहेसिव्स लिमिटेड की स्थापना 17 दिसंबर, 1993 को हुई थी। कंपनी ने 22 फरवरी, 94 को कारोबार शुरू किया था। इसे पब्लिक लिमिटेड कंपनी के रूप में वर्गीकृत किया गया है और यह गुजरात के गांधीनगर में स्थित है। जगदीश पटेल कंपनी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक हैं। जेआरएएल रेजिन और एडहेसिव बनाती है। कंपनी का मार्केट कैप 655.42 करोड़ रुपये है। कंपनी के शेयर 28 फरवरी 2022 को अपने 52 वीक के ऑल टाइम हाई 1,889.00 रुपये पर पहुंच गए थे।

### खादी इकाइयों को कपास की कीमतों में भारी वृद्धि से विशेष आरक्षित निधि ने बचाया : केवीआईसी

**नयी दिल्ली।** खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने रविवार को कहा कि ऐसे वक्त में जब पूरा कपड़ा उद्योग कच्चे कपास की कीमतों में बढ़ोतरी से जूझ रहा है, उस समय बाजार के उतार-चढ़ाव से बचने के लिए बनाए गए विशेष आरक्षित निधि से खादी इकाइयों को मदद मिली। केवीआईसी ने 2018 में बाजार के उतार-चढ़ाव और अन्य घटनाओं का मुकाबला करने के लिए एक उत्पाद मूल्य समायोजन खाता (पीपीए) तैयार करने का फैसला किया था, जो उसके पांच केंद्रीय स्लिवर संयंत्रों (सीएसपी) के लिए एक आरक्षित कोष है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि पूरा कपड़ा क्षेत्र कच्चे कपास की आपूर्ति में कमी और कीमतों में बढ़ोतरी से जूझ रहा है, तब केवीआईसी ने कपास की कीमतों में 110 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी के बावजूद अपने स्लिवर संयंत्रों से खादी संस्थानों को दिए जाने वाले स्लिवर/रोविंग की कीमत नहीं बढ़ाने का फैसला किया है। विज्ञप्ति में कहा गया कि केवीआईसी बढ़ी हुई दरों पर कच्चे कपास की बेल्स खरीदने के लिए 4.06 करोड़ रुपये की अतिरिक्त लागत का वहन पीपीए कोष से करेगा। केवीआईसी चेयरमैन विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि इस फैसले से खादी संस्थानों के साथ ही खादी के खरीदार भी कीमत में बढ़ोतरी के नकारात्मक प्रभाव से बचेंगे।

# चार सप्ताह की गिरावट से उबरा शेयर बाजार, रूस-यूक्रेन संकट और महंगाई आंकड़ों का रहेगा असर

एजेंसी

**मुंबई।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम और कच्चे तेल की कीमत में आई नरमी से उत्साहित निवेशकों को लिवाली की बदौलत दो प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाकर पिछले चार सप्ताह की गिरावट से उबरे शेयर बाजार पर अगले सप्ताह रूस-यूक्रेन संकट, महंगाई और औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1216.49 अंक यानी 2.24 प्रतिशत की छलांग लगाकर 55 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 55550.30 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 385.1 अंक अर्थात 2.37 प्रतिशत उछलकर 16630.45 अंक पर पहुंच गया।

समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह छोटी और मझौली कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा। बीएसई का मिडकैप 691.37 की तेजी के साथ 23309.95 अंक और स्मॉलकैप 854.77 अंक चढ़कर 27141.43 अंक हो गया।

विश्लेषकों के अनुसार, अगले सप्ताह वैश्विक बाजार की दिशा निर्धारित करने में फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक और रूस-यूक्रेन मुद्दा की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। हालांकि पांच में से चार राज्यों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट से घरेलू शेयर बाजार पिछले लगातार चार सप्ताह की गिरावट से उबरने में कामयाब रहा है।

उन्होंने कहा कि वैश्विक कारकों के




अलावा स्थानीय स्तर पर 14 जनवरी को जारी होने वाले खुदरा और थोक महंगाई के आंकड़ों का बाजार पर असर रहेगा। इसके अलावा अगले सप्ताह औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) के आंकड़े जारी होने की संभावना है। बाजार पर इसका प्रभाव भी देखा जा सकेगा।

बीते सप्ताह सोमवार की गिरावट को छोड़कर शेष चार दिन बाजार में तेजी रही। रूस यूक्रेन के बीच जारी जंग का समाधान नहीं होने से कच्चे में आये उबाल के कारण वैश्विक स्तर पर शेयर बाजार में हुयी भारी गिरावट का सोमवार को असर घरेलू शेयर बाजार पर भी दिखा। सेंसेक्स 1492.06 अंकों की गिरावट लेकर 57842.75 अंक पर और निफ्टी 382.20 अंक उतरकर 15683.15 अंक पर रहा।

वहीं, रूस यूक्रेन संकट के कारण लगातार चार दिनों की गिरावट से उबरते हुये मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार बढ़त बनाने में कामयाब रहा। सेंसेक्स 581.34 अंकों की तेजी के साथ 53424.09 अंक पर और निफ्टी 150.30 अंक चढ़कर 16013.45 अंक पर पहुंच गया।

रूस यूक्रेन जंग के कारण हुयी भारी बिकवाली से गिरावट में निवेश करने वालों की भारी लिवाली से बुधवार को लगातार दूसरे दिन शेयर बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 1223.24 अंकों की बढ़त के साथ 54647.33 अंक पर और निफ्टी 331.90 अंकों की तेजी के साथ 16345.35 अंक पर पहुंच गया।

एशियाई बाजारों के सकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर देश के पांच राज्यों में हुये विधानसभा चुनावों में से उत्तर प्रदेश सहित चार राज्यों में भाजपा के सत्ता की ओर बढ़ने से उत्साहित निवेशकों की लिवाली के बल पर गुरुवार को शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी रही। सेंसेक्स 817.06 अंक बढ़कर 55646.39 अंक पर और निफ्टी 249.55 अंक चढ़कर 16594.90 अंक पर रहा।

वैश्विक स्तर के मिश्रित संकेतों के बीच शुक्रवार को घरेलू स्तर पर हेल्थकेयर जैसे समूहों में हुयी लिवाली के बल पर शेयर बाजार गिरावट से उबरते हुये लगातार चौथे दिन बढ़त बनाने में सफल रहा।

सेंसेक्स 85.91 अंकों की बढ़त के साथ 55550.30 अंक पर और निफ्टी 35.55 अंक बढ़कर 16630.45 अंक पर रहा।

# सोना 602 रुपए फिसला, चांदी में 1257 रुपए की तेजी

**मुंबई।** रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर वैश्विक बाजार में निवेश के सुरक्षित गंतव्य कीमती धातुओं में जारी उछाल के बावजूद बीते सप्ताह घरेलू सर्राफा बाजार में मांग कमजोर पड़ने से सोना 602 रुपए प्रति दस ग्राम फिसल गया जबकि चांदी में 1257 रुपए प्रति किलोग्राम की तेजी रही।



समीक्षाधीन सप्ताह में वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं में जबरदस्त तेजी रही। सोना हाजिर 34.39 डॉलर प्रति औंस की बढ़त लेकर सप्ताहांत पर 1980.29 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। साथ ही अमेरिकी सोना वायदा भी 49 डॉलर प्रति औंस की मजबूती के साथ 1984.60 डॉलर प्रति औंस हो गया। इसी तरह सप्ताहांत पर चांदी हाजिर भी 0.39 डॉलर प्रति औंस चढ़कर 25.64 डॉलर प्रति औंस रही।

बीते सप्ताह देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स में ऊंचे भाव पर मांग कमजोर पड़ने से सप्ताहांत पर सोना 602 रुपये टूटकर 51455 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गया। वहीं, सोना मिनी 394 रुपये चढ़कर 52437 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया।

इसी तरह समीक्षाधीन अवधि में स्थानीय स्तर पर चांदी 1257 रुपये की बड़ी बढ़त लेकर 69640 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। साथ ही चांदी मिनी भी 1185 रुपये महंगी होकर 68530 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

# एग्रीटेक स्टार्टअप के लिए फंड बनाने पर विचार : गोयल

**नयी दिल्ली।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि सरकार एग्रीटेक स्टार्टअप के लिए एक फंड बनाने पर विचार कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने एक वेब गोष्ठी में कहा कि सरकार रक्षा अनुसंधान एवं विकास में स्टार्टअप की महत्वपूर्ण भागीदारी पर विचार कर रही है और उद्यमियों के लिए ड्रोन, रक्षा और तकनीकी कपड़ा क्षेत्रों में बड़े अवसर हैं। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी और



नवाचार से भारतीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। गोयल ने एक अन्य समारोह में कहा कि मौजूदा यूक्रेन-रूस संकट में भी कई अवसर मिल सकते हैं।

# पेटेंट के उल्लंघन मामले में लोहिता लाइफ साइंस के खिलाफ कार्रवाई, 300 करोड़ का हर्जाना भरने की मांग



नई दिल्ली। भारत की प्रमुख एक्टिव फार्मा इंग्रेडिएंट कंपनी लासा सुपरजेनेरिक्स ने लोहिता लाइफ साइंस के खिलाफ पेटेंट के उल्लंघन मामले में मुकदमा दायर किया है। इतना ही नहीं कंपनी को 300 करोड़ रुपये की भरपाई करने को भी कहा है। इसकी जानकारी लासा ने शेयर बाजार को दी है।

### क्या है मामला?

शेयर बाजार को दी गई सूचना के मुताबिक, लोहिता लाइफ साइंस के खिलाफ जानकारी के दुरुपयोग, गोपनीय उल्लंघन और अनुचित व्यापार को रोकने के लिए लासा ने बॉम्बे हाईकोर्ट के कॉमर्शियल डिवीजन में मुकदमा दायर किया है। लासा के मुताबिक, भारतीय पेटेंट नंबर 326,628 के तहत इसे दायर किया गया है।

2011 में शुरू की गई कंपनी लासा हाई क्वालिटी वाले प्रोडक्ट बनाती है। इसका प्लांट महाराष्ट्र के महाड और चिपलून में है।

कंपनी अपने प्रोडक्ट को ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, मध्य पूर्व, चीन, इजिप्ट, कोरिया और पाकिस्तान आदि देशों में भेजती है।

# अनिल अंबानी की दिवालिया कंपनी को खरीदने के लिए अडानी, केकेआर समेत ने लगाई बोली

नई दिल्ली। कर्ज में फंसी अनिल अंबानी की रिलायंस कैपिटल को खरीदने के लिए अडानी से लेकर पिरामल, केकेआर समेत कई बड़ी कंपनियां कतार में हैं। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया है कि रिलायंस कैपिटल को खरीदने के लिए अडानी फिनसर्व, केकेआर, पिरामल फाइनेंस और पूनावाला फाइनेंस समेत 14 प्रमुख कंपनियों ने रूचि दिखाई हैं। ये कंपनियां कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल लिमिटेड के अधिग्रहण के लिए बोली लगाई हैं।

सूत्रों ने बताया कि जिन अन्य कंपनियों ने रिलायंस कैपिटल के लिए ईओआई जमा कराया है उनमें अर्पवुड, वर्दे पार्टनर्स, मल्टीपल्स फंड, निप्पन लाइफ, जेसी फ्लॉवर्स, ब्रुकफील्ड, ऑकट्री, अपोलो ग्लोबल, ब्लैकस्टोन और हीरो फिनकॉर्प शामिल हैं। बता दें कि कंपनी पर 40,000 करोड़ रुपये का



कर्ज है।

### 25 मार्च है बोली लगाने की अंतिम तारीख

रिलायंस कैपिटल के लिए बोलियां दाखिल करने की तारीख भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नियुक्त प्रशासक ने 11 मार्च निर्धारित की थी जिसे अब बढ़ाकर 25 मार्च कर दिया गया है। बोली दाखिल करने की समयसीमा कुछ संभावित बोलीदाताओं के अनुरोध पर बढ़ाई गई है, जिन्होंने रुचि पत्र (ईओआई) दाखिल करने के लिए कुछ और समय मांगा था। सूत्रों ने बताया कि ज्यादातर बोलीदाताओं ने पूरी कंपनी के लिए बोली लगाई है।

यह तीसरी सबसे बड़ी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है जिसके खिलाफ केंद्रीय बैंक ने हाल में दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत दिवाला कार्यवाही शुरू की है। दो अन्य कंपनियां श्रेई ग्रुप की एनबीएफसी तथा दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन (डीएचएफएल) हैं।

### आरबीआई ने भंग किया था निदेशक मंडल

बता दें कि आरबीआई ने 29 नवंबर को रिलायंस कैपिटल के बोर्ड को भंग कर दिया था और अपनी तरफ से बैंक ऑफ महाराष्ट्र के पूर्व कार्यकारी निदेशक नागेश्वर राव को प्रशासक नियुक्त कर दिया था। इसके अगले ही दिन केंद्रीय बैंक ने प्रशासक की मदद के लिए एक तीन सदस्यीय पैनल भी गठित कर दिया था। अनिल अंबानी की अगुआई वाली आरसीएल पर कर्ज भुगतान में चूक और कंपनी संचालन संबंधी कई गंभीर आरोप हैं।

### शेयरों की बढ़ेगी खरीदारी!

बता दें कि रिलायंस कैपिटल के शेयरों की खरीदारी लगातार बढ़ रही है। इस दिवालिया कंपनी को खरीदने के लिए जैसे-जैसे बड़े नाम सामने आए वैसे-वैसे शेयरों में भी तेजी देखी गई। रिलायंस कैपिटल लि. के शेयर पिछले पांच कारोबारी सत्र में 10.93 प्रतिशत उछल चुका है।

शुक्रवार को कंपनी के शेयर 5 फीसदी तक ऊपर चढ़कर 13.70 रुपये पर बंद हुए थे।

# मॉर्गन स्टेनली ने 2022-23 के लिए भारत के वृद्धि दर के अनुमान को घटाया

**नई दिल्ली।** अमेरिकी ब्रोकरेज कंपनी मॉर्गन स्टेनली ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए भारत के वृद्धि दर के अनुमान को आधा प्रतिशत घटाकर 7.9 प्रतिशत कर दिया है। इसके साथ ही मॉर्गन स्टेनली ने खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को बढ़ाकर छह प्रतिशत कर दिया है। उसका अनुमान है कि देश का चालू खाते का घाटा (कैड) बढ़कर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के तीन प्रतिशत पर पहुंच जाएगा।

मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट में कहा गया है, हमारा अनुमान है कि चक्रीय पुनरुद्धार का चक्र जारी रहेगा, लेकिन यह हमारे पिछले अनुमान से नरम रहेगा। मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव की वजह से बाहरी जोखिम बढ़ेंगे और अर्थव्यवस्था गतिहीन मुद्रास्फीति की ओर बढ़ेगी। गतिहीन मुद्रास्फीति में अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर घटती है, लेकिन इसके साथ ही महंगाई बढ़ती है।



रिपोर्ट में कहा गया है, भारत तीन चीजों....कच्चे तेल और अन्य जिंसों के ऊंचे दाम, व्यापार और अन्य सख्त वित्तीय परिस्थितियों आदि से प्रभावित हो रहा है जिससे कारोबार और निवेश की धारणा प्रभावित हो रही है। मॉर्गन स्टेनली ने कहा, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों की वजह से हम 2022-23 के लिए अपने वृद्धि दर के अनुमान को आधा प्रतिशत घटाकर 7.9 प्रतिशत कर रहे हैं।

इसके अलावा उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के अनुमान को बढ़ाकर छह प्रतिशत कर रहे हैं। चालू खाते का घाटा बढ़कर जीडीपी के तीन प्रतिशत पर पहुंच सकता है, जो इसका 10 साल का ऊंचा स्तर होगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत अपनी कच्चे तेल की 85 प्रतिशत जरूरत आयात से पूरी करता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दाम एक समय 140 डॉलर प्रति बैरल के 14 साल के उच्चस्तर पहुंचने के बाद कुछ नीचे आए हैं। भारत को कच्चे तेल के लिए अधिक भुगतान करना होगा। इससे मुद्रास्फीतिक दबाव बढ़ेगा।

# वेस्टर्न एविएशन कंपनियों को झटका : लीज के 523 प्लेन को रूस देश में रख सकता है

## प्लेन को बाहर निकालने के लिए 28 मार्च तक समय


नई दिल्ली। यूक्रेन और रूस के बीच चल रहा युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। युद्ध में कई देश रूस की मदद करने से इनकार कर चुके हैं। दुनियाभर की कई कंपनियों ने रूस में अपने ऑपरेशंस को बंद कर दिया है। इसके बाद भी रूस पर इसका कोई असर नहीं हुआ है। इस बीच रूस में एयरलाइंस को लीज पर दिए गए प्लेन को वापस लेने के लिए वेस्टर्न कंपनियों की उम्मीद को बड़ा झटका लगा है। वहां के अधिकारियों का इरादा फॉरेन रजिस्टर्ड प्लेन को देश में रखने का है। राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने फॉरेन बिजनेसेस की संपत्ति का नेशनलाइजेशन करने पर चर्चा की है।

### रूसी कैरियर के पास 523 प्लेन लीज पर

एक परामर्श फर्म IBA के मुताबिक, गुरुवार, 10 मार्च तक देश के बाहर की कंपनियों द्वारा रूसी कैरियर को 523 प्लेन लीज पर दिए गए थे। इनमें 101 S7 एयरलाइंस और 89 एयरोफ्लोट लीज पर हैं। दोनों एयरलाइंस ने इंटरनेशनल फ्लाइंग को बंद कर दिया है। इससे प्लेन को वापस लेने की संभावना खत्म हो गई है। एम्ब्री-रिडल एरोनॉटिकल यूनिवर्सिटी में फाइनेंस प्रोफेसर डॉ. विटाली गुजवा ने कहा कि अब सिर्फ आम सहमति है। प्लेन को फिर से प्राप्त नहीं कर पाएंगे।

### एक्सपर्ट्स ने पहले ही अनुमान लगाया था

डॉ. गुजवा के साथ बीते दिनों सैन डिएगो में एक इंडस्ट्री कॉन्फ्रेंस में शामिल होने वाले कुछ लोगों ने इसका



अनुमान पहले ही लगा लिया था। उन्होंने बताया कि इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट ट्रेडिंग के एक इवेंट इस बात को जिक्र भी किया गया था। उन्होंने कहा कि एक्सपर्ट आमतौर पर मान रहे हैं कि कंपनियों को भारी नुकसान की संभावना है। एविएशन कंसल्टिंग फर्म इश्का के अनुसार, प्लेन की कीमत 12 बिलियन डॉलर (करीब 92 हजार करोड़ रुपए) से ज्यादा है।

### एयरकैप ने रूस को 142 प्लेन लीज पर दिए

IBA के अनुसार, कमर्शियल एयरक्राफ्ट को लीज पर देने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी एयरकैप ने रूस को 142 प्लेन लीज पर दिए हैं। ये किसी भी दूसरी कंपनी की तुलना में सबसे ज्यादा है। हालांकि, एयरकैप ने मामले में किसी भी तरह की टिप्पणी करने मना कर दिया है। जबकि बीते दिनों एक फाइनेंशियल डिस्क्लोजर के दौरान उसने इस बात का खुलासा किया था कि रूस के पास उसके बेड़े के प्लेन का 5 प्रतिशत हिस्सा है। SMBC एविएशन कैपिटल ने रूस को 35 प्लेन को लीज पर दिया है।

रूसी एयरलाइंस दुनिया में किराए पर प्लेन देने वाले बिजनेस पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं। एयरलाइंस को अपने बेड़े में एयरबस और बोइंग के प्लेन को आधुनिक बनाने के लिए इनकी बहुत जरूरत है। हालांकि, यूरोपीय संघ ने किराए पर प्लेन देने वाली कंपनियों को रूस में किए करारों को खत्म करने के लिए 28 मार्च तक का समय दिया है। हालांकि एयरस्पेस पर पाबंदी और स्विफ्ट पेमेंट ट्रांसफर में दिक्कतों के चलते इन प्लेन को वापस लाना भी एक बड़ी चुनौती बन गई है।

### 28 मार्च तक सैंकड़ों प्लेन बाहर नहीं निकल पाएंगे

सिंगापुर बेस्ड लीजिंग कंपनी, BOC एविएशन के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर डेविड वाल्टन ने कहा कि 28 मार्च की समय सीमा देश से सैकड़ों प्लेन को बाहर निकालने के लिए काफी कम समय है। फरवरी के आखिर तक रूसी एयरलाइंस BOC के मालिकाना हक वाले 18 प्लेन का इस्तेमाल कर रही थी। ये कंपनी के बेड़े का करीब 4.8 प्रतिशत है।

### प्लेन रूस में फंसा तो स्थिति गंभीर होगी

ACI एविएशन कंसल्टिंग के फाउंडर और चीफ एग्जीक्यूटिव क्वेंटिन ब्रासी ने कहा कि यदि किसी कंपनी को उसके प्लेन मिल जाते हैं, लेकिन उनसे जुड़े रिकॉर्ड नहीं है तब वे उनके लिए बेकार हो जाते हैं। कोई प्लेन जितने अधिक समय तक रूस में फंसा रहता है, उसके स्थिति उतनी ज्यादा गंभीर हो जाएगी।

# सबसे मुनाफे वाले संपत्ति बाजार मुंबई में मांग, आपूर्ति और दाम बढ़ने की उम्मीद : रिपोर्ट

**मुंबई।** देश के प्रमुख संपत्ति बाजार मुंबई में मांग, आपूर्ति और कीमत के मोर्चे पर अभूतपूर्व तेजी आने की उम्मीद है और यहां कोविड-19 महामारी के चलते बाधाओं के बावजूद 2021 में 38,000 इकाइयों की बिक्री हुई। यूबीएस सिक्योरिटीज इंडिया की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। इसके मुताबिक, मुंबई के शहरी निकाय बीएमसी ने 2021 में भवन मंजूरी शुल्क के रूप में लगभग 14,200 करोड़ रुपये की कमाई की है, जो इससे पिछले वर्ष के मुकाबले पांच गुना अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया कि मुंबई आने वाले दिनों में सर्वाधिक मुनाफा देने वाला संपत्ति बाजार बन सकता है। यूबीएस सिक्योरिटीज ने कहा कि नियामक पहल के चलते मांग और आपूर्ति में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। मुंबई में मध्यम अवधि में आपूर्ति में वृद्धि होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि ज्यादातर रियल एस्टेट कंपनियों ने मुंबई के लिए अपनी योजना को तेज किया है। इसके अलावा नियामकीय कदमों मसलन मंजूरी शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट, स्लम पुनर्वास और तटीय नियमों सहित पुनर्विकास नीतियों को उदार करने से मध्यम अवधि में यहां मांग में तेजी आएगी।

## शार्ट न्यूज

### दिल्ली दीवास ने '3बीएल महिला राउंड' ख़िताब अपने नाम किया

चंडीगढ़। दिल्ली दीवास ने गत चैंपियन कोच्चि स्टार्स पर हावी रहते हुए 3बीएल महिला लीग में अपना दूसरा राउंड खिताब जीता। 3बीएल भारत में एकमात्र 3ङ्ग3 प्रोफेशनल बास्केटबॉल लीग है जिसे बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया और इंटरनेशनल बास्केटबॉल फेडरेशन (फीबा) द्वारा मान्यता प्राप्त है। टूर्नामेंट 8 से 21 मार्च 2022 तक विन्धम होटल मोहाली में खेला जा रहा है और इसमें शीर्ष राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरुष और महिला 3X3 प्रारूप के बास्केटबॉल खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। भारतीय टीम की खिलाड़ी रसप्रीत सिद्धू लीग राउंड से ही दिल्ली दीवास के लिए शानदार फॉर्म में दिख रही थीं। पूल चरणों और फाइनल दोनों में, दिल्ली दीवास ने स्टेफी निक्सन के नेतृत्व वाली कोच्चि स्टार्स को फाइनल के सामान 21-11 दोहरे अंकों के अंतर से हराया। फाइनल में दिल्ली ने शुरुआत में ही 6-2 से बढ़त बनाई। दिल्ली के डिफेन्स ने टॉप का प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय टीम की सबसे लम्बे खिलाड़ियों में से एक स्टेफी निक्सन को दीवास के डिफेंडर्स ने बाँध के रखा। दिल्ली की 4 अंकों की बढ़त जल्द ही 17-9 की हो गयी। गर्मी का असर कोच्चि स्टार्स पर साफ़ दिखाई पड़ रहा था। यह दिल्ली की तीन राउंड में दूसरी खिताबी जीत थी। इस बीच कोच्चि ने लगातार तीसरे फाइनल में पहुंचने के लिए अपनी निरंतरता को साबित किया। इससे पहले लीग चरणों में, भारतीय महिला बास्केटबॉल की दिग्गज एवं पद्मश्री अनीता पॉलदुरई और अर्जुन अवार्ड विजेता गीतू अन्ना राहुल के बीच इस सीज़न में पहली बार आमना सामना हुआ पॉलदुरई के जयपुर रीगल्स ने गीतू के कोयंबटूर स्पंकीज़ पर जीत हासिल की, जिससे जयपुर रीगल्स को सीजन की पहली जीत मिली।

### आकाश गहलोत के अविजित शतक से दिल्ली प्रशासन प्री क्वार्टरफाइनल में

नयी दिल्ली। आकाश गहलोत के शानदार शतक (102 रन नॉट आउट) मयंक कौशिक की हैट्रिक (3 /22) और विकास पुनिया (2/33) के शानदार खेल की मदद से दिल्ली प्रशासन टीम ने विनय मार्ग ग्राउंड में खेले जा रहे आल इंडिया सिविल सर्विसेज क्रिकेट टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश को 8 विकेट से हराकर प्री क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। शानदार खेल के लिए आकाश गहलोत को मैन ऑफ़ द मैच से सम्मानित किया गया। दिन के दूसरे मैच में अंकित जुल्का के शानदार अविजित अर्धशतक (65 नॉट आउट) तथा सिद्धांत डोबाल (37 रन), अभिनव बलि (2/18) और कुलदीप रावत (2/22) के शानदार खेल की मदद से केंद्रीय सचिवालय टीम ने गुजरात टीम को 6 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। दिन के तीसरे मुकाबले में मुंबई टीम ने जम्मू कश्मीर को 4 विकेट से हराया। कोलकाता ने चंडीगढ़ को 13 रनो से हराकर शानदार जीत दर्ज की। अहमदाबाद टीम ने शिलॉन्ग टीम को 4 विकेट से हराया जबकि राजस्थान टीम ने उत्तराखंड टीम को हराया। कल केंद्रीय सचिवालय टीम का मुकाबला राजस्थान से होगा और दिल्ली प्रशासन का मुकाबला हरियाणा टीम से विनय मार्ग ग्राउंड में खेला जायेगा।

### डे-नाइट टेस्ट में बना एक दिन में सर्वाधिक विकेट गिरने का रिकॉर्ड

बेंगलुरु। भारत और श्रीलंका के बीच बेंगलुरु टेस्ट के पहले दिन 16 विकेट गिरे, जो कि किसी भी डे-नाइट टेस्ट के एक दिन में गिरने वाला सर्वाधिक विकेट है। इससे पहले चार बार एक दिन में 13 विकेट गिर चुके हैं। दो बार ऐसा भारत में ही हो चुका है- बांग्लादेश के ख़िलाफ़ कोलकाता में और इंग्लैंड के ख़िलाफ़ अहमदाबाद में। 2006 के बाद भारत में ऐसा पहली बार हुआ है कि टेस्ट मैच के पहले दिन ही 16 विकेट गिरे हों। 1987 में वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ हुए दिल्ली टेस्ट मैच के पहले दिन 18 विकेट गिरे थे, जो कि भारत में पहले दिन सर्वाधिक विकेट का रिकॉर्ड है। 2019 में इंग्लैंड-आयरलैंड के बीच हुए लॉर्ड्स टेस्ट मैच के पहले दिन ही 20 विकेट गिरे थे, जो कि पिछले आठ साल का रिकॉर्ड है। तब दोनों टीमों की पहली पारी पहले दिन ही सिमट गई थी।

### इस पिच पर अर्धशतक भी शतक के बराबर है



बेंगलुरु। भारतीय पारी में 98 गेंदों पर सर्वाधिक 92 रन बनाने वाले श्रेयस अय्यर का मानना है कि इस पिच पर आप अधिक रक्षात्मक होकर नहीं खेल सकते। उन्होंने कहा कि ऐसी पिच और परिस्थितियों में अर्धशतक, शतक के बराबर है। उन्होंने कहा, मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि यह अर्धशतक, शतक के बराबर है। इसलिए मैंने उसका जश्न एक शतक की तरह मनाया। विकेट के असमतल उछाल के कारण जो खिलाड़ी डिफ़ेंड भी कर रहे थे, उनका बाहरी किनारा लग रहा था। आप इस विकेट पर लगातार डिफ़ेंसिव या नकारात्मक होकर नहीं खेल सकते। आपको मैदान पर सकारात्मक सोच के साथ ही उतरना होगा। यह विकेट उतना अच्छा नहीं है और गेंदबाज़ों की मददगार है। अय्यर अपने दूसरे टेस्ट शतक से बस आठ रन चूक गए। इसका उन्हें दु:ख तो है, लेकिन वह ख़ुश भी हैं कि उन्होंने अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप में पंजाब का नेतृत्व करेंगी मनप्रीत

जालंधर। अमृतसर जिले की मनप्रीत कौर को आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में 23 मार्च से तीन अप्रैल तक होने वाली 12वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप के लिए पंजाब टीम का कप्तान बनाया गया है। हॉकी पंजाब की तदर्थ समिति द्वारा रविवार को चुनी गई टीम के अन्य सदस्यों में शरणजीत कौर, मनप्रीत कौर, अमरीन हामिद, चेवांग तमांग, वैशाली शर्मा, अमनदीप कौर, स्नेहा सभरवाल, अंजलि पंवार, सुखजीत कौर और मेघा (सभी अमृतसर से), महकप्रीत कौर और सोमा ( एलपीयू), मिताली (उप कप्तान-बठिंडा), सुखप्रीत कौर (पीआईएस बादल), स्वेना रानी और मुस्कानप्रीत (दोनों मोहाली) शामिल हैं। अमरजीत सिंह पंजाब टीम के कोच होंगे। ओलंपियन बलविंदर सिंह शम्मी के अनुसार हॉकी पंजाब की तदर्थ समिति हॉकी इंडिया द्वारा हॉकी पंजाब के निलंबन के बाद नियुक्त की गई थी।

### डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली और अन्य पदाधिकारी सम्मानित

नयी दिल्ली। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली और संघ के अन्य पदाधिकारियों को रविवार को यहां एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष डॉ सीके खन्ना ने द्वारका स्थित बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में किया था जिसमें डीडीसीए के 600 से ज्यादा सदस्य पहुंचे।सदस्यों ने सुबह 8.30 बजे से आना शुरू कर दिया था और दोपहर तीन बजे तक कई सदस्य स्कूल में मौजूद थे। इस अवसर पर एक मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया जिसमें रोहन जेटली, डीडीसीए सचिव सिद्धार्थ वर्मा, कोषाध्यक्ष पवन गुलाटी और संघ के निदेशक मंजीत सिंह, हर्ष गुप्ता तथा तिलक राज शर्मा खेले। डीडीसीए की उपाध्यक्ष श्रीमती शशि खन्ना, निदेशक हरीश सिंगला, नवदीप मल्होत्रा और प्रदीप अग्रवाल भी इस अवसर पर मौजूद थे। बाल भवन ग्रुप ऑफ स्कूल के निदेशक कुणाल गुप्ता और दीपेश गुप्ता ने रोहन जेटली और अन्य पदाधिकारियों को सम्मानित किया। सदस्यों के परिवार के सदस्य भी इस अवसर पर मौजूद थे।

# आख़िरकार दक्षिण अफ़्रीका का दौरा करेंगे शाकिब अल हसन



**ढाका।** शाकिब अल हसन और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के बीच चल रहे मामले में अब एक नाटकीय मोड़ आया है। शाकिब ने बांग्लादेश टीम के साथ दक्षिण अफ़्रीका का दौरा करने का फ़ैसला किया है। वह अब 18 मार्च से शुरू होने वाली वनडे सीरीज़ के लिए रविवार को ढाका से उड़ान भरेंगे।

शाकिब ने शनिवार को हसन और बोर्ड के अन्य सदस्यों के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैंने पिछले दो दिनों से (बीसीबी अध्यक्ष नज़मुल हसन) पापोन भाई से बात की थी, तब हमने पूरे साल की योजना बनाई थी। मैं तीनों प्रारूपों के लिए उपलब्ध हूं, जिसमें दक्षिण अफ़्रीका सीरीज़ भी शामिल है। बोर्ड तय करेगा कि मुझे कब आराम देना है।

नज़मुल ने समझाया कि बीसीबी ने शाकिब के आराम के अनुरोध पर प्रतिक्रिया दी थी, क्योंकि वह शारीरिक और मानसिक रूप से थका हुआ था, अगर वह आराम करते तो उन्हें 30 अप्रैल तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर रहना पड़ता, दोनों ने स्थिति पर चर्चा करने के लिए एक-दो बार मुलाकात की।नज़मुल ने कहा, दुबई पहुंचने के बाद (एक निजी सगाई के लिए) शाकिब ने मुझसे कहा कि वह मुझसे बात करने के बाद अंतिम निर्णय लेंगे। फिर उसने हमें बताया कि वह दक्षिणअफ़्रीका नहीं जाना चाहता। हमने उन्हें छुट्टी दे दी, जिसकी घोषणा बाद में (गुरुवार को) मीडिया को की गई। फिर, कल से एक दिन पहले, उन्होंने मुझे बताया कि वह मानसिक रूप से थक गया है। यह किसी को भी कभी भी हो सकता है।

उन्हें अपना मन बनाने में परेशानी हो रही थी, इसलिए हमने इस दौरान उनका समर्थन किया। बोर्ड हमेशा खिलाड़ियों के साथ है।

उस वक्त हसन ने कहा, शाकिब ने खुद को उपलब्ध रखने फ़ैसला किया। शाकिब दक्षिण अफ़्रीका दौरे के लिए सभी प्रारूपों के लिए उपलब्ध है। वह दक्षिण अफ़्रीका की यात्रा करेंगे। अगर वह इस सीरीज़ में एक मैच को छोड़ देते हैं, तो कृपया इसे स्वीकार करें। वह खेलना चाहते हैं। यह सबसे महत्वपूर्ण बात है।

स्थिति पिछले महीने के अंत में पैदा हुई जब नज़मुल ने अफ़ग़ानिस्तान के ख़िलाफ़ बांग्लादेश के तीसरे वनडे मैच के बाद कहा कि उन्होंने शाकिब को टेस्ट और वनडे दोनों खेलने के लिए दक्षिण अफ़्रीका का दौरा करने का निर्देश दिया था। यह तब हुआ जब शाकिब ने बीसीबी को सूचित किया कि वह इस साल छह महीने के लिए टेस्ट छोड़ना चाहते हैं। 28 फरवरी को नज़मुल के बयान के बाद चयनकर्ताओं ने दक्षिण अफ़्रीका के लिए वनडे और टेस्ट दोनों टीमों में शाकिब का नाम लिया।

शाकिब ने बाद में कहा कि वह मानसिक और शारीरिक रूप से थके हुए थे और दक्षिण अफ़्रीका का दौरा करने की स्थिति में नहीं थे। उन्होंने मीडिया को बताया कि उन्होंने बीसीबी की क्रिकेट संचालन समिति के अध्यक्ष जलाल यूनुस को अपने फ़ैसले से अवगत करा दिया है। उसके बाद नज़मुल, साथ ही बांग्लादेश पुरुष टीम के निदेशक ख़ालिद महमूद ने बांग्लादेश टीम के लिए शाकिब की प्रतिबद्धता पर सवाल उठाते हुए जवाब दिया और गुरुवार को यूनुस ने घोषणा की कि शाकिब को 30 अप्रैल तक आराम दिया गया है, जिसका मतलब है कि वह दक्षिण अफ़्रीका के दौरे को पूरी तरह से मिस करेंगे। साथ ही ढाका प्रीमियर लीग।

## बोनर, होल्डर ने हारते हुए मैच को ड्रा कराया

नार्थ साउंड। ऑलराउंडरों नक्रमाह बोनर (38) और जेसन होल्डर (37) की अर्धशतकीय साझेदारी की बदौलत वेस्ट इंडीज यहां इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के पांचवें दिन शनिवार को दूसरी पारी में 70.1 ओवर में चार विकेट पर 147 रन बना कर मैच ड्रा कराने में सफल रहा।

64 रन पर चार विकेट खोने के बाद मैच पूरी तरह से वेस्ट इंडीज के नियंत्रण से बाहर था और इंग्लैंड की जीत पक्की लग रही थी, लेकिन बोनर और होल्डर दोनों दीवार की तरह क्रीज पर खड़े रहे और दोनों छोर से कोई विकेट न खो कर हारता हुआ मैच ड्रा करा दिया।

इंग्लैंड के कल के एक विकेट पर 217 रन के स्कोर के साथ आज आखिरी दिन का खेल शुरू हुआ। जैक क्रॉली (121) और कप्तान जो रूट (109) के के शानदार शतकों की बदौलत इंग्लैंड ने 88.2 ओवर में छह विकेट पर 349 रन पर पारी घोषित की और वेस्ट इंडीज को 285 रन का लक्ष्य दिया।

वेस्ट इंडीज इस लक्ष्य का पीछा करते हुए लड़खड़ा गया और शुरुआत में ही लगातार विकेट खो दिए।

लेफ्ट आर्म स्पिनर जैक लीच और बेन स्टोक्स ने घातक गेंदबाजी करते हुए 67 के स्कोर पर शीर्ष क्रम के चारों बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिया, हालांकि फिर नक्रमाह बोनर और जेसन होल्डर अंगद की तरह क्रीज पर जम गए और अंत तक इंग्लैंड के गेंदबाजों को कोई विकेट नहीं दिया। परिणास्वरूप मैच ड्रा हो गया। बोनर ने आठ चौकों की मदद से 108 गेंदों पर 38, जबकि होल्डर ने तीन चौकों के सहारे 101 गेंदों पर 37 रन बनाए।

बोनर को पहली पारी में शतकीय पारी और दूसरी पारी में महत्वपूर्ण 38 रन बनाने के चलते 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

### राष्ट्रीय शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहते हैं नए फुटबॉल खिलाड़ी

**नयी दिल्ली।** बहरीन और बेलारूस के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों के लिए भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम का पुणे में तैयारी शिविर शुरू हो गया है, जिसमें बुलाए गए नए खिलाड़ियों ने कहा कि वे इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाना चाहते हैं। शिविर में अब तक कुल 15 खिलाड़ियों ने प्रवेश किया है, जबकि टीम के अन्य सदस्य इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में अपने-अपने क्लब की प्रतिबद्धताओं के समाप्त होने के बाद शिविर में जुड़ेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत को 23 मार्च को बहरीन और फिर 26 मार्च को बेलारूस के खिलाफ मैत्री मैच खेलना है। आईएसएल में चार गोल करने वाले मिडफील्डर वीपी सुहैर ने इस बारे में कहा कि शिविर के लिए बुलाए जाना उनके लिए बहुत मायने रखता है। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए ही नहीं, बल्कि मेरे पूरे परिवार के लिए एक सपने के सच होने जैसा है। मैंने अपना पिछला प्रतिस्पर्धी मैच खेलने के बाद से प्रशिक्षण बंद नहीं किया है और मैं एक सख्त डाइट (आहार) पर हूं।

## धोनी और मेरा कप्तानी का स्टाइल एक जैसा : डू प्लेसिस



नयी दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के नवनियुक्त कप्तान फाफ डू प्लेसिस ने कहा है कि उनकी और महेंद्र सिंह धोनी का कप्तानी करने का स्टाइल एक जैसा है, क्योंकि वे दोनों बहुत शांत स्वभाव के हैं।

डू प्लेसिस ने रविवार को आरसीबी को दिए इंटरव्यू में कहा, मैं बहुत खुशकिस्मत हूं कि मैं क्रिकेट के अपने सफर में कुछ शानदार लीडर्स के आसपास रहा हूं। मैं ग्रीम स्मिथ के साथ बड़ा हुआ, जो दक्षिण अफ्रीका के अब तक के सर्वश्रेष्ठ लीडर हैं। फिर एमएस धोनी और स्टीफन फ्लेमिंग दो शानदार लीडर्स के साथ 10 साल बिताए। मुझे लगता है कि एमएस और मेरी शैली में समानता है, क्योंकि हम दोनों बहुत ही सहज स्वभाव के हैं।

उल्लेखनीय है कि दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी डू प्लेसिस को 2011 की आईपीएल नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने खरीदा था, लेकिन उन्होंने 2012 में लीग में अपना पहला मैच खेला। तब से वह धोनी के नेतृत्व वाली सीएसके का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहे। उन्होंने 2016 और 2017 में सीएसके के निलंबन के चलते रिप्लेसमेंट के तौर पर आई राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स फ्रेंचाइजी का भी प्रतिनिधित्व किया और 2018 में वापसी के बाद वह 2021 तक सीएसके के लिए खेले। 2022 की मेगा नीलामी में हालांकि आरसीबी ने उनकी ओर रुख किया और सीएसके से मुश्किल बोली जीतने के बाद सात करोड़ रुपये में डू प्लेसिस को खरीदा।

डू प्लेसिस ने धोनी के उन पर प्रभाव के बारे में कहा, एमएस धोनी एक शानदार लीडर हैं और उन्हें खिताब जीतने के लिहाज से दुनिया के किसी भी अन्य कप्तान की तुलना में सबसे अधिक सफलता मिली है। उस यात्रा का हिस्सा बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात रही है। दक्षिण अफ्रीका में मेरी संस्कृति के कारण एमएस उससे पूरी तरह से विपरीत थे, जो मैंने सोचा था। मैं इस माहौल में यह सोच कर आया था कि यह इंसान बिल्कुल अलग है। उन्होंने मुझे यह सिखाया कि अलग-अलग शैलियां हो सकती हैं, लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि आपकी एक अपनी शैली हो।

# श्रीनगर में साप्ताहिक रविवार बाजार बंद

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में परंपरागत तौर पर रविवार को लगने वाला बाजार 'संडे मार्केट' आज बंद रहा और यहां सन्नाटा पसरा रहा।

साप्ताहिक रविवार बाजार बंद होने को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। इसके बावजूद दुकानें बंद रही और कोई खरीददारी नहीं होने से बाजार में वीराना छाया रहा।

हर हफ्ते रविवार को डलगेट के पास टूरिस्ट रिसेप्शन सेंटर से लेकर हरि सिंह हाई स्ट्रीट तक हजारों की संख्या में विक्रेता दैनिक उपयोग में लाई जाने वाली चीजों की बिक्री करते हैं। इस दिन पूरी कश्मीर घाटी से बड़ी संख्या में खरीदार सुबह से यहां जुटने लगते हैं और अपनी पसंद के हिसाब से चीजों की खरीदारी करते हैं।

गौरतलग है कि पिछले रविवार चार मार्च को व्यस्ततम अमीरा कदल रोड के पास आतंकवादियों ने एक हथगोला फेंका था, जिसमें एक पुलिसकर्मी सहित 38 लोग घायल हो गए थे। घायलों को श्री महाराजा हरि सिंह (एसएमएचएस) अस्पताल ले जाया गया, जहां गंभीर रूप से घायल दो लोगों ने अपना दम तोड़ दिया जिनमें एक 20 साल की लड़की भी शामिल थी। इसके बाद पुलिस ने नौ मार्च को ग्रेनेड हमले की घटना के संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार किया था।

श्रीनगर के एसएसपी राकेश बलवाल ने कहा था कि सीसीटीवी फुटेज और हाई-टेक तरीके की मदद से अमीरा कदल आतंकवादी हमले के मामले को सुलझाने में पुलिस को मदद मिली है। इस घटना के मद्देनजर आने वाले समय में सुरक्षा का ध्यान रखते हुए एसएसपी ने श्रीनगर के व्यापारिक प्रतिष्ठानों से जल्द से जल्द अपनी दुकानों के बाहर और अंदर सीसीटीवी कैमरे लगाने का आग्रह किया था। श्री बलवाल ने यह भी कहा था कि पुलिस ने बिना पंजीकरण संख्या वाली एक बाइक भी जब्त की है, जिसका इस्तेमाल ग्रेनेड फेंकने में किया गया था।

### ऑस्ट्रेलिया में बाढ़ रोकने के लिए अधिक बांधों की जरूरत : पीएम

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने रविवार को देश की बाढ़ प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देने के लिए अधिक बांधों के निर्माण किए जाने का आह्वान किया है। मॉरिसन ने कहा कि बाढ़ आने में जलवायु परिवर्तन की भूमिका अहम है। उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलिया के उत्तर-पूर्वी हिस्से में भीषण बाढ़ की वजह से तबाही मची हुई है। उन्होंने भविष्य में बाढ़ और आग लगने की समस्याओं से निपटने के लिए ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन कम करने पर ध्यान केंद्रित करने के अलावा और भी अधिक कुछ किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। यहां क्वीन्सलैंड और न्यू साउथ वेल्स में फरवरी में भारी बारिश की वजह से आयी भीषण बाढ़ से हालात बिगड़ गए हैं। बाढ़ के कारण कम से कम 20 लोगों की मौत हो चुकी है और कई इमारतें ध्वस्त हो चुकी हैं। मॉरिसन ने नाइन नेटवर्क टेलीविजन को दिए अपने साक्षात्कार में बताया कि जलवायु परिवर्तन से निपटने का मतलब सिर्फ ग्रीन हाऊस गैस के उत्सर्जन को कम करना ही नहीं है, बल्कि आपदाओं के प्रभाव के कम करने के लिए लचीलापन लाने और नई चीजों को अपनाने की भी जरूरत है। उन्होंने कहा, अगर आप जंगल में आग लगने की समस्या से निपटना चाहते हैं, तो ईंधन भार प्रबंधन पर जोर देना होगा। अगर बाढ़ की समस्या से निपटना है।

## चेरनोबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र की मरम्मद की जा रही है : आईएईए

कीव। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने कहा है कि यूक्रेन के नियामक के अनुसार चेरनोबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र (एनपीपी) में क्षतिग्रस्त बिजली लाइनों की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है।

आईएईए ने शनिवार को एक बयान जारी कर कहा, चेरनोबिल एनपीपी की स्थिति के बारे में यूक्रेनी नियामक ने बताया है कि क्षतिग्रस्त बिजली लाइनों की मरम्मत के प्रयास किये जा रहे हैं, लेकिन बाहरी बिजली की आपूर्ति 09 मार्च से बंद है।

डीजल जनरेटर सहित सुरक्षा के लिए प्रासंगिक सिस्टम को बैक-अप पावर प्रदान कर रहे हैं, जिनमें 1986 की दुर्घटना वाले स्थल पर ईंधन भंडारण की सुविधा और 11 मार्च को अतिरिक्त ईंधन की आपूर्ति की गई। आईएईए के अनुसार रूस के रोसाटॉम के महानिदेशक एलेक्सी लिकचेव ने शनिवार को फोन कर आईएईए के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी को बताया कि चेरनोबिल एनपीपी की बिजली आपूर्ति के लिए बेलारूस से बिजली लाइनों को बढ़ाया जा सकता है।

रूस ने आईएईए को सूचित किया है कि चेरनोबिल के साथ ही जपोरिजिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र (एनपीपी) का प्रबंधन और संचालन यूक्रेनी कर्मियों द्वारा किया जा रहा है, लेकिन रूसी विशेषज्ञों का एक समूह भी सहायता प्रदान कर रहा है।

## चीन में कोरोना के रिकॉर्ड 3,393 एकदिवसीय मामले

बीजिंग। चीन में रविवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 3,393 नये मामले दर्ज किये गए हैं, जो पिछले दो वर्ष में सबसे अधिक एकदिवसीय मामले हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने इसकी जानकारी दी है। यहां शनिवार को दर्ज हुए मामलों के मुकाबले नये मामलों की संख्या दोगुने से अधिक है।

कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए प्रशासन ने शंघाई शहर में स्कूल बंद करा दिए हैं। इसके अलावा उत्तर-पूर्वी हिस्से के कुछ शहरों में पूर्ण रूप से लॉकडाउन का भी ऐलान किया गया है। यहां इस वक्त अधिकतम 19 ऐसे प्रांत हैं, जहां कोरोना के नये स्वरूप ओमिक्रॉन और डेल्टा का कहर बरपा हुआ है।

संबंधित अधिकारियों ने रविवार को बताया कि जिलिन शहर में आंशिक रूप से लॉकडाउन घोषित किये जाने के साथ ही आस-पड़ोस के सैकड़ों इलाके पूरी तरह से सील कर दिए गए हैं।

आज से दो साल पहले चीन में ही सबसे पहले कोरोना संक्रमण के होने का पता चला था, हालांकि इसके बाद यहां %जीरो-कोविड% नीति का पालन किया गया, जिसके मद्देनजर यातायात प्रतिबंध, लॉकडाउन की घोषणा और टेस्टिंग में वृद्धि करना जैसे उपाय शामिल किए गए थे।

मामलों की संख्या में हुई हालिया बढ़ोतरी के बारे में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इसके लिए मुख्य रूप से बेहद संक्रामक ओमिक्रॉन वेरिएंट और लक्षणविहीन मरीज जिम्मेदार हैं, जिससे शुरुआती चरणों में ओमिक्रॉन के फैलने का पता सही से नहीं लग पाया।

नब्बे लाख की आबादी वाले चीन के चांगचून शहर में शुक्रवार से लॉकडाउन लागू कर दिया है।

### रूसी आक्रमण से पूरे यूरोप में लोकतंत्र और सुरक्षा को खतरा : हैरिस

वाशिंगटन। अमेरिका की उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा है कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण से न केवल यूक्रेन बल्कि पूरे यूरोप के लोकतंत्र और सुरक्षा को खतरा है। सीएनएन ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि सुश्री हैरिस ने अमेरिका और उसके नाटो एवं यूरोपीय सहयोगियों के बीच एकता पर प्रकाश डाला तथा साथ ही चेतावनी दी कि यूक्रेन पर रूस का अकारण आक्रमण सभी लोकतंत्रों के लिए खतरा है। सीएनएन ने शनिवार को वाशिंगटन डीसी में डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी की शीतकालीन बैठक में सुश्री हैरिस के हवाले से कहा, रूस के आक्रमण से न केवल यूक्रेन के लोकतंत्र को खतरा है, बल्कि यह पूरे यूरोप में लोकतंत्र और सुरक्षा के लिए खतरा है।

### यूक्रेन में एक और मेयर का अपहरण

कीव। यूक्रेन ने रविवार को रूस पर निप्रोरुडने के मेयर येवेन माटेयेव का अपहरण करने का आरोप लगाया। यूक्रेन में मेलिटोपोल के मेयर के कथित अपहरण के बाद इस तरह की यह दूसरी घटना है। यूक्रेनी विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने कहा कि रूस ने एक और मेयर का अपहरण कर लिया है। श्री कुलेबा ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडिल पर लिखा, आज रूसी युद्ध अपराधियों ने लोकतांत्रिक रूप से चुने गए एक और यूक्रेनी मेयर, निप्रोरुडने के प्रमुख येवेन माटेयेव का अपहरण कर लिया। उन्होंने वैश्विक संगठनों से यूक्रेन के खिलाफ रूसी आक्रमण को रोकने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा, जब कहीं से कोई समर्थन नहीं प्राप्त होता है, तब आक्रमणकारी आतंक में तब्दील हो जाते हैं। मैं सभी देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से यूक्रेन और लोकतंत्र के खिलाफ रूसी आतंकवाद को रोकने का आह्वान करता हूं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले शुक्रवार को मेलिटोपोल के मेयर इवान फेडोरोव का भी कथित तौर पर अपहरण कर लिया गया था।

### यूक्रेन की सेना को घेरने की कोशिश कर रहा रूस

लंदन। ब्रिटेन ने रविवार को कहा कि रूसी सेना यूक्रेन के पूर्व में यूक्रेनी सेना को घेरने की कोशिश कर रही है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक कॉर्पोरेट समाचार चैनल ने ट्वीट्स की एक श्रृंखला में कहा, रूसी सेना देश के पूर्व में यूक्रेनी सेना को घेरने का प्रयास कर रही है। वे उत्तर में खार्किव और दक्षिण में मारियुपोल की दिशा से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, क्रीमिया से आगे बढ़ने वाली रूसी सेनाएं मायकोलाइव को दरकिनार करने का प्रयास कर रही हैं क्योंकि वे ओडेसा की ओर पश्चिम की ओर आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा, रूस प्रत्येक अग्रिम के लिए एक उच्च कीमत चुका रहा है क्योंकि यूक्रेनी सशस्त्र बल देश भर में कट्टर प्रतिरोध की पेशकश करना जारी रख रहा है।

### यूक्रेन संकट रूसोफोबिया का सुविधाजनक बहाना है : पाउलो कोएल्हो

**जेनेवा।** ब्राजील के जाने वाले लेखक एवं गीतकार पाउलो कोएल्हो ने रूस और यूक्रेन के बीच जारी विवाद को दुनिया के लिए रूसोफोबिया (रूस को नापंसद करने) का एक सुविधाजनक बहाना बताया है। प्रख्यात उपन्यास 'द अल्केमिस्ट' के लेखक ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर 11 मार्च को पोस्ट किये संदेश में कहा, यूक्रेन का संकट रूसोफोबिया का एक सुविधाजनक बहाना है। बीबीसी के अनुसार कोएल्हो को रूसी हमले के प्रभाव और पीड़ितों तथा रूसी सेना के कारण यूक्रेन में हुए विनाश से जुड़ी फोटो पोस्ट करने के लिए सोशल मीडिया यूर्जर्स की विश्वव्यापी आलोचना का शिकार होना पड़ा था। इन आलोचनाओं के जवाब में कोएल्हो ने एक अन्य पोस्ट में कहा, मैंने कई यूक्रेनी शहरों को देखा है। मैं लवीव, कीव, याल्ता, चेर्नोबिल, ओडेसा जैसे शहरों में दस हजार किलोमीटर से अधिक की यात्रा ट्रेन से की है। मॉस्को से लेकर वलादिवोस्टक तक पूरा इलाका युद्धग्रस्त है लेकिन इसके लिए आम लोगों को जिम्मेदार मत ठहराइये।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं, ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11, ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# दिशा पाटनी ने शेयर किया वर्कआउट वीडियो

एजेंसी




मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी ने सोशल मीडिया पर अपने वर्कआउट का वीडियो शेयर किया है। दिशा पाटनी अपने फिटनेस के लिए काफी मशहूर है। वह एक्सरसाइज को लेकर वह काफी सीरियस हैं और टफ रूटीन फॉलो करती हैं। वह अपने वर्कआउट का वीडियो अक्सर सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। दिशा पाटनी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने किक बॉक्सिंग सेशन का एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में दिशा इंटेंस वर्क आउट करती नजर आ रही हैं।सेशन के दौरान दिशा व्हाइट टी-शर्ट और ब्लैक शॉर्ट्स पहने स्पोर्टी लुक में दिखाई दे रही हैं। वीडियो में दिशा के ट्रेनर ब्लू कलर का बॉक्सिंग बैग पकड़े हुए नजर आ रहे हैं, जिस पर हिट करने के लिए दिशा फुर्ती के साथ दौड़कर आती हैं और उछलकर किक करती हैं। बॉक्सिंग बैग पर दिशा तीन बार पैर से मारती हैं और जमीन पर मजबूती के साथ वापसी करती हुई दिखाई देती हैं। दिशा ने वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, ट्रिपल किक।

दिशा के इस वीडियो पर टाइगर श्रॉफ ने कमेंट किया।उन्होंने दिशा के इस एक्शन मोड को एप्रिशिएट किया और कमेंट करते हुए लिखा, क्लीन एएफ...और फायर इमोजी भी बनाई।

# जरूरत मंद बच्चों की मदद के लिए आगे आईं अमायरा दस्तूर


एजेंसी



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री अमायरा दस्तूर ने जरूरतमंद बच्चों की मदद की है। अमायरा दस्तूर एक ऐसे संगठन से जुड़ी हैं जो जरूरतमंद बच्चों की मदद करता है। उन्होंने शिक्षा सेवा फाउंडेशन के बच्चों को स्कूल बैग, स्टेशनरी और कपड़े डोनेट किए जो इन बच्चों की एजुकेशन की जरूरतों में मददगार होगा। अमायरा दस्तूर ने कहा, यह दूसरी बार है जब मैं शिक्षा सेवा फाउंडेशन के साथ जुड़ी हूं। बढ़ती उम्र के साथ शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण उपकरणों में से एक है। कोविड के कारण, बहुत से बच्चों ने या तो स्कूल छोड़ा या सुविधाओं की कमी या फाइनेंशियल प्रोब्लम के कारण अपनी शिक्षा बंद कर दी है। यह इन बच्चों को एक बार फिर से स्कूल के बारे में उत्साहित करने का एक छोटा सा तरीका है और उम्मीद करती हूं कि उन्हें अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करेगा। यदि कोई कुछ सीखने के लिए उत्सुक है तो उसे अपनी फाइनेंशियल प्रोब्लम के कारण रुकना नहीं चाहिए।

# पुलकित सम्राट ने फुकरे 3 की शूटिंग शुरू की

एजेंसी



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता पुलकित सम्राट ने अपनी आने वाली फिल्म फुकरे 3 की शूटिंग शुरू कर दी है।

पुलकित सम्राट स्टारर फुकरे 3 की शूटिंग शुरू हो गई है। इस बात की जानकारी पुलकित सम्राट ने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर दी है। उन्होंने लिखा की फुकरे 3 आपकी सेवा में।


गौरतलब है कि फिल्म फुकरे 3 को मृगदीप सिंह लांबा निर्देशित कर रहे हैं। इसमें पुलकित के अलावा ऋचा चड्ढा, पकंज त्रिपाठी, वरुण शर्मा भी नजर आएंगे।

# अमिताभ-अजय की फिल्म रन-वे 34 का मोशन पोस्टर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन और सिंघम स्टार अजय देवगन की आने वाली फिल्म रन-वे 34 का मोशन पोस्टर रिलीज कर दिया गया है।

अमिताभ बच्चन और अजय देवगन इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म रन-वे 34 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस थ्रिलर फिल्म में अजय देवगन पायलट के किरदार में नजर आने वाले हैं। फिल्म निर्माता ने फिल्म के दो मोशन पोस्टर रिलीज किए हैं, जिसमें अजय देवगन और अमिताभ बच्चन अपने-अपने किरदारों के साथ शानदार डॉयलॉग्स बोल रहे हैं। पहले मोशन पोस्टर को अजय देवगन ने अपने इंस्टाग्राम पर साझा किया है।इस मोशन पोस्टर में अजय वॉयस-ओवर में कहते हैं, हर हादसे के दो पहलू होते हैं। क्या हुआ और कैसे हुआ, इस क्या हुआ और कैसे हुआ के बीच में जो दयार है सच वहीं छुपा हुआ है। इस पोस्टर को इंस्टाग्राम पर शेयर कर उन्होंने लिखा, ब्रेस फॉर इंपैक्ट साथ ही उन्होंने फिल्म की रिलीज डेट के बारे भी जानकारी दी है। यह फिल्म 29 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं, दूसरे मोशन पोस्टर में अमिताभ बच्चन पायलट पर यात्रियों की सुरक्षा को खतरे में डालने को लेकर सवाल कर रहे हैं। मोशन पोस्टर में अमिताभ कहते हैं कि, अगर, मगर, लेकिन, शायद आपने 150 यात्रियों की सलामती इन चार शब्दों पर छोड़ दी।

गौरतलब है कि रन-वे 34 इमोशनल और हाई ओक्टेन थ्रिलर फिल्म है। यह फिल्म साल 2015 में दोहा से कोच्चि रहे विमान में हुई घटना पर आधारित है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और अजय देवगन के अलावा रकुल प्रीत सिंह और बोमन ईरानी भी अहम भूमिका में नजर आने वाले हैं।




# विकलांगता पेंशन योजना क्या है और क्या हैं इसके फायदे ?

जे. पी. शुक्ला

राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (, जो 15 अगस्त, 1995 से लागू हुआ था, संविधान के अनुच्छेद 41 में निदेशक सिद्धांतों की पूर्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है।



## इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांगता पेंशन योजना क्या है?

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांगता पेंशन योजना फरवरी 2009 को ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा केंद्र सरकार की अध्यक्षता में हमारे देश में विकलांग लोगों की सहायता के लिए शुरू की गई थी। राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत शुरू की गई यह योजना विकलांग लोगों को उनके जीवन की समृद्धि के लिए मासिक पेंशन प्रदान करती है।

राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, जो 15 अगस्त, 1995 से लागू हुआ था, संविधान के अनुच्छेद 41 में निदेशक सिद्धांतों की पूर्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है। इ्स्क में वर्तमान में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना , इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना , इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांगता पेंशन योजना और राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना शामिल हैं।

कोई भी विकलांग व्यक्ति जिसकी आयु 18 वर्ष से अधिक है और 40त्न विकलांगता के साथ गरीबी रेखा से संबंधित है, इस योजना के लिए आवेदन कर सकता है। 79 वर्ष की आयु तक के लोगों के लिए 300 रुपये और 79 साल से ऊपर के लोगों के लिए 500 रुपये की राशि का पेंशन के रूप में भुगतान किया जाता है। गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) रहने वाले विकलांग लोग यह मासिक पेंशन पाने के पात्र हो सकते हैं।

## योजना के लाभ

- लोगों को केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक सहायता दी जाएगी।
- सरकार द्वारा प्रदान की गई धनराशि से लोग अपनी विकलांगता के बावजूद अपने दम पर जीवन यापन कर सकते हैं।
- 300 रुपये की राशि का भुगतान उन लोगों को दिया जाता है जिनकी आयु 18-79 वर्ष के बीच होती है, जबकि 500 रुपये की राशि 79 वर्ष से ऊपर के लोगों के लिए प्रदान की जाती है।

## योजना के लिए पात्रता

## विकलांग व्यक्ति के लिए लाभ प्राप्त करने के लिए पात्रता मानदंड इस प्रकार हैं:

- आवेदक की आयु 18-79 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
- आवेदक भारत का निवासी होना चाहिए।
- आवेदक शारीरिक या मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति होना चाहिए।
- आवेदक की विकलांगता 40त्न से अधिक होनी चाहिए।
- बौने भी इस योजना के पात्र हैं।
- आवेदक गरीबी रेखा से नीचे का होना चाहिए।

## आवेदन कैसे करें?

आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदक को स्थानीय सरकारी निकायों जैसे ग्राम पंचायत, नगर पालिकाओं के ऑफिस जाना होगा। फॉर्म को विधिवत रूप से भरने के बाद उसे उसी कार्यालय में जमा करना होगा। आवेदन पत्र नि:शुल्क प्राप्त किया जाता है।

## इसके लिए प्रक्रिया इस प्रकार होती है

- निर्धारित आवेदन प्रारूप में पेंशन के लिए आवेदन संबंधित ग्राम पंचायत/नगर पालिका/निगम सचिव के पास जमा करें।
- आवेदन जमा करने के 45 दिनों के भीतर पूछताछ की जानी चाहिए।
- लाभार्थी सूची के सन्दर्भ में कोई भी अपील 30 दिनों के भीतर संबंधित जिला कलेक्टर को प्रस्तुत की जानी चाहिए और सरकार अपील के खिलाफ सही निर्णय ले सकती है।
- स्वीकृत होने के बाद पेंशनभोगी अगले महीने के पहले सप्ताह से निधि की उपलब्धता के आधार पर पेंशन पाने का पात्र हो जायेगा।
- अंत में सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित पेंशन राशि लाभार्थी पात्र को भेजी जाएगी।

## आवश्यक दस्तावेज़

इस योजना के लिए आवेदन करने के लिए आवेदक के पास निम्नलिखित दस्तावेज होने चाहिए

- आधार कार्ड
- विकलांगता प्रमाण पत्र
- आवेदक का निवास प्रमाण पत्र
- आयु प्रमाण पत्र
- 2 फोटोग्राफ्स
- गरीबी रेखा के नीचे वाला राशन कार्ड
- मोबाइल नंबर
- बैंक पास बुक
- बीपीएल कार्ड

उपरोक्त सभी दस्तावेज ग्रामीण क्षेत्र की ग्राम पंचायत/ जनपद पंचायत एवं शहरी क्षेत्र की नगर पालिका/नगर परिषद में पात्रता अनुसार जमा किया जा सकता है।

# पेट दर्द से ना हों परेशान, बस अपनाएं यह उपाय

मिताली जैन

**अगर गैस्ट्रिक समस्याओं के कारण आपको पेट में दर्द हो रहा है तो ऐसे में जायफल का तेल कारगर हो सकता है। आप इसे चीनी के साथ मिक्स करके सेवन कर सकते हैं। जब आप ऐसा करते हैं तो इससे व्यक्ति को ऐंठन से भी राहत मिलती है।**



पेट में दर्द की समस्या बेहद ही आम है। हम सभी ने कभी ना कभी इस दर्द का अहसास किया है। यूं तो पेट दर्द के लिए अपच से गैस्ट्रिक असंतुलन तक कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। आमतौर पर, पेट में दर्द होने पर लोग दवाइयों का सेवन करते हैं, लेकिन अगर आप कुछ घरेलू उपायों को अपनाकर इससे निजात पा सकते हैं। चूंकि, पेट दर्द का प्रमुख कारण पाचन समस्याओं से संबंधित हैं और इसलिए इसे ठीक करने में घरेलू उपाय बहुत ही काम आते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे आसान उपायों के बारे में बता रहे हैं, जो पेट में दर्द से बहुत अधिक राहत दिला सकते हैं-

## जायफल का तेल

अगर गैस्ट्रिक समस्याओं के कारण आपको पेट में दर्द हो रहा है तो ऐसे में जायफल का तेल कारगर हो सकता है। आप इसे चीनी के साथ मिक्स करके सेवन कर सकते हैं। जब आप ऐसा करते हैं तो इससे व्यक्ति को ऐंठन से भी राहत मिलती है।

## गुड़

यह एक ऐसा उपाय है जो व्यक्ति को पेट की समस्या ही नहीं होने देता है। खासतौर से, आयुर्वेद में गैस्ट्रिक समस्याओं को ठीक करने के लिए हर भोजन के बाद गुड़ का सेवन करने का सुझाव देता है।

अगर आप भी हर बार भोजन के बाद इसका सेवन करते हैं तो आपको पेट की परेशानियां नहीं होगी। साथ ही साथ, इससे पेट दर्द से भी राहत मिलती है।

## लौंग और गर्म पानी का घोल

यह एक आसान तरीका है, जिसे अपनाने पर तुरंत पेट दर्द से कुछ हद तक राहत मिल सकती है। आपको बस इतना करना है कि आप 8-10 लौंग को पानी में उबाल लें। अब इस पानी को छान लें और इसके हल्का ठंडा होने पर इसका सेवन करें। हालांकि, ध्यान रखें कि पानी पूरी तरह से ठंडा नहीं करना है, इसे गर्म ही पीएं।

## अदरक और नींबू का करें सेवन

अदरक के अर्क के साथ नींबू के रस को मिलाकर भी दिया जा सकता है। यह एक ऐसा मिश्रण है, जो पेट से जुड़ी परेशानियों को ठीक करने में मदद करता है। जिससे आपको तुरंत पेट दर्द से आराम मिलता है।

# वसीयत का महत्व और इसे बनाते समय ध्यान में रखने वाली महत्वपूर्ण बातें

जे. पी. शुक्ला

एक वसीयत आपके वित्तीय जीवन में बहुत महत्वपूर्ण रोल अदा करती है। यदि आपकी पारिवारिक संरचना विविध है और आप अपनी संपत्ति को परिवार के विभिन्न सदस्यों के लिए छोड़ना चाहते हैं तो आपको अपनी वसीयत आज ही तैयार कर लेनी चाहिए।

## वसीयत क्या होती है?

भारत में 21 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति वसीयत बना सकता है। आप इसे सादे कागज पर भी बना सकते हैं। स्टैंप पेपर पर वसीयत बनाना कानूनी रूप से जरूरी नहीं है। अपनी वसीयत को अपने हाथ से लिखने की सलाह दी जाती है, क्योंकि रिश्तेदारों द्वारा उठाए गए किसी भी संदेह के मामले में बाद में इसे सत्यापित किया जा सकता है।

ऐसा हो सकता है कि आप अपने परिवार के ढांचे और अपनी पसंद के अनुसार अपने धन को असमान रूप से विभाजित करना चाहते हैं या किसी करीबी दोस्त या वफादार नौकर के लिए प्रावधान करना चाहते हैं। यदि आप बिना वसीयत के मर जाते हैं तो यह संभव नहीं है।

वसीयत बनाना एक संवेदनशील विषय है। भारत में लोग वसीयत पर चर्चा करने में थोड़ा घबराते हैं। क्योंकि यदि कोई आप किसी को वसीयत बनाने के लिए कहते हैं तो व्यक्ति सोचता है कि परोक्ष रूप से आप उसे बता रहे हैं कि उसका अंत शायद निकट है या आप उसकी संपत्ति पर नजर गड़ाए हुए हैं। लेकिन ये सारे भ्रम तब दूर हो जाते हैं जब उन्हें वसीयत न करने के परिणाम के बारे में पता चलता है।

## भारत में वसीयत कैसे बनाई जाती है और इसका महत्व क्या है?

एक वसीयत आपके वित्तीय जीवन में बहुत महत्वपूर्ण रोल अदा करती है। यदि आपकी पारिवारिक संरचना विविध है और आप अपनी संपत्ति को परिवार के विभिन्न सदस्यों के लिए छोड़ना चाहते हैं तो आपको अपनी वसीयत आज ही तैयार कर लेनी चाहिए।

भगवान ना करे, यदि आप वसीयत तैयार किए बिना मर जाते हैं तो आपकी संपत्ति को हिंदू उत्तराधिकार कानून यानी सरकारी नियम के अनुसार, परिवार के सदस्यों के बीच धन कैसे विभाजित किया जाना चाहिए, के अनुसार वितरित किया जाएगा। एक आम ग़लतफ़हमी है कि सारी संपत्ति अपने आप पति या पत्नी को दे दी जाती है, क्योंकि बच्चे और कभी-कभी रिश्तेदार भी संपत्ति पर दावा कर सकते हैं।

एक और बात जिस पर आपको विचार करना चाहिए, वह है कि आपके आलस्य के कारण वसीयत न बनाने के कारण आपके परिवार के सदस्यों को हुई असुविधा। विवाद के मामले में आपके परिवार के सदस्यों को अपने संबंधों के बारे में सबूत पेश करना होगा और वकीलों के पास जाना होगा और पैसा और ऊर्जा दोनों ही खर्च करनी होगी।

## आप भारत में वसीयत कैसे बनाते हैं?

एक वसीयत में कई भाग होते हैं जो विधिवत रूप से मिलकर एक पूर्ण वसीयत बनाते हैं। हालांकि इसका कोई कानूनी या परिभाषित प्रारूप नहीं है, यह सिर्फ एक टेम्प्लेट है जो आमतौर पर युगों से उपयोग किया जाता रहा है। आइए वसीयत बनाते समय पूरे प्रारूप और कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं का अवलोकन करते हैं।

## चरण 1 : शुरुआत में घोषणा

पहले पैराग्राफ में आपको यह घोषित करना होगा कि आप यह वसीयत अपने पूरे होश में और किसी भी तरह के दबाव से मुक्त कर रहे हैं। वसीयत लिखते समय आपको अपना नाम, पता, उम्र आदि का उल्लेख करना होगा ताकि यह पुष्टि हो सके कि आप वास्तव में होश में हैं।

## चरण 2 : संपत्ति और दस्तावेजों का विवरण

अगला कदम वस्तुओं और उनके वर्तमान मूल्यों की सूची प्रदान करना है, जैसे घर, भूमि, बैंक सावधि जमा, डाक निवेश, म्यूचुअल फंड, आपके स्वामित्व वाले शेयर प्रमाण पत्र। आपको यह भी बताना होगा कि ये सभी दस्तावेज़ आपके द्वारा कहाँ रखे गए हैं।

## चरण 3 : स्वामित्व का विवरण

वसीयत में आपको यह उल्लेख करना चाहिए कि आपके जाने के बाद आपकी संपत्ति का स्वामित्व किसके पास होना चाहिए और किस अनुपात में होना चाहिए। यदि आप अपनी संपत्ति किसी अवयस्क को दे रहे हैं तो सुनिश्चित करें कि आप अपनी संपत्ति के संरक्षक की नियुक्ति तब तक करते हैं जब तक कि आपने जिस व्यक्ति को चुना है वह वयस्क हो जाता है।

## चरण 4 : वसीयत पर हस्ताक्षर करना

अंत में, एक बार जब आप अपनी वसीयत लिखना पूरा कर लेते हैं तो आपको कम से कम दो स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में वसीयत पर बहुत सावधानी से हस्ताक्षर करना होगा, जिन्हें आपके हस्ताक्षर के बाद यह प्रमाणित करना होगा कि आपने उनकी उपस्थिति में वसीयत पर हस्ताक्षर किए हैं। वसीयत के नीचे तारीख और स्थान का भी स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए।

सुनिश्चित करें कि आप और गवाह वसीयत के सभी पन्नों पर हस्ताक्षर करते हैं। गवाह चुनते समय एक महत्वपूर्ण बात यह है कि वे आपके मित्र, पड़ोसी या आपके सहयोगी होने चाहिए न कि वसीयत में प्रत्यक्ष लाभार्थी। वे केवल प्रमाणित करते हैं कि आपने स्वयं उनकी उपस्थिति में वसीयत पर हस्ताक्षर किए हैं।